सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.6 न्यू | 22.2 अधि |
| धर्मशाला | 17.4 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,742 |
| निफ्टी | 23,963 |
| सोना | 1,43,000 |
| चांदी | 2,27,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 | 26 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 192, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## कॉकरोच पार्टी फाउंडर दीपके ने पकड़े पुलिस के पैर

◆ जंतर-मंतर पर टेंट लगाने की इजाजत मांगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) 20 दिन से जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। फाउंडर अभिजीत दीपके ने वीरवार को पुलिसवालों के पैर पकड़े और हाथ जोड़े। वे टेंट लगाने की इजाजत मांग रहे थे, ताकि भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों को बारिश से बचाया जा सके। दीपके ने इस घटना का वीडियो शेयर किया।

उन्होंने लिखा-भूख हड़ताल पर बैठे स्टूडेंट्स बारिश में भीग रहे हैं। मैंने पुलिस अधिकारियों से जंतर-मंतर पर टेंट लगाने की परमिशन मांगी है। उन्होंने दूसरे वीडियो में पुलिस पर तिरपाल लाने की कोशिश कर रहे स्टूडेंट्स के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया। दीपके ने लिखा-महिला स्टूडेंट्स को पुरुष पुलिसवालों ने धक्का दिया। सीजेपी परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोपों और पेपर लीक के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रही है। इस प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका ने ईरान पर बरसाए बम

## जवाब में ईरान ने कतर, कुवैत और बहरीन के अमेरिकी ठिकानों पर किया हमला



**एजेंसी, तेहरान/वॉशिंगटन**

कुवैत में मौजूद अमेरिकी पैट्रियट मिसाइल सिस्टम, कतर में एक सैटेलाइट एंटीना आधारित वॉर्निंग सिस्टम और बहरीन में अमेरिकी फ्यूल स्टोरेज फैसिलिटीज को 'बड़ी संख्या में' हमलावर ड्रोन से निशाना बनाया गया। यह बयान ईरान के कई समाचार माध्यमों, जिनमें देश का सरकारी प्रसारक भी शामिल है, ने साझा किया है।

ईरानी सेना ने कहा कि उसने ये हमले अमेरिकी एयर स्ट्राइक के जवाब में किए गए। साथ ही ईरान ने माना है कि अमेरिकी हमलों में उसके तीन लोग मारे गए हैं। इससे पहले, बहरीन, कुवैत और कतर समेत कई खाड़ी देशों ने हमलों के बारे में अपने नागरिकों को अलर्ट किया है। वहीं, अमेरिकी सेना ने दावा किया था कि ईरान पर हमलों की लगातार दूसरी रात देशभर में लगभग 90 ठिकानों को निशाना बनाया। अमेरिकी सेंटकॉम ने हमलों के वीडियो एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इन हमलों का उद्देश्य होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल जहाजों और निर्दोष नाविकों पर हमला करने की ईरान की क्षमता को और कमजोर करना था।

निशाना बनाए गए ठिकानों में एयर डिफेंस सिस्टम, तटीय निगरानी उपकरण, मिसाइल और ड्रोन स्टोरेज, नौसैनिक क्षमताएं और ईरान के तटवर्ती इलाकों में सैन्य लॉजिस्टिक्स ढांचा शामिल थे। सेंट्रल कमांड ने कहा कि ये ताजा हमले ईरान में पिछली रात किए गए सफल आक्रामक हमलों के बाद किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका के हमले में 2 दिन में 14 लोगों की मौत

**ईरान** के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि पिछले दो दिनों में अमेरिकी हमलों में देश के पांच प्रांत प्रभावित हुए हैं। मंत्रालय के अनुसार इन हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हुई है, जबकि 78 अन्य घायल हुए हैं। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के दौरान पांच अलग-अलग प्रांतों में हमले किए गए। मंत्रालय के मुताबिक अब तक 14 लोगों के मारे जाने की पुष्टि और 78 लोग घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

### 170 जगह मिसाइल-ड्रोन दागे

**न्यूयॉर्क** टाइम्स के मुताबिक अमेरिका ने पिछले 2 दिनों में ईरान के 170 सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, हमलों में एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन और मिसाइल भंडार, सैन्य स्पीड बोट और होर्मुज स्ट्रेट के पास तटीय इलाकों में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। वहीं, जवाब में ईरान बताया कि उसने कतर, कुवैत और बहरीन में अमेरिका के सैनिक अड्डों पर ड्रोन हमले किए हैं। ईरानी सेना के मुताबिक, हमलों में कुवैत के पैट्रियट मिसाइल सिस्टम, कतर के अर्ली वॉर्निंग सैटेलाइट एंटीना और बहरीन में अमेरिकी सेना के फ्यूल टैंक को निशाना बनाया गया।

# हिमाचल में नई औद्योगिक नीति से निवेश और रोजगार को मिलेगी रफ्तार : सुक्खू

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने के उद्देश्य से नई औद्योगिक नीति लागू करने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नीति को अंतिम रूप दिया जा चुका है और जल्द ही इसे अधिसूचित किया जाएगा।

उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को मजबूत करने, निवेश प्रक्रियाओं को सरल बनाने और उद्योगों के लिए बेहतर माहौल तैयार करने पर केंद्रित होगी। उन्होंने कहा कि नीति को प्रभावी बनाने के लिए उद्योग जगत समेत सभी संबंधित पक्षों से सुझाव लिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम को और अधिक प्रभावी बना रही है, ताकि उद्यमियों को मंजूरियों के लिए अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत और कानूनी सुधार किए गए हैं।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

◆ 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पर फोकस, सिंगल विंडो सिस्टम होगा मजबूत

◆ बल्क ड्रग पार्क और यूनिटी मॉल में तेजी के निर्देश

बैठक में मुख्यमंत्री ने ऊना में निर्माणाधीन बल्क ड्रग पार्क और धर्मशाला के यूनिटी मॉल प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को दोनों परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 2071 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा बल्क ड्रग पार्क राज्य में बड़े निवेश को आकर्षित करेगा और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करवाएगा। परियोजना के तहत करीब 800 बीघा भूमि समतल की जा चुकी है और साइट डेवलपमेंट का कार्य जारी है।

सुक्खू ने अधिकारियों को कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और स्टीम जनरेशन सुविधा का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं, धर्मशाला में 66 करोड़ रुपए के यूनिटी मॉल प्रोजेक्ट की पहली किस्त जारी हो चुकी है और निर्माण संबंधी कार्य आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने 'एक जिला, तीन उत्पाद' योजना के तहत स्थानीय उत्पादों की पहचान कर उन्हें बाजार उपलब्ध करवाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।

# बांग्लादेश : मदरसे पर गिरी पहाड़ी सात छात्राओं समेत आठ की मौत

**एजेंसी, ढाका**



दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश में लगातार बारिश के बीच हुए भूस्खलन में एक मदरसे पर पहाड़ी का मलबा गिरने से सात छात्राओं और एक शिक्षक सहित आठ लोगों की मौत हो गई। हादसा उखिया स्थित रोहिंग्या कैंप-5 के लड़कियों के हिफ्ज मदरसे में हुआ, जहां घटना के समय करीब 40 छात्राएं मौजूद थीं।

दमकल विभाग, आर्म्ड पुलिस बटालियन और रोहिंग्या स्वयंसेवकों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाकर 13 लोगों को मलबे से निकाला। इनमें आठ की मौत हो गई, जबकि पांच घायल छात्राओं का अस्पताल में इलाज चल रहा है। करीब 30 छात्राओं को सुरक्षित बचा लिया गया। शरणार्थी राहत एवं प्रत्यावर्तन आयुक्त मोहम्मद मिजानुर रहमान ने बताया कि चार लोगों की मौत घटनास्थल पर और चार ने अस्पताल में दम तोड़ा। मृतकों में दो छात्राएं एक ही परिवार की थीं। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम खरीदेगा भारत

## मोदी-अल्बनीज वार्ता में रक्षा, ऊर्जा, स्पेस और क्रिटिकल मिनरल्स पर हुए समझौते

**एजेंसी, मेलबर्न**



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वीरवार को यूरेनियम आपूर्ति समझौते पर सहमति बन गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की बैठक के बाद दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, अंतरिक्ष और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर विकसित करेंगे। उन्होंने बताया कि कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल स्थापित किया जाएगा, जिससे भारत के गगनयान मिशन को मदद मिलेगी। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा कि 2015 के भारत-ऑस्ट्रेलिया परमाणु सहयोग समझौते के तहत भारत को यूरेनियम निर्यात की व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत वर्तमान में चार देशों से यूरेनियम खरीदता है, ऑस्ट्रेलिया इस सूची में पांचवां देश होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के संबंधों को क्रिकेट से जोड़ते हुए कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया साझेदारी टेस्ट मैच की तरह लंबी और मजबूत है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के फैसले तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और सहयोग के नए क्षेत्र खुल रहे हैं। दोनों देशों ने साइबर, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन के लिए 'पीएसीटीएस' साझेदारी शुरू करने पर भी सहमति जताई। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, साइबर सुरक्षा और डिजिटल तकनीक के क्षेत्रों में संयुक्त शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# राममंदिर चढ़ावा चोरी: आरोपियों के घर से मिले नोटों के बंडल

**एजेंसी, अयोध्या**

◆ रिश्तेदारों के 30 बैंक अकाउंट फ्रीज चंदे की रकम ब्याज पर बांटी

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आरोपी अनुकल्प मिश्रा को पुलिस वीरवार सुबह 9 बजे उसके घर लेकर गई। वहां करीब 20 मिनट तक तलाशी ली। घरवालों से भी पूछताछ की। इससे पहले, बुधवार को पुलिस लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडेय को भी उनके घरों पर लेकर गई थी। इनके भी घरों की तलाशी ली थी। पुलिस ने आरोपियों के रिश्तेदारों के 30 बैंक खाते फ्रीज किए हैं। इन खातों में आय की तुलना में अधिक लेन-देन मिलने की बात सामने आई है।

वहीं, तीनों के घरों की तलाशी के दौरान पुलिस ने नोटों के बंडल और सोने के जेवर (कान की बालियां, लॉकेट) बरामद किए। साथ ही एक कार भी मिली। हालांकि, पुलिस ने अभी इसका खुलासा नहीं किया कि कितना कैश और सामान किसके घर से बरामद हुआ है? पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अनुकल्प ने पूछताछ में बताया कि मैं और अविनाश शुक्ला चोरी के पैसों को शेयर मार्केट में लगाते थे। लोगों को ब्याज पर देते थे। पैसों को करीबियों और रिश्तेदारों को पैसे देते थे। फिर उनसे अपने खातों में पैसे ट्रांसफर करवाते थे। इधर, सपा प्रमुख अखिलेश ने लखनऊ में कहा कि हमारे धर्म में चढ़ावे की चोरी महापाप है। इन्होंने महापाप किया है। भाजपा में भगदड़ शुरू भी हो गई है। बहुत सारे लोग मुझसे अभी से संपर्क करने लगे हैं। एसआईटी सिर्फ लीपापोती कर रही है। सुनने में तो आया है कि स्ढ्ढ पर भी सवाल खड़े हो गए हैं, एक सदस्य पर 420 का मुकदमा है। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर में खूनी रंजिशें : दो साल में तीन जानलेवा हमले

अनंत ज्ञान

◆ क्या गैंगवार की तरफ बढ़ रहा है जिला?




**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** मंडी भराड़ी पुल के पास हुए कुल्हाड़ी हमले ने बिलासपुर में पिछले दो वर्षों से चल रही खूनी रंजिश को फिर सुर्खियों में ला दिया है। अदालत परिसर के बाहर गोलीबारी, पूर्व विधायक पर फायरिंग और अब एक अन्य व्यक्ति पर हमला यह संकेत दे रहे हैं कि विवाद सामान्य झगड़े से आगे बढ़कर गंभीर रूप ले चुका है।

**रंजिश की शुरुआत कहां से हुई ?:** पुलिस रिकॉर्ड और अब तक सामने आए तथ्यों के अनुसार बिलासपुर में चल रही खूनी रंजिश की शुरुआत फरवरी 2024 में हुई। मंडी भराड़ी क्षेत्र में रेल लाइन निर्माण कंपनी के कार्यालय में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर कथित हमला हुआ। इसके बाद 20 जून 2024 को जिला न्यायालय परिसर के बाहर गोलीबारी की घटना सामने आई। 14 मार्च 2025 को चंगर स्थित सरकारी आवास में बंबर ठाकुर पर दिनदहाड़े फायरिंग हुई, जिसमें वह और उनके पीएसओ घायल हुए। अब 8 जुलाई 2026 को लुधियाना निवासी सन्नी गिल पर मंडी भराड़ी पुल के पास कुल्हाड़ी से हमला हुआ। घटना के बाद सामने आए वीडियो में सन्नी गिल ने अपनी रंजिश सौरभ पटियाल उर्फ फांदी नहीं, बल्कि बंबर ठाकुर से बताई। पुलिस वीडियो समेत पूरे मामले की जांच कर रही है।

### क्यों चिंतित है आम जनता?

**तीनों** बड़ी घटनाओं की एक समानता है-ये सभी सार्वजनिक स्थानों पर हुईं। अदालत परिसर के बाहर गोली चली। सरकारी आवास में दिनदहाड़े फायरिंग हुई। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे कुल्हाड़ी से हमला हुआ। इन घटनाओं ने लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस खूनी रंजिश पर पूरी तरह अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में निर्दोष लोग भी इसकी चपेट में आ सकते हैं।

### क्या यह गैंगवार है?

**कानूनी** तौर पर पुलिस ने अभी तक किसी भी घटना को 'गैंगवार' घोषित नहीं किया है, लेकिन जिस तरह एक ही विवाद से जुड़े लोगों पर अलग-अलग समय में लगातार जानलेवा हमले हुए हैं, उससे यह आशंका जरूर पैदा हुई है कि बदले की कार्रवाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। जांच एजेंसियां पुराने मामलों की केस डायरी, कॉल डिटेल, डिजिटल साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और दोनों पक्षों के संपर्कों की पड़ताल कर रही हैं। पुलिस की कोशिश है कि किसी भी संभावित जवाबी हमले को पहले ही रोका जा सके।

### दो साल में चार बड़े हमले

- **फरवरी 2024:** पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर रेल निर्माण कंपनी के कार्यालय में कथित हमला। यहीं से विवाद की शुरुआत मानी जाती है।
- **20 जून 2024:** जिला न्यायालय परिसर के बाहर सौरभ पटियाल उर्फ फांदी पर गोलीबारी।
- **14 मार्च 2025:** होली के दिन पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के सरकारी आवास पर फायरिंग।
- **8 जुलाई 2026:** मंडी भराड़ी पुल के पास लुधियाना निवासी सन्नी गिल पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला।

## कर्नाटक में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

**एजेंसी, बेंगलुरु।** उत्तर कन्नड़ जिले के यल्लापुर तालुक स्थित अरबैल घाट के बलगार के पास गुरुवार तड़के क्रूजर वाहन और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, सभी यात्री धारवाड़ से धर्मस्थल और चिक्कमगलूर की यात्रा पर जा रहे थे। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों में बसवराज (48), अभिषेक ईश्वर (28), अक्षय (26), अभिषेक (26) और संजीव (संजय) अंगडी की पहचान हो चुकी है, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अमेरिका में भारतीय इंजीनियर ने की पत्नी की हत्या

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका में एक भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर को पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का आरोप है कि उसने पत्नी का गला घोंटकर हत्या की। अगले दिन उसके शव की फोटो भारत में रहने वाली गर्लफ्रेंड को भेजी। करीब 9 महीने तक चली जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। फिलहाल वह हिरासत में है। उसे जमानत के लिए 50 लाख डॉलर यानी करीब 47 करोड़ रुपए चुकाने होंगे।

दोषी साबित होने पर उसे उम्रकैद की सजा हो सकती है। आरोपी की पहचान 30 साल के अविनाश नार्ने के रूप में हुई है। वह तेलंगाना का रहने वाला है। वह अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। उसकी शादी 5 जून 2025 को 27 साल की राजिता सब्बिनेनी से हुई थी। (अनंत ज्ञान)

ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU
ADMISSION OPEN 2026-27
FACULTY OF AYURVEDA
● B.A.M.S.
● D. PHARMACY (AYURVEDA)
● DIPLOMA IN YOGA
SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
● DIPLOMA IN MULTIPURPOSE HEALTH WORKER (MPHW)
● BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY (B.P.T.)
● BACHELOR OF MEDICAL LABORATORY SCIENCE (BMLS)
● BACHELOR OF ANESTHESIA & OPERATION THEATRE TECHNOLOGY (BAOTT)
● BACHELOR OF MEDICAL RADIOLOGY AND IMAGING TECHNOLOGY (BMRIT)
FACULTY OF AGRICULTURE
● B.Sc. (Hons.) AGRICULTURE
● M.Sc. AGRICULTURE
➢ AGRONOMY
➢ HORTICULTURE (VEG. SCIENCES)
➢ GENETICS & PLANT BREADING
➢ ENTOMOLOGY
FACULTY OF VET. SCIENCES
● BACHELOR OF VETERINARY SCIENCE & ANIMAL HUSBANDRY (B.V.SC & AH)
COURSE DURATION: 5½ years
● TWO YEARS VETERINARY PHARMACIST TRAINING COURSE
FACULTY OF PHARMACY
● B. PHARMACY ● B. PHARMACY (LE)
● D. PHARMACY
● Pharm. D (6 Years-Doctor of Pharmacy)
● Pharm. D-PB ● Ph.D. in Pharmaceutical Science
● M. PHARMACY (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics)
FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
● B.TECH (CSE) ● M.TECH (CSE)
● BCA ● BBA ● MBA ● MBA (EXECUTIVE)
● MBA (PART TIME) ● Ph.D. MANAGEMENT
FACULTY OF EDU. HUMANITIES & BASIC SCIENCES
● DIPLOMA IN ART & CRAFTS (DRAWING MASTER)
● B.A. B.Ed. (ITEP-Middle), B.Sc. B.Ed. (ITEP-Middle)
● B.Sc. MED./ NON-MED. ● B.A.
● M.A. EDUCATION ● Ph.D. EDUCATION
SCHOLARSHIP available to SC/ST STUDENTS T & C Apply
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9459052533, 9816102238
9816242139, 9816400520, 9816700520
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: admissioncell@abhilashiuniversity.ac.in , regabhilashi@gmail.com

सम्मान

## एपीओ के 68वें उद्घाटन समारोह में देशभर की पांच विशिष्ट विभूतियों में रहीं शामिल

# राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के विशेष सम्मान से अलंकृत हुईं मंडी की अंशुल मल्होत्रा

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** हिमाचल प्रदेश की समृद्ध हथकरघा परंपरा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली मंडी की पारंपरिक वस्त्र संरक्षण विशेषज्ञ एवं हथकरघा डिजाइनर अंशुल मल्होत्रा को नई दिल्ली के भारत मंडपम में हाल ही में आयोजित एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ) के 68वें शासी निकाय सत्र के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) स्पेशल रिकॉग्निशन अवार्ड-2026 से अलंकृत किया गया।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उन्हें उत्पादकता संवर्धन, पारंपरिक वस्त्र संरक्षण, नवाचार, महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। समारोह में उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद की महानिदेशक नीरज सेखर तथा एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 21 सदस्य देशों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर देशभर की केवल पांच विशिष्ट हस्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। इनमें एपीओ राष्ट्रीय उत्पादकता पुरस्कार के अंतर्गत अशोक पंजवानी को प्रोडक्टिविटी एडवोकेट तथा बकुल लिम्बासिया को प्रोडक्टिविटी टेक्निकल एक्सपर्ट श्रेणी में सम्मानित किया गया, जबकि एनपीसी स्पेशल रिकॉग्निशन अवार्ड विदुषी मित्तल, अंशुल मल्होत्रा और अखंड प्रताप सिंह को प्रदान किया गया। अंशुल मल्होत्रा ने मंडी, कुल्लू और किन्नौर सहित हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों में 200 से अधिक महिला कारीगरों को निशुल्क हथकरघा प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने स्किल इंडिया के अंतर्गत



नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित समारोह में एनपीसी स्पेशल रिकॉग्निशन अवार्ड-2026 से सम्मानित होने के बाद स्मृति चिन्ह के साथ अंशुल मल्होत्रा। अनंत ज्ञान

◆ नई दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किया सम्मानित

पैकेजिंग, विपणन और डिजाइन विकास के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया। उनके प्रयासों से हिमाचली पश्मीना, अंगोरा और ऊनी उत्पाद आज 12 देशों तक पहुंच चुके हैं। इससे पूर्व उन्हें वर्ष 2021-22 के लिए देश के सर्वोच्च महिला सम्मान नारी शक्ति पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। यह उपलब्धि हिमाचल की हथकरघा विरासत, महिला उद्यमिता और स्थानीय शिल्प कौशल को राष्ट्रीय स्तर पर मिली एक बड़ी पहचान मानी जा रही है।

# जिले की हर पंचायत तक पहुंचेगा हाई-स्पीड इंटरनेट

अनंत ज्ञान

◆ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जुड़ेंगी 412 ग्राम पंचायतें

ब्यूरो, शिमला। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी संशोधित भारतनेट परियोजना के तहत जिले की सभी 412 ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। परियोजना पूरी होने के बाद दूरदराज के गांव भी तेज और भरोसेमंद इंटरनेट सुविधा से जुड़ेंगे, जिससे ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं की पहुंच में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिलेगा। परियोजना की प्रगति की समीक्षा उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में की गई। उपायुक्त ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत शिमला जिले में लगभग 3,691 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई जाएगी। इसके माध्यम से जिले के सभी 12 विकास खंडों की 412 ग्राम पंचायतों तक उच्च गुणवत्ता वाली ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे इंटरनेट सेवाएं पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और निर्बाध होंगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का व्यापक विस्तार संभव होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूरा होने से पंचायत स्तर पर ई-गवर्नेंस सेवाएं अधिक प्रभावी बनेंगी। ग्रामीणों को ऑनलाइन शिक्षा, टेलीमेडिसिन, डिजिटल बैंकिंग, सरकारी प्रमाण पत्र, राजस्व सेवाएं तथा अन्य अनेक ऑनलाइन सुविधाएं अपने गांव के निकट ही उपलब्ध हो सकेंगी। इससे डिजिटल इंडिया अभियान को नई गति मिलने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। परियोजना के दायरे में बसंतपुर, मशोबरा, छौहारा, रामपुर, रोहड़ू, कुपवी, ननखड़ी, नारकंडा, टुटू, जुब्बल-कोटखाई और ठियोग सहित जिले के सभी 12 विकास खंड शामिल किए गए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में कार्य अलग-अलग चरणों में आगे बढ़ रहा है, जबकि प्रशासन नियमित रूप से इसकी निगरानी कर रहा है ताकि तय समय सीमा के भीतर कार्य पूरा किया जा सके।

# गुमशुदगी के मामलों में तत्काल एफआईआर और जांच के निर्देश

## महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का होगा पालन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला में जिला स्तरीय मानव तस्करी निरोधक इकाई की बैठक में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति, विशेषकर महिला या बच्चे के लापता होने की सूचना मिलते ही बिना किसी देरी के तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के जी. गणेशा बनाम तमिलनाडु राज्य मामले में जारी दिशा-निर्देशों का जिले में अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुमशुदगी के प्रत्येक मामले को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि लापता व्यक्ति का जल्द पता लगाया जा सके और मानव तस्करी जैसी संभावित आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। बैठक में मानव तस्करी निरोधक इकाइयों को अधिक सशक्त बनाने, आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग करने तथा पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति, नगर निगम और अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इनके प्रभावी क्रियान्वयन से गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित होगी और कानून-व्यवस्था के प्रति आम नागरिकों का विश्वास भी और अधिक सुदृढ़ होगा।



जिला स्तरीय मानव तस्करी निरोधक इकाई की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी अनुपम कश्यप।

### तीन हफ्ते में होगी जिला स्तरीय विशेष कार्यशाला

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा, बाल अधिकारों, मानव तस्करी की रोकथाम, विभिन्न कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा गैर-सरकारी संगठनों और संबंधित संस्थाओं की भूमिका पर अगले तीन सप्ताह के भीतर जिला स्तरीय विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में सभी हितधारकों को शामिल कर व्यापक चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अंजली चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्व मंत्री नेगी 14 तक किन्नौर दौरे पर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 11 से 14 जुलाई तक विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।



इस दौरान वह कल्पा और आसपास के क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण करेंगे, स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। 11 और 12 जुलाई को मंत्री कल्पा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा रात्रि विश्राम भी कल्पा में करेंगे। 13 जुलाई को मंत्री प्रातः 10:45 बजे कोठी पंचायत पहुंचकर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत लाभार्थियों को कृषि उपकरण वितरित करेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत पूर्वनी में लिदो-श्मशान घाट संपर्क सड़क और पार्किंग के शिलान्यास सहित सामुदायिक स्नानगृह, पार्किंग, बौद्ध मंदिर से ट्रांसफार्मर तक इंटरलॉक मार्ग तथा पशुपालन विभाग के चिकित्सक आवास का उद्घाटन करेंगे। पूर्वनी में भी वह प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लाभार्थियों को कृषि उपकरण वितरित करेंगे और स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनेंगे। 13 जुलाई को कल्पा में रात्रि विश्राम के बाद 14 जुलाई को दोपहर 2 बजे वह शिमला के लिए रवाना होंगे।

## चार वर्ष में सामान्य से अधिक बारिश, संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाई जाएगी निगरानी

# मानसून: हर विभाग को अलर्ट रहने के निर्देश

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिमला जिले में संभावित मानसूनी आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में उपायुक्त एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की ओर से पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें और मौसम विभाग के प्रत्येक अलर्ट पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर राहत एवं बचाव कार्य बिना किसी देरी के शुरू किए जाएंगे।

उपायुक्त ने लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत बोर्ड, पुलिस, स्वास्थ्य, नगर निगम, अग्निशमन, राजस्व, वन और शिक्षा सहित सभी विभागों को फील्ड स्तर पर तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की नियमित निगरानी, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखना, सड़कों से मलबा हटाने के लिए पर्याप्त मशीनरी उपलब्ध रखना तथा सभी उपमंडल अधिकारियों, तहसीलदारों और फील्ड स्टाफ को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहना होगा। कंट्रोल रूम पूरी तरह सक्रिय रहेगा और किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जाएगी।

साथ ही पर्यटकों से खराब मौसम के दौरान नदी-नालों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और अनावश्यक यात्रा से बचने तथा प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करने की अपील की गई।

### तीन साल में आपदाओं में 283 लोगों की मौत

बैठक में पिछले वर्षों के आपदा एवं वर्षा के आंकड़ों की भी समीक्षा की गई। वर्ष 2022 से 2025 के बीच जिले में विभिन्न आपदाओं में 283 लोगों की मृत्यु दर्ज हुई, जिनमें सबसे अधिक 134 मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हुईं, जबकि भूस्खलन, ऊंचाई से गिरने, डूबने और क्लाउड बर्स्ट जैसी घटनाएं भी प्रमुख कारण रहीं। 2025 में 1216.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 94 प्रतिशत अधिक रही। पिछले चार वर्षों में औसतन सामान्य से 52.8 प्रतिशत अधिक वर्षा होने के कारण प्रशासन ने इस मानसून में अतिरिक्त सतर्कता बरतने और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।



# कुपवी के विकास संकेतकों में तेजी लाने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। केंद्र सरकार के आकांक्षी विकास खंड कार्यक्रम के तहत शिमला जिले के कुपवी विकास खंड में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने पहुंचीं जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण) की उप सचिव एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी आईएएस कृतिका कुल्हारी ने अधिकारियों को प्रदर्शन संकेतकों में सुधार के लिए समन्वित और परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी कुपवी तथा विभिन्न विभागों के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेशन और आजीविका से जुड़े प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों की विभागवार प्रगति, उपलब्धियों, चुनौतियों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। कृतिका कुल्हारी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, वहां नियमित मॉनिटरिंग, बेहतर समन्वय और समयबद्ध कार्ययोजना के माध्यम से तेजी लाई जाए, ताकि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके।

केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने विभागों के बीच बेहतर कन्वर्जेंस, नवाचारों को अपनाने और साझा जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर विशेष बल देते हुए कहा कि आकांक्षी विकास खंड कार्यक्रम का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि विकास की गति को तेज कर लोगों के जीवन स्तर में ठोस सुधार लाना है। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक प्रदर्शन संकेतक में गुणवत्तापूर्ण सुधार सुनिश्चित करने और तय लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने का आह्वान किया, ताकि कुपवी विकासखंड विकास के विभिन्न मानकों पर नई पहचान स्थापित कर सके।

# दो दिन में चिट्टा तस्करी के 12 आरोपी काबू

## फरार 233 अपराधियों की तलाश में जुटी है प्रदेश पुलिस

अनंत ज्ञान

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों में फरार उद्घोषित अपराधियों (प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर्स) के खिलाफ राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया है। दो दिन तक चले इस अभियान के दौरान 233 उद्घोषित अपराधियों का सत्यापन और गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। इनमें से 12 को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह विशेष अभियान 7 और 8 जुलाई को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और जिला पुलिस ने प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ चलाया।

पुलिस के अनुसार यह अभियान मुख्यमंत्री द्वारा 15 नवंबर 2025 को शुरू किए गए प्रदेशव्यापी एंटी-चिट्टा जन आंदोलन के दूसरे चरण (भाग-1) के तहत संचालित किया गया। इसका उद्देश्य एनडीपीएस अधिनियम के मामलों में अदालतों द्वारा उद्घोषित उन फरार अपराधियों को पकड़ना था, जो लंबे समय से कानून की पकड़ से बाहर हैं और मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग दे रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक अभियान के दौरान एनडीपीएस मामलों से जुड़े कुल 233 उद्घोषित अपराधियों के संबंध में सत्यापन किया गया। इनमें 12 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में एक उद्घोषित अपराधी किसी अन्य मामले में पहले से जेल में बंद मिला, जबकि 220 उद्घोषित अपराधी अब भी फरार हैं। पुलिस मुख्यालय के एक प्रवक्ता ने वीरवार को बताया कि जो अपराधी अब भी फरार हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए संबंधित पुलिस इकाइयों को तकनीकी और मानवीय आसूचना के आधार पर लगातार अभियान चलाने, निगरानी बढ़ाने और संभावित ठिकानों पर कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। जो उद्घोषित अपराधी दूसरे राज्यों से जुड़े हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए संबंधित राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाएगी।

### उद्घोषित अपराधियों की हो रही गिरफ्तारी

पुलिस के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य एनडीपीएस मामलों में उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करना, उनकी वर्तमान स्थिति का सत्यापन कर रिकॉर्ड अपडेट करना, संगठित मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क पर प्रभावी रोक लगाना और ऐसे मामलों में समयबद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। प्रदेश पुलिस ने लोगों, खासकर युवाओं से अपील की है कि चिट्टा या अन्य नशीले पदार्थों से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत 112 या नजदीकी पुलिस थाने में दें। पुलिस का कहना है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। साथ ही पुलिस ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व और युवाओं की भागीदारी से प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाने का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# गीत-संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

अनंत ज्ञान

◆देलठ, कमियाना और चलौंठी में जागरूक किए लोग

ब्यूरो, शिमला। जिला शिमला की अनुसूचित जाति बहुल ग्राम पंचायतों देलठ, कमियाना और चलौंठी में गुरुवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाकर प्रदेश सरकार की अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई गई। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से आयोजित अभियान में सांस्कृतिक दलों ने नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी ढंग से प्रचार-प्रसार किया। साथ ही पात्र लाभार्थियों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और योजनाओं का लाभ लेने की विस्तृत जानकारी भी दी गई। अभियान के दौरान बताया गया कि कम आय वाले अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के परिवारों को अनुवर्ती कार्यक्रम के तहत स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन तथा बढ़ई और लोहार कार्य के औजार उपलब्ध कराए जाते हैं। स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के अंतर्गत मकान निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए की सहायता, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निःशुल्क पीजीडीसीए और डीटीपी कंप्यूटर प्रशिक्षण तथा अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत दो लाख की सहायता राशि भी प्रदान की जाती है। इस अवसर पर देलठ पंचायत के प्रधान उमा दत्त, कमियाना पंचायत के प्रधान विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# राजशाही की मानसिकता छोड़ें विक्रमादित्यः बिंदल

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- लोकतंत्र में जनता तय करती है नेतृत्व

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हालिया बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह के बयान यह दिखाते हैं कि वह अभी भी राजशाही की सोच से बाहर नहीं निकल पाए हैं। उनका कहना है कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां नेतृत्व का फैसला जनता करती है, किसी परिवार या वंश के आधार पर नहीं होता।

डॉ. बिंदल ने वीरवार को कहा कि संभव है राजपरिवार से आने की वजह से विक्रमादित्य सिंह को लगता हो कि सामान्य परिवार से आने वाला व्यक्ति राजनीति और समाज सेवा में आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को नेतृत्व करने का समान अधिकार है और अंतिम फैसला जनता के हाथ में होता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वह विक्रमादित्य सिंह की मौजूदा उम्र से भी अधिक समय से हिमाचल प्रदेश में जनसेवा और समाज सेवा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उनका परिवार आजादी से कई दशक पहले से समाज सेवा करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रमाण किसी से लेने की जरूरत नहीं है।

डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि विक्रमादित्य सिंह लगातार व्यक्तिगत टिप्पणियां और झूठे आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी मंत्री ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, जिसके बाद उन्होंने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में मानहानि का दावा दायर किया था। उनका कहना है कि बाद में विक्रमादित्य सिंह ने व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर वह दावा वापस लेने का आग्रह किया था। बिंदल ने आरोप लगाया कि अब भी मंत्री तथ्यों की जगह व्यक्तिगत आरोपों का सहारा लेकर राजनीतिक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।





उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को सत्ता में आए साढ़े तीन साल हो चुके हैं, फिर भी प्रदेश के लोग खराब सड़कों, रुके हुए विकास कार्यों, बेरोजगारी और अव्यवस्था जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की कई सड़कें खराब हालत में हैं और लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि लोक निर्माण मंत्री होने के बावजूद विक्रमादित्य सिंह इन मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय राजनीतिक बयानबाजी में व्यस्त हैं।

# कोटखाई में पेड़ से लटका मिला लापता युवक का शव

अनंत ज्ञान

शिमला। चार दिन से लापता सिरमौर के एक युवक की तलाश आखिरकार ड्रोन कैमरे की नजर से पूरी हुई। शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान ड्रोन ने चेवर नाला में एक पेड़ से लटका शव देखा। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सिरमौर जिला के ददाहू तहसील के सिमराणा गांव निवासी 24 वर्षीय जगदीश तोमर पुत्र रतन सिंह के रूप में हुई है। वह इन दिनों कोटखाई क्षेत्र की ग्राम पंचायत गरावग के गांव कुड़ी में काम कर रहा था। पुलिस के मुताबिक जगदीश 4 जुलाई को अचानक लापता हो गया था। उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजनों की ओर से 6 जुलाई को पुलिस थाना कोटखाई में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। इसके बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी रही। कोटखाई पुलिस ने शिमला की ड्रोन टीम के साथ क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान ड्रोन कैमरे ने चेवर नाला के पास एक पेड़ से लटका शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। बाद में उसकी पहचान जगदीश तोमर के रूप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा और पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है।

# ऐतिहासिक इमारत बैंटनी कैसल ने लिया आधुनिक डिजिटल संग्रहालय का रूप

अनंत ज्ञान

शिमला। हिमाचल राजधानी शिमला की ऐतिहासिक इमारत बैंटनी कैसल अब एक आधुनिक डिजिटल संग्रहालय के रूप में पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए अपनी सांस्कृतिक विरासत का खजाना खोलेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 10 जुलाई को इस संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे। यह प्रदेश में भाषा एवं संस्कृति विभाग का पहला इंटरेक्टिव स्क्रीनों से सुसज्जित संग्रहालय होगा, जो हिमाचल की समृद्ध संस्कृति और इतिहास को एक नए अंदाज में प्रस्तुत करेगा।



◆सीएम सुक्खू आज करेंगे उद्घाटन

भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा इस संग्रहालय का आठ करोड़ रुपए की लागत से विस्तारीकरण किया गया है। पहले जहां बैंटनी कैसल में शिमला का इतिहास, महात्मा गांधी का शिमला दौरा, कांगड़ा कलम, चंबा थाल, कांगड़ी टोपी, शॉल और हिमाचल के स्मारकों जैसी चीजें प्रदर्शित थीं, वहीं अब इन सभी को इंटरेक्टिव स्क्रीनों के माध्यम से और भी विस्तार से समझाया जाएगा। वीआर तकनीक का उपयोग करके, लोग पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक झलक को अधिक गहराई से महसूस कर सकेंगे।

### इंटरेक्टिव स्क्रीनों से लैस

इस डिजिटल संग्रहालय की सबसे खास बात यह है कि यह इंटरेक्टिव स्क्रीनों से लैस है। आगंतुक एक साधारण स्पर्श से हिमाचल प्रदेश की कला, संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा, इतिहास और स्मारकों के बारे में गहराई से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। संग्रहालय में टच स्क्रीन डिस्प्ले और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) उपकरणों का उपयोग किया गया है, जो आगंतुकों को विभिन्न दृश्यों को देखने, मॉडलों को घुमाने और संबंधित जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करते हैं। इससे न केवल जानकारी को अधिक आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया जा सकेगा, बल्कि आगंतुकों को एक अनूठा अनुभव भी मिलेगा।

स्वास्थ्य

## मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की समीक्षा में पात्र बच्चों तक हर सुविधा पहुंचाने के निर्देश

# अब शिमला के बाल आश्रमों में बनेगी पोषण वाटिका

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। जिला शिमला के सभी बाल देखभाल संस्थानों में अब पोषण, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता का नया मॉडल विकसित किया जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने घोषणा की कि जिले के सभी बाल आश्रमों और बाल देखभाल संस्थानों में पोषण वाटिकाएं स्थापित की जाएंगी। कृषि विभाग के आत्मा प्रोजेक्ट के सहयोग से विकसित होने वाली इन वाटिकाओं से बच्चों को ताजा एवं पौष्टिक भोजन मिलने के साथ-साथ खेती, प्रकृति संरक्षण और जैविक जीवनशैली की व्यावहारिक शिक्षा भी मिलेगी।

यह निर्णय वीरवार को आयोजित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की समीक्षा बैठक में लिया गया। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना का उद्देश्य केवल



आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि निराश्रित और जरूरतमंद बच्चों को सम्मानजनक, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य देना है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि योजना के प्रत्येक पात्र बच्चे और युवा तक शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, स्वरोजगार, उच्च शिक्षा, विवाह सहायता सहित सभी लाभ पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ समय पर पहुंचाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को लाभार्थियों का अद्यतन डाटा तैयार रखने, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि किसी भी पात्र लाभार्थी को केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण सहायता से वंचित नहीं रहना चाहिए और हर मामले का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

### बच्चों के स्वास्थ्य व सीखने का केंद्र बनेंगी ये वाटिकाएं

पोषण वाटिका संस्थान परिसर में विकसित किया जाने वाला ऐसा हरित उद्यान होगा, जहां स्थानीय जलवायु के अनुरूप पौष्टिक सब्जियां, फल और औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। इससे बच्चों को वर्षभर ताजा और पोषणयुक्त भोजन मिलेगा, कुपोषण एवं एनीमिया जैसी समस्याओं की रोकथाम में मदद मिलेगी और जैविक खेती के प्रति रुचि भी विकसित होगी। पालक, मेथी, चौलाई, टमाटर, भिंडी, लौकी, गाजर, मूली, मटर, सेम जैसी सब्जियों के साथ पपीता, अमरूद, नींबू, केला तथा तुलसी, पुदीना और एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। यह पहल बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक बनाएगी।

### मिशन वात्सल्य और सुख आश्रय के बेहतर परिणाम

जिले के विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों में वर्तमान में 425 बच्चे रह रहे हैं। मिशन वात्सल्य के तहत अप्रैल 2025 से अब तक 14 बच्चों को दत्तक परिवार उपलब्ध करवाए गए हैं, जबकि 90 बच्चों को फोस्टर केयर एवं स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ मिला है। इसी अवधि में 180 बच्चों का विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों में प्रवेश कराया गया तथा 80 बच्चों और 56 अभिभावकों की काउंसलिंग भी की गई। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत 25 लाभार्थियों के लिए घर निर्माण कार्य जारी है, जिस पर लगभग 49 लाख रुपये व्यय किए जा रहे हैं। बैठक में विभिन्न मदों के स्वीकृत एवं लंबित मामलों की समीक्षा के साथ लाभार्थियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पुनर्वास और आर्थिक सहायता से जुड़े कार्यों की प्रगति की भी विस्तृत आकलन किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ढलियारा मार्ग पर गिरा पेड़, दो घंटे यातायात बाधित



अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा। ढलियारा मार्ग पर रोड़ी कोड़ी के समीप वीरवार सुबह करीब 7:30 बजे सड़क के बीचों-बीच एक विशाल पीपल का पेड़ गिरने से यातायात लगभग दो घंटे तक बाधित रहा। घटना के समय कई वाहन बाल-बाल बच गए और कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ हटाकर यातायात बहाल किया। सहायक अभियंता नितेश कौंडल ने बताया कि विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर मार्ग को शीघ्र खोल दिया।

### एचआरटीसी बस खराब होने से यात्री हुए परेशान

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। संसारपुर टेरेस डिपो की एचआरटीसी की तलवाड़ा-डाडा सीबा-ऊना-बद्दी रूट की बस गुरुवार सुबह सयुल खड्ड के समीप तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते में रुक गई। बस में सवार 40 से 42 यात्रियों, जिनमें स्कूली और कॉलेज विद्यार्थी भी शामिल थे, को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में कुछ यात्रियों को दूसरी बस से रवाना किया गया, जबकि कई निजी वाहनों से अपने गंतव्य पहुंचे। अड्डा प्रभारी श्याम पाल ने बताया कि बस की मरम्मत करवाई जा रही है और यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई।

### प्रताप वर्ल्ड स्कूल में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



अनंत ज्ञान, पठानकोट। प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में 2 पंजाब नेवल यूनिट एनसीसी, अमृतसर द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटी) संपन्न हो गया। शिविर में पंजाब के विभिन्न जिलों से आए 450 से अधिक नेवल कैडेट्स ने भाग लिया। समापन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी कमलजीत कौर मुख्य अतिथि रहीं। कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रशिक्षण के दौरान ड्रिल, सीमैनशिप, नेतृत्व विकास और आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कार प्रदान किए गए।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए करें आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो धर्मशाला। जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जेएनवीएसटी-2027) के ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने अभिभावकों और पात्र विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन करने का आग्रह किया है। प्रवेश परीक्षा से संबंधित पात्रता, दस्तावेज और अन्य जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सुंआ पंचायत की ग्राम सभा में विकास कार्यों पर चर्चा



अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर। ग्राम पंचायत सुंआ में वार्षिक और नए कार्यकाल की पहली ग्राम सभा बैठक प्रधान कैप्टन दलेर सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पंचायत विकास, मनरेगा के स्थान पर वीबी-जी-राम-जी योजना के तहत कार्यों, महिला रोजगार, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान और कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। ग्राम सभा में पंचायत क्षेत्र में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई सहित कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

### जयसिंहपुर अस्पताल में 52 लाख से बनेगा एसटीपी

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। जयसिंहपुर सिविल अस्पताल में जल्द ही आधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किया जाएगा। अस्पताल परिसर में गंदे पानी के उचित निस्तारण और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 52 लाख रुपये की लागत से एसटीपी का निर्माण होगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए जल शक्ति विभाग को राशि जारी कर दी है। मंत्री यादवेंद्र गोमा ने मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं मजबूत होंगी।

### आयुष योजनाओं को प्रभावी बनाने पर जोर

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। आयुष विभाग कांगड़ा के उपमंडलीय कार्यालय बालककरूपी, जयसिंहपुर में प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप निदेशक आयुष कांगड़ा जोन डॉ. इंदु शर्मा ने की। उन्होंने पंचकर्म चिकित्सा एवं पैरा सर्जिकल प्रक्रिया की जानकारी देते हुए इसे आयुर्वेद की प्रभावी शुद्धिकरण विधा बताया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाया जाए। बैठक में उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविता सूद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### डॉ. अभिषेक ने पीएचसी डरोह में संभाला कार्यभार



अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। सुलह विधानसभा क्षेत्र के हल्दरा निवासी डॉ. अभिषेक ने वीरवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डरोह में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यभार संभाल लिया। यह उनकी सरकारी सेवा में पहली नियुक्ति है। डॉ. अभिषेक ने जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला से शिक्षा प्राप्त करने के बाद नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर नेरचौक मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया।

## कांगड़ा पुलिस का बड़ा अभियान, रातभर नाकाबंदी से अपराधियों पर शिकंजा

# चोरी, नशा तस्करी और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई, छह ड्रंक एंड ड्राइव चालान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा जिले में बढ़ती चोरी और नशा तस्करी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कांगड़ा पुलिस ने जिलेभर में व्यापक रात्रि नाकाबंदी अभियान चलाया।

अभियान के तहत राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों सहित विभिन्न संपर्क मार्गों पर पुलिस ने देर रात तक वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और सामान की गहन तलाशी ली गई व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि जिले के मैक्लोडगंज, धर्मशाला, कांगड़ा, गग्गल, शाहपुर, पालमपुर, नगरोटा बगवां, भवारना, बैजनाथ और बीड़ समेत सभी थाना क्षेत्रों में नियमित रूप से नाइट



पुलिस ने जिलेभर में व्यापक रात्रि नाकाबंदी अभियान चलाया।

डोमिनेंस अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य चोरी, नशा तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान एसडीपीओ सहित राजपत्रित अधिकारी स्वयं भी मौके पर पहुंचकर नाकों की निगरानी कर रहे हैं ताकि सक्रिय और प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें एक ही दिन में छह ड्रंक एंड ड्राइव चालान किए गए। ऐसे मामलों में वाहनों को इंपाउंड किया जा रहा है, चालकों के लाइसेंस जब्त किए जा रहे हैं और नियमानुसार भारी जुर्माना भी लगाया जा रहा है।

**आगे भी जारी रहेगा अभियान:** उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जिला पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### बिना वैध दस्तावेजों वाले वाहनों पर भी शिकंजा

एएसपी ने बताया कि बिना वैध दस्तावेजों के चलने वाले वाहनों, अवैध रूप से खनन सामग्री ढोने वाले डंपरों और टिप्परों, बिना एम-फॉर्म के परिवहन करने वालों तथा अनधिकृत कबाड़ वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में चोरी की मोटरसाइकिल बरामद होने जैसी घटनाओं को देखते हुए सभी संदिग्ध वाहनों की गहन जांच की जा रही है।

### बैजनाथ में बारिश का कहर अवस्थी मोहल्ले में ढहा मकान



अनंत ज्ञान, बैजनाथ। क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश लोगों के लिए आफत बनती जा रही है। बैजनाथ नगर पंचायत के वार्ड नंबर-1 स्थित अवस्थी मोहल्ले में एक मकान अचानक भरभराकर ढह गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय मकान के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार यह मकान स्थानीय विधायक किशोरी लाल के आवास से कुछ ही दूरी पर स्थित है। मकान मालिक ने बताया कि लगातार बारिश के कारण सड़क से लगती कूहल में पानी का बहाव काफी बढ़ गया, जिससे नींव के पास कटाव होने लगा और देखते ही देखते मकान पूरी तरह ढह गया। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। मकान मालिक ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना बैजनाथ के पटवारी को दे दी है तथा प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि वह अपने मकान का पुनर्निर्माण कर सकें।

## प्रांत स्तरीय कबड्डी विजेता टीम पर कैप्टन पराशर की इनामों की बारिश



सरस्वती विद्या मंदिर परागपुर के खिलाड़ी को सम्मानित करते कैप्टन संजय।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हाल ही में कुल्लू में आयोजित प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली सरस्वती विद्या मंदिर परागपुर की विजेता टीम को सम्मानित करते हुए कैप्टन संजय पराशर ने खिलाड़ियों पर इनामों की बौछार कर दी। उन्होंने टीम के सभी खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए नकद पुरस्कार प्रदान किए, जबकि टीम के कोच को भी विशेष सम्मान से नवाजा।

खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए कैप्टन पराशर ने पूरी टीम को फ्रिजेशमेंट के लिए 5,100 रुपए की राशि भी भेंट की। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि खिलाड़ियों के बेहतर अभ्यास और भविष्य की तैयारियों के लिए विद्यालय को आधुनिक कबड्डी मैट उपलब्ध कराया जाएगा।

◆ **खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, कोच का विशेष सम्मान; विद्यालय के किंडर गार्डन को भी आकर्षक बनाने का दिया आश्वासन**

उन्होंने खिलाड़ियों से भविष्य में भी इसी समर्पण और अनुशासन के साथ प्रदेश व देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय परिसर के किंडर गार्डन को आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने में सहयोग का आश्वासन दिया, ताकि छोटे बच्चों को बेहतर एवं प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण मिल सके। विद्यालय के छात्र एवं विजेता खिलाड़ी हर्षित ठाकुर, शुभम, आदित्य, सलिल धीमान, अर्श धीमान तथा अंशुल ने कैप्टन संजय पराशर का आभार व्यक्त किया।

### व्यापार मंडल की कार्यकारिणी गठन पर उठे सवाल, व्यापारियों में मतभेद उभरे

अनंत ज्ञान

योल। व्यापार मंडल की कार्यकारिणी के विस्तार को लेकर व्यापारियों के बीच मतभेद सामने आए हैं। कुछ व्यापारियों ने कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन किए जाने की मांग की है।

व्यापारियों का कहना है कि चुनाव से पहले हुई बैठक में चुनाव लड़ने वाले सभी प्रतिनिधियों को कार्यकारिणी में शामिल करने पर सहमति बनी थी, लेकिन बाद में घोषित कार्यकारिणी में ऐसा नहीं हुआ। उनका यह भी कहना है कि कार्यकारिणी के गठन या विस्तार से पहले जनरल हाउस की बैठक बुलाकर सभी सदस्यों की सहमति ली जानी चाहिए थी। व्यापार मंडल के महासचिव मनोज चंदेल ने इन आपत्तियों पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि व्यापार मंडल एक पंजीकृत संस्था है, जो सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के अंतर्गत कार्य करती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत जब पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि चुने जाते हैं, तो उन्हें संगठन के हित में कार्यकारिणी का विस्तार करने तथा आवश्यकतानुसार सदस्यों का मनोनयन करने का अधिकार प्राप्त होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया के लिए अलग से जनरल हाउस की स्वीकृति आवश्यक नहीं होती। उनके अनुसार कार्यकारिणी का विस्तार संगठन के नियमों और प्रावधानों के अनुरूप किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी व्यापारी के मन में कोई शंका है तो आगामी बैठकों में उस पर चर्चा कर सभी के सुझावों का स्वागत किया जाएगा।

कई व्यापारियों का मानना है कि संगठन की एकता बनाए रखने के लिए सभी पक्षों के बीच संवाद होना आवश्यक है। वहीं, व्यापार मंडल के चुने हुए प्रतिनिधियों की राय सामने आने के बाद ही इस पूरे विवाद की स्थिति और अधिक स्पष्ट हो सकेगी। यदि अब पदाधिकारियों या चुने हुए प्रतिनिधियों का भी पक्ष मिल जाए, तो खबर और अधिक संतुलित तथा पत्रकारिता की दृष्टि से मजबूत बन जाएगी।

### अब घटने लगी पर्यटन नगरी की रौनक, आम दिनों के साथ वीकेंड पर घटी ऑक्यूपेंसी

अनंत ज्ञान

◆ **अब होटलियर्स को सितंबर माह का इंतजार**

ब्यूरो, धर्मशाला। बरसात शुरू होते ही पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में पर्यटकों की रौनक कम होने लगी है। आम दिनों के साथ पर्यटन नगरी में वीकेंड पर भी ऑक्यूपेंसी घट गई है। ऐसे में अब होटलियर्स को सितंबर माह में पर्यटकों की चहलकदमी में कुछ इजाफा होने की उम्मीद है।

बरसात में बारिशों के चलते पर्यटन नगरी में पर्यटकों की आमद कम हो जाती है। वर्तमान की बात करें तो आम दिनों में ऑक्यूपेंसी 10 से 15 फीसदी और वीकेंड पर 30 से 35 फीसदी ऑक्यूपेंसी रह गई है। हालांकि अभी भी पर्यटक आमद है, लेकिन समर पर्यटन सीजन के मुकाबले ऑक्यूपेंसी में काफी कमी आई है। इन दिनों में मैक्लोडगंज में जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ और पंजाब के पर्यटकों की चहलकदमी है। मैक्लोडगंज में धर्मगुरु दलाईलामा की मौजूदगी से भी देश-विदेश के पर्यटक, बौद्ध अनुयायी व बौद्ध भिक्षु आते-जाते रहते हैं, लेकिन वर्तमान में धर्मगुरु दलाईलामा के भी लद्दाख में होने के चलते बौद्ध अनुयायियों की आमद भी घटी है। स्थानीय होटल उद्यमियों की मानें तो बरसात में हर बार पर्यटक आमद कम हो जाती है, जिसमें सितंबर के मध्य में इजाफा होना शुरू होता है। इसके उपरांत फेस्टिवल सीजन से पर्यटक, मैक्लोडगंज में जुटना शुरू हो जाते हैं तथा यह क्रम क्रिसमस और न्यू ईयर तक जारी रहता है।

उधर, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान ने बताया कि बरसात शुरू होने के साथ ही आक्यूपेंसी में कमी आई है। वीकेंड पर 30-40 फीसदी, जबकि आम दिनों में आक्यूपेंसी 10 से 15 फीसदी तक रह गई है। अब पर्यटक आमद में सितंबर माह के मध्य तक पर्यटक आमद में कुछ बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिसके बाद सिलसिला शुरू हो जाएगा।

### शमशेर बने राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के मंडल अध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र गौतम ने संगठन का विस्तार देते हुए जिलों और मंडलों में नियुक्तियां करनी आरंभ कर दी हैं। इसी कड़ी में उन्होंने राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व की अनुशंसा से बोह निवासी पूर्व प्रधान शमशेर सिंह को शाहपुर विधान सभा क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया है। शमशेर सिंह धारकंडी क्षेत्र में दशकों से राजनीतिक सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहे हैं। सत्येंद्र गौतम ने बताया कि शेष कार्यकारिणी की घोषणा अध्यक्ष से चर्चा के उपरांत की जाएगी।

### नई जोड़ी



इच्छी के विशाल और सद्दू की सोनाली को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### चामुंडा धाम सावन अष्टमी मेले की तैयारियां तेज

अनंत ज्ञान, मनोज चंदेल, योल। श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में 12 से 21 अगस्त तक आयोजित होने वाले सावन अष्टमी मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न की अध्यक्षता में हुई बैठक में सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य और स्वच्छता व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। मेले के दौरान 30 पुलिस कर्मी, 33 गृह रक्षक और बाणगंगा में तीन प्रशिक्षित तैराक तैनात रहेंगे। मंदिर परिसर में वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी तथा डाढ व बड़ोई में पार्किंग व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लंगर, जागरण समितियों और दिव्यांगों के लिए वाहन सेवा की व्यवस्था भी की गई है।

### लॉरेट फार्मेसी संस्थान में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न



अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी। कथोग स्थित लॉरेट फार्मेसी संस्थान में आयोजित छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन समारोह संपन्न हुआ। 4 से 9 जुलाई तक चले कार्यक्रम में शिक्षकों को नई शिक्षा नीति, आधुनिक शिक्षण तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, अनुसंधान और आउटकम बेस्ड एजुकेशन की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जम्मू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. अशोक शर्मा ने कहा कि शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण और उनकी दक्षता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक है। संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. रण सिंह ने प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### संसाल स्कूल में पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान

अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संसाल में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पंचायत प्रधान रघुवीर सिंह, उपप्रधान शेर सिंह, बीडीसी सदस्य राजकुमार और वार्ड पंचों ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानाचार्य मनोज उपाध्याय ने विद्यालय की समस्याएं रखीं, जिस पर पंचायत प्रधान ने सड़क पक्का करने व जल निकासी व्यवस्था का आश्वासन दिया। बीडीसी सदस्य ने तीन सोलर लाइट व एक विद्यार्थी को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा पुलिस विभाग ने सड़क सुरक्षा व नशे के प्रति जागरूक किया।

### लदवाड़ा-शाहपुर मार्ग पर युवक का पर्स गुम

अनंत ज्ञान, शाहपुर। लदवाड़ा से शाहपुर आते समय कुथेड़ निवासी विशाल कुमार का पर्स रास्ते में कहीं गिर गया। पर्स में करीब 6,000 रुपए नकद के अलावा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी थे। विशाल ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को यह पर्स मिले तो मानवता के नाते उसे वापस पहुंचाने का कष्ट करें। पर्स में मौजूद दस्तावेज उनके लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यदि किसी को पर्स मिले या उसके संबंध में कोई जानकारी हो तो मोबाइल नंबर 6230059534 पर संपर्क कर सकते हैं।

### द्रोणाचार्य कॉलेज में अभिमुखीकरण कार्यक्रम शुरू



अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में शैक्षणिक सत्र 2026-29 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय परिचय एवं प्रवेशाभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आगाज हवन-पूजन से किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप चौकसी और विशिष्ट अतिथि डॉ. चंदर प्रकाश ने दीप प्रज्वलित किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार, तकनीकी दक्षता और एआई के महत्व से अवगत करवाया। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, गतिविधियों और करियर संबंधी जानकारी दी जाएगी।

### वॉल पेंटिंग से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अनंत ज्ञान, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोडा में द हंस फाउंडेशन द्वारा वनाग्नि (फॉरेस्ट फायर) विषय पर जागरूकता वॉल पेंटिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक कला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वन संपदा के महत्व तथा जंगलों को आग से सुरक्षित रखने का प्रभावशाली संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल ने इस पहल की सराहना की।

### परागपुर में भक्ति रस में सराबोर हुए श्रद्धालु

अनंत ज्ञान, परागपुर। परागपुर के राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक वीरेंद्र गर्ग शास्त्री ने नारद मुनि और व्यास जी के संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ही शाश्वत सत्य हैं और श्रीमद् भागवत कथा मोक्ष का सरल मार्ग है। उन्होंने भजनों के माध्यम से प्रभु नाम-स्मरण का महत्व बताया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर रहे और बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक आयोजन का लाभ उठाया।

## इंदौरा की 58 पंचायतों में चलाया स्वच्छता अभियान



विधायक मलेंद्र राजन के नेतृत्व में की साफ-सफाई।

अनंत ज्ञान

इंदौरा। स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ इंदौरा के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत उपमंडल इंदौरा की सभी 58 ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पंचायत परिसरों, सार्वजनिक स्थलों, संपर्क मार्गों तथा अन्य सामुदायिक स्थानों की साफ-सफाई की गई। साथ ही विभिन्न पंचायतों में स्वच्छता रैलियां निकालकर लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का संदेश दिया गया।

मुख्य स्वच्छता रैली ग्राम पंचायत इंदौरा में आयोजित की गई, जिसमें इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने भाग लिया। रैली पीएनबी बैंक इंदौरा से तारा खड्ड पुल तक निकाली गई। इसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों, महिला मंडलों, युवक मंडलों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपने घरों और सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई बनाए रखने तथा इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया।

## लंबित मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, 26 हजार मानदेय की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर वीरवार को धर्मशाला में आशा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन अखिल भारतीय आशा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर आयोजित किया गया, जिसमें मानदेय बढ़ाने, स्थायी नीति लागू करने और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रही।

अखिल भारतीय आशा कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं आशा कार्यकर्ता संघ हिमाचल प्रदेश की महासचिव शशि लता ने कहा कि देशभर की करीब 10.40 लाख आशा वर्कर्स स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं,



डीसी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार को भेजा ज्ञापन।

लेकिन उन्हें उनकी सेवाओं के अनुरूप सम्मानजनक मानदेय और सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने मांग की कि आशा कार्यकर्ताओं को न्यूनतम 26 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाए और डिलीवरी केस के दौरान अस्पताल जाने पर उनके लिए अलग विश्राम कक्ष की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए स्थायी नीति बनाई जाए तथा योग्य कार्यकर्ताओं को एएनएम पद पर पदोन्नति का अवसर भी दिया जाए। शशि लता ने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 के बाद केंद्र सरकार ने आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की है। उन्होंने सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां और उचित सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

### द्रमण में बाइक सवार दो युवकों से 1.78 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। थाना शाहपुर के तहत पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत द्रमण क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार दो युवकों के कब्जे से 1.78 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। जानकारी के अनुसार द्रमण में नियमित जांच के लिए लगाए गए नाके पर एक मोटरसाइकिल को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों युवकों के पास से 1.78 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। थाना शाहपुर पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद नशीला पदार्थ कहां से लाया गया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था। पुलिस ने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल के निदेशक डॉ. विशाल को मिला डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन नेशनल अवॉर्ड-2026'

अनंत ज्ञान



अशोक ठाकुर, इंदौरा। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, नवाचारपूर्ण सोच और प्रेरणादायी नेतृत्व के लिए प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के निदेशक डॉ. विशाल महाजन को प्रतिष्ठित "डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन नेशनल अवॉर्ड-2026' से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से प्रताप वर्ल्ड स्कूल परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा क्षेत्रवासियों ने डॉ. विशाल महाजन को हार्दिक बधाई देते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. विशाल महाजन ने कहा कि सच्ची सफलता पुरस्कारों से नहीं, बल्कि उन जीवनों से मापी जाती है जिन्हें सकारात्मक रूप से प्रभावित किया जाता है। उन्होंने यह सम्मान विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और सहयोगियों को समर्पित करते हुए कहा कि यह उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण एवं नई ऊर्जा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, डॉ. विशाल महाजन के नेतृत्व में प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संस्थान भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी लझयाणी के विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण




**अनंत ज्ञान, भोरंज।** वन महोत्सव सप्ताह-2026 के तहत वन विभाग भरेड़ी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वन क्षेत्र टिक्करी घुरोंला में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने औषधीय एवं पर्यावरण उपयोगी पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वन अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के महत्व की जानकारी दी। खंड अधिकारी सुनील कुमार ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया।

### पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह की छठी पुण्यतिथि पर सुजानपुर कांग्रेस ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में 'संकल्प दिवस' आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि राजा वीरभद्र सिंह आधुनिक हिमाचल के निर्माता थे। उनके विकास कार्य और जनसेवा की भावना सदैव प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, नगर परिषद पदाधिकारी, पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मनरेगा समाप्त करने के प्रस्ताव का विरोध

**अनंत ज्ञान सुजानपुर।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजिंद्र वर्मा ने मनरेगा को समाप्त कर प्रस्तावित 'वीबी-जी-राम-जी' योजना लागू करने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था हिमाचल के हित में नहीं है, क्योंकि इससे राज्य सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों और मजदूरों की आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की है कि मनरेगा योजना को पूर्ववत जारी रखा जाए।

### विद्यार्थियों ने लिया पौधरोपण का संकल्प

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्यालय में प्रधानाचार्य अतुल शर्मा और टीजीटी (मेडिकल) शिवानी पटियाल के नेतृत्व में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों से अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है। विद्यार्थियों ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

### भगवती पब्लिक में शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में अध्यापक-अभिभावक सभा का आयोजन किया गया। इसमें पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। अध्यापकों ने रचनात्मक मूल्यांकन के आधार पर बच्चों की प्रगति रिपोर्ट अभिभावकों के साथ साझा की और कमियों में सुधार के लिए सुझाव दिए। प्रधानाचार्या आरती कटोच ने अभिभावकों से बच्चों पर विशेष ध्यान देने, मोबाइल फोन से दूर रखने और आगामी परीक्षाओं के लिए मेहनत करने का आह्वान किया।

# जिले में चौथा कोल्ड स्टोर इसी माह होगा तैयार

## 15 जुलाई से उपलब्ध होंगे 1 लाख फलदार पौधे, एक हेक्टेयर में लगाएंगे तो 60,000 मिलेगा विभाग से

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** कभी-कभी छोटे जिले का नाम बहुत कुछ करने के बावजूद भी 'गौण' रहता है, लेकिन हमीरपुर जिला बागवानी के क्षेत्र में कुछ सालों में अग्रणी जिला बन जाएगा, क्योंकि यह जिला भी फलों का राजा बनने वाला है।

यहां फलों को सुरक्षित रखने यानी पैदावार जब ज्यादा हो तो एक साथ मार्केट में न ले जाया जाए इसके लिए तीन कोल्ड स्टोरेज बन चुके हैं। एक का निर्माण हो रहा है और वह भी इसी महीने बागवानों के लिए समर्पित हो जाएगा। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि कुछ दिनों के बाद यानी 15 जुलाई के उपरांत हमीरपुर जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर कुल मिलाकर अलग-अलग तकरीबन आधा दर्जन फलदार पौधों की करीब 1 लाख की खेप पहुंचने वाली है। वीरवार को बागवानी विभाग के हमीरपुर स्थित डिप्टी डायरेक्टर राजेश्वर परमार ने इस बात का खुलासा करते हुए बताया कि हमीरपुर में बहुत तेजी के साथ फलदार पौधों की अलग-अलग श्रेणियां तैयार हो रही हैं। कई क्लस्टर बनाए गए हैं और यहां पर एचपी शिव प्रोजेक्ट भी जिस अंदाज से काम कर रहा है। उसके रिजल्ट्स बेहतर आ रहे हैं। बागवानों को पानी की सुविधा मिल पा रही है, उससे यह जिला आने वाले समय में फलों के राजा के रूप में यदि चर्चा में आ जाएगा, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।



-राजेश्वर परमार, डिप्टी डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

उन्होंने बताया कि आम मुसम्मी माल्टा और अमरूद जैसे फलदार पौधे जिले में काफी महत्व रखते हैं। यहां हर साल रोपित हो रहे हैं। इस बार भी इन्हीं पर तवज्जो दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला की जलवायु अलग-अलग हिस्सों के हिसाब से जिस तरह साबित हुई है, उसी के अंदाज में फलदार पौधे लगाए गए हैं। यहां सबसे ऊपर आम का पौधा है। लीची, अमरूद माल्टा उसके आगे आगे चल रहे हैं। अगले 6 सालों में यह पैदावार अच्छी खासी होने की स्थिति में आ जाएगी, इसीलिए कोल्ड स्टोरेज भी हमीरपुर में बनाए जा रहे हैं। तीन कोल्ड स्टोरेज डिडवीं, अमनेड, कैहडरु में बनाए जा चुके हैं, उनका इस्तेमाल भी अब शुरू हो चुका है। लेकिन भुंपल में भी ऐसा ही कोल्ड स्टोरेज तैयार हो रहा है और इसी माह यह बागवानों के लिए समर्पित हो जाएगा।

परमार ने बताया कि जब एक साथ फलों का उत्पादन मार्केट के हिसाब से ज्यादा हो जाए तो दो-तीन महीना के लिए इन फलों को कोल्ड स्टोर में रखा जाएगा भागवानों के लिए इसके लिए ज्यादा कुछ नहीं चुकाना पड़ेगा केवल प्रति किलो के हिसाब से एक महीने का 1 रुपए लिया जाएगा। इसमें 15 मीट्रिक टन स्टोरेज की कैपेसिटी है।

डिप्टी डायरेक्टर ने यह भी बताया कि अमरूद के मामले में अब यह जिला अग्रणी जिला साबित हो रहा है। कई प्रोजेक्ट्स के तहत काम हो रहा है। एचपी शिव प्रोजेक्ट निचले इलाके के साथ जिलों में काम कर रहा है 1000 हेक्टेयर एरिया में अब इस जिला में फलों पर कब्जा हो रहा है। अमरूद के मामले में लिथड़ी, भोरंज, वमसन में अच्छी खेती हो रही है, जबकि नादौन और हमीरपुर के इलाके में मुसम्मी का जोर ज्यादा है। उन्होंने बताया कि अभी तक छोटे-छोटे तकरीबन 50 क्लस्टर गांव तैयार हो चुके हैं। इसी साल के दिसंबर तक 50 और क्लस्टर बन जाएंगे, जबकि लक्ष्य 200 क्लस्टर तैयार करने का इस जिला में है। इनमें केवल फल मिलेंगे। उनका कहना है कि कोई भी पौधा जब रोपित होता है, तो 3 साल के बाद वह फल देना शुरू करता है। थोड़ा वक्त लगता है लेकिन एक बार जब शुरुआत हो गई, तो अंजाम अच्छा होता है। उन्होंने बताया कि हमीरपुर जिला में हर साल उत्पादन बढ़ रहा है इस वक्त तक 3000 मीट्रिक टन का उत्पादन हो रहा है। लेकिन आने वाले कुछ सालों में यह 7000 मैट्रिक टन तक हो जाएगा।

### सीएम ने खोखाधारकों के पुनर्वास का दिया भरोसा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के वर्तमान अंतरराज्यीय बस अड्डे की जगह प्रस्तावित सिटी सेंटर निर्माण से प्रभावित होने वाले 11 खोखा धारकों ने पुनर्वास की मांग को लेकर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात की। खोखाधारक शिमला में राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू के साथ मुख्यमंत्री से मिले और अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। प्रतिनिधिमंडल में बस स्टैंड परिसर के साथ लगते खोखों और दुकानों से अपनी आजीविका चलाने वाले संजय दुग्गल, महेंद्र सिंह, दिनेश शर्मा, नरेंद्र कुमार, सरला देवी, सुदेश रानी, दीवान चंद, कृष्ण देव और मनजिंद्र पटियाल सहित अन्य खोखा धारक शामिल रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सिटी सेंटर निर्माण के कारण हटाए जाने की स्थिति में उन्हें उचित स्थान पर पुनर्वासित किया जाए, ताकि उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने खोखाधारकों की समस्याएं सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि वर्तमान बस अड्डे से हटने के बाद उनका उचित पुनर्वास किया जाएगा।

## संयुक्त संघर्ष समिति के प्रयासों से पेंशन बहाली की उम्मीद जगी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कॉरपोरेट सेक्टर के प्रदेश अध्यक्ष देवी लाल ठाकुर, संयुक्त संघर्ष समिति जो सुरेश ठाकुर के नेतृत्व में सरकार से 18 संगठनों की भिन्न भिन्न मांगों को लेकर काम कर रही है उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं, जिसमें से 6-7 मांगों बारे संयुक्त संघर्ष समिति के प्रयासों से सरकार की ओर से मांगें मान भी ली गई है और उन मांगों के ऊपर काम भी हो रहा है अब क्योंकि यह संयुक्त संघर्ष समिति हमारे कॉरपोरेट सेक्टर की 29-10-1999 की पेंशन बहाली बारे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से प्राथमिकता के आधार पर कॉरपोरेट सेक्टर के वर्किंग 17 निगमों बोर्डों के प्रतिनिधियों से बातचीत करवाने का पूरा प्रयास कर रही है क्योंकि मुख्यमंत्री की व्यस्तता होने के कारण अभी हमें समय नहीं मिल पाया है। देवी लाल ठाकुर ने बताया कि बहुत जल्द हमें बातचीत का समय मिल जाएगा और हम उस समय होने वाली बातचीत में अपने 22 साल से उलझे हुए पेंशन के मसले को सुलझाने में कामयाब हो पाएंगे। इसके अलावा सभी 17 निगमों-बोर्डों के सभी साथी अपनी अपनी जिम्मेवारी समझ कर पूरी ईमानदारी के साथ सभी सक्रिय जिलों के प्रधान और महासचिवों ब कैशियर के साथ बातचीत करके या मीटिंग आदि करके अपने अपने जिलों की मेंबरशिप उनके पास जमा करवाएं ताकि जब भी सरकार के साथ बातचीत करने का अवसर मिलता है उस समय उस मीटिंग में जिलों से आने वाले प्रतिनिधियों के द्वारा अपने हिस्से की यह राशि जो भी बनेगी वह संयुक्त संघर्ष समिति को सौंपी जा सके।

# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को मिला संगठन मजबूती का मंत्र

## सिद्धार्थन ने दिया कार्यकर्ता विकास का मंत्र, तो संजय टंडन ने समझाई भाजपा की कार्यपद्धति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो हमीरपुर/बड़सर।** भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन विभिन्न विषयों पर आयोजित बौद्धिक एवं संगठनात्मक सत्रों में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, हिमाचल प्रदेश के भाजपा सह-प्रभारी संजय टंडन, प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा तथा प्रांत संघचालक वीर सिंह रांगड़ा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। सभी वक्ताओं ने संगठन, विचारधारा, कार्य विस्तार, कार्यकर्ता निर्माण तथा वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं को प्रभावी जनसंपर्क, वैचारिक स्पष्टता एवं संगठनात्मक कार्यशैली का प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन का प्रथम सत्र प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने 'कार्यकर्ता विकास, संभव एवं दायित्व बोध' विषय पर लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी उसका समर्पित और संस्कारित कार्यकर्ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने व्यक्तित्व, व्यवहार, संगठनात्मक



प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन उपस्थित कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

कौशल तथा जनसेवा के भाव का निरंतर विकास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता का सतत विकास ही संगठन के निरंतर विस्तार और सफलता का आधार है। भाजपा के हिमाचल प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने भाजपा की कार्यपद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, अनुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने वाला संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की कार्यप्रणाली को आत्मसात करते हुए बूथ स्तर तक सक्रिय रहने, जनता के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने तथा प्रत्येक दायित्व का निष्ठा और जवाबदेही के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सफलता का आधार उसके प्रशिक्षित, अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता हैं। प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने अपने सत्र में भाजपा के कार्य विस्तार एवं संगठन सुदृढ़ीकरण के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने, बूथों को मजबूत बनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक पार्टी की नीतियों और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार विकास, रोजगार, वित्तीय प्रबंधन और जनहित से जुड़े अनेक मोर्चों पर अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से तथ्यों के आधार पर जनता के बीच जाकर सरकार की नाकामियों को प्रभावी ढंग से रखने का आग्रह किया।

प्रांत संघचालक वीर सिंह रांगड़ा ने अपने उद्बोधन में भाजपा के विचार परिवार की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सामाजिक समरसता और सेवा का भाव भारतीय विचार परंपरा की मूल शक्ति है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे संगठन के वैचारिक आधार को गहराई से समझें तथा अपने आचरण, व्यवहार और जनसेवा के माध्यम से इन मूल्यों को समाज में स्थापित करें। उन्होंने कहा कि वैचारिक रूप से सशक्त कार्यकर्ता ही संगठन को स्थायी मजबूती प्रदान करते हैं।

### नादौन जलभराव समस्या समाधान को अधिकारियों ने बनाई कार्ययोजना

# बरसाती पानी निकासी के लिए बनेगी नई नाली

अनंत ज्ञान

**शशि सोनल, नादौन।** बरसात के दिनों में नादौन शहर में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर उच्च अधिकारियों की टीम ने नादौन का दौरा किया। ईएनसी (प्रमुख अभियंता परियोजना) सुरेंद्र पाल जगोता के नेतृत्व में क्वालिटी कंट्रोल सेल हिमाचल प्रदेश की टीम ने शहर की जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया।

इस दौरान जल शक्ति विभाग के चीफ इंजीनियर दीपक गर्ग, सीईओ हिमुडा सुरेंद्र वशिष्ठ, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग राकेश कुमार, विजय कुमार चौधरी सहित जल शक्ति और लोक निर्माण विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने स्थानीय लोगों और विभागीय अधिकारियों से जलभराव के कारणों पर चर्चा की। निरीक्षण में सामने आया कि बरसात के दौरान पानी की मात्रा अधिक



जलभराव की समस्या बारे अधीनस्थ अधिकारियों से चर्चा करते ईएनसी सुरेंद्र पाल। अनंत ज्ञान

होने और निकासी व्यवस्था की क्षमता कम होने के कारण सड़क और ब्यास पुल क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनती है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए अधिकारियों को मिनी सचिवालय से बाघनाला तक एक अतिरिक्त नाली का निर्माण करने के निर्देश दिए गए, ताकि बरसाती पानी को डायवर्ट कर मुख्य नाली पर दबाव कम किया जा सके। साथ ही ब्यास पुल की ओर जाने वाली मुख्य नाली से स्लैब हटाकर उसकी उचित सफाई करवाने के निर्देश दिए गए। ईएनसी ने नादौन में चल रहे पर्यटन विभाग के होटल और जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा कार्यों में तेजी लाने को कहा। अधिकारियों के अनुसार नालियों के निर्माण में खामियां और सफाई व्यवस्था में बाधाएं जलभराव का प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। एसडीएम नादौन द्वारा जलभराव की समस्या से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की गई।

## धूमल की दूरदर्शी सोच ने हमीरपुर को बनाया शिक्षा, रोजगार और विकास का सशक्त केंद्र

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के विकास के साथ-साथ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में भी कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए, जिनसे युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के नए अवसर उपलब्ध हुए। इनमें इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (एचपीएसएसएसबी) हमीरपुर की स्थापना तथा 66 मेगावाट धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना को गति देना प्रमुख उपलब्धियां हैं।



प्रो. धूमल के प्रयासों से स्थापित आईएचएम हमीरपुर आज होटल प्रबंधन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में प्रदेश के प्रमुख संस्थानों में शामिल है। इसका उद्देश्य युवाओं को आधुनिक प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना था। वर्तमान सत्र 2026-27 में संस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 92 में से 82 अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में प्लेसमेंट दिलाई। स्थापना से अब तक यहां से बी.एससी. डिग्री, क्राफ्ट कोर्स और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के माध्यम से बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रशिक्षित होकर देश-विदेश में सेवाएं दे रहे हैं। वर्ष 1998 में स्थापित एचपीएसएसएसबी हमीरपुर ने प्रदेश के युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए एक बेहतर मंच प्रदान किया।

इसके माध्यम से लाखों अभ्यर्थियों ने भर्ती परीक्षाओं में भाग लिया और हजारों युवाओं को रोजगार मिला, जिससे हमीरपुर को भर्ती केंद्र के रूप में पहचान मिली। धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना को भी उनके कार्यकाल में महत्वपूर्ण गति मिली। यह परियोजना क्षेत्र में ऊर्जा उत्पादन के साथ रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर प्रदान करेगी।

### पपलाह पंचायत का बड़ा संकल्प: नशा मुक्त और सुरक्षित गांव बनाने की पहल

# चिट्टा व नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, किन्नरों के लिए 1100 से 2100 रुपए तक बधाई तय

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज की ग्राम पंचायत पपलाह की पहली ग्राम सभा में सामाजिक व्यवस्था, सुरक्षा और नशा मुक्त पंचायत के संकल्प को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत प्रधान सुरेंद्र जरयाल ने की। इस अवसर पर उप प्रधान अंकुश सैणी, सभी वार्ड पंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पंचायत ने स्पष्ट किया कि यदि पंचायत क्षेत्र में कोई व्यक्ति चिट्टे या अन्य किसी नशे के कारोबार में संलिप्त पाया जाता है अथवा नशीले पदार्थों का सेवन करते हुए पकड़ा जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस और संबंधित विभाग को दी जाएगी। पंचायत ने ग्रामीणों से भी अपील की कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध



फेरी वालों को लेनी होगी पंचायत से अनुमति। अनंत ज्ञान

गतिविधि की सूचना तुरंत पंचायत या पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। ग्राम सभा ने यह भी संकल्प लिया कि पंचायत क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। स्कूलों, युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएग। इसके अलावा विवाह, गृह प्रवेश, नवजात शिशु के जन्म अथवा अन्य शुभ अवसरों पर आने वाले किन्नरों को न्यूनतम 1100 रुपए तथा अधिकतम 2100 रुपए तक ही बधाई राशि दी जाएगी। अब पंचायत क्षेत्र में कोई भी फेरी वाला पंचायत की पूर्व अनुमति के बिना सामान नहीं बेच सकेगा। पंचायत का कहना है कि इससे बाहरी लोगों का रिकॉर्ड रखने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में सुविधा होगी।

# चंबोह की नारी शक्ति ने उठाई आवाज

## महिला मंडल सुविधाओं के लिए सौंपा मांग पत्र



महिला मंडल के लिए कुर्सियां और गद्दे उपलब्ध करवाने की मांग की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भारत मजदूर किसान संगठन के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुख्य कार्यालय में चंबोह ग्राम से नवनिर्वाचित बीडीसी सदस्य रीना ठाकुर, महिला मंडल की प्रधान और बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ पहुंचीं। प्रतिनिधिमंडल ने महिला मंडल के लिए कुर्सियां और गद्दे उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर संगठन को मांगपत्र सौंपा।

संगठन के पदाधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि महिला मंडल ग्रामीण विकास और सामाजिक जागरूकता की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि महिला मंडल की मांगों पर प्राथमिकता से विचार कर जल्द आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर महिलाओं को केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्हें स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, उज्ज्वला, जनधन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में केंद्र सरकार के विकास कार्यों और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा करवाए गए कार्यों पर भी चर्चा हुई। संगठन से जुड़े बीडीसी सदस्य दिनेश भाटिया ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास, युवाओं के हित, महिला सशक्तिकरण और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# हिम अकादमी स्कूल के विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** विकास नगर स्थित हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अभियान में कक्षा प्रथम से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी माताओं के सम्मान में पौधारोपण किया और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने अपने घरों, विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाए तथा प्रत्येक पौधे को अपनी मां के नाम समर्पित किया। कई विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान अभिभावकों और शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।




अभियान को विद्यालय के इको क्लब प्रभारी नेहा शर्मा, आर्यन शर्मा के मार्गदर्शन और शिखा शर्मा के सहयोग से सफल बनाया गया। प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल ने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण की नींव रखता है। इस अवसर पर अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा, उपप्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, हेडमिस्ट्रेस कंचन लखनपाल और समन्वयक मनीषा मरवाह ने विद्यार्थियों की पहल की सराहना की।

### नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने वाले व्यक्ति को 20 की सजा व जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सेशन-कम-स्पेशल जज पंकज शर्मा ने नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकतें वाले आरोपी को दोषी ठहराया और उसे पोस्को एक्ट की धारा 4 के तहत अपराध के लिए 20 साल की कठोर कैद और 20,000 रुपए का जुर्माना आईपीसी की धारा 376 के तहत अपराध के लिए 20 साल की कैद और 10,000 रुपए का जुर्माना व आईपीसी की धारा 451 के तहत अपराध के लिए 2 साल की कैद और 2,000 रुपए का जुर्माना, आईपीसी की धारा 341 के तहत अपराध के लिए 1 साल की कैद और 500 रुपये का जुर्माना और आईपीसी की धारा 506 के तहत अपराध के लिए 3 साल की कैद और 2,000 रुपए की जुर्माना की सजा सुनाई। 17.09.2022 को आरोपी पीड़िता के घर में तब घुस गया जब उसके माता-पिता घर पर नहीं थे और उसने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। अभियोजन पक्ष ने कुल 27 गवाहों से पूछताछ की।

### चमराल पंचायत की पहली ग्राम सभा में अहम फैसले

# प्रधान नीता मानदेय से गरीब लड़कियों की शादी के लिए देगी 2100 रुपए का शगुन




**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** नादौन की नवगठित ग्राम पंचायत चमराल की पहली ग्राम सभा की बैठक पंचायत प्रधान नीता कुमारी की अध्यक्षता में अस्थाई ग्राम पंचायत भवन में आयोजित की गई। बैठक में पंचायतवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधान नीता कुमारी ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई पंचायत के विकास के लिए नई चुनौतियां सामने आएंगी, लेकिन जनसहयोग से पंचायत को बेहतर बनाया जाएगा।

उन्होंने घोषणा की कि सरकार से मिलने वाले मानदेय में से 2100 रुपए अपनी ओर से पंचायत क्षेत्र के अति निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी में शगुन के रूप में प्रदान करेंगी। सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों और चौराहों पर बीड़ी, सिगरेट और शराब के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की बात कही। ग्राम सभा में किन्नरों के लिए भी राशि निर्धारित की गई, जिसमें लड़के की शादी पर 3100 रुपए और बच्चे के जन्म पर 2100 रुपए देने का निर्णय लिया गया। फेरी लगाकर सामान बेचने वालों के लिए पंचायत में पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। वहीं, चिट्टे के अवैध कारोबार की सूचना देने वाले व्यक्ति को 5000 रुपए इनाम देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर उपप्रधान सुखदेव सिंह, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव आदि उपस्थित रहे।

# संधोल अस्पताल आंदोलन से जुड़े पंचायत प्रतिनिधि और पूर्व सैनिक

## विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति व बेहतर सुविधाओं के लिए 12वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन वीरवार को 12वें दिन भी पूरे जोश और जनसमर्थन के साथ जारी रहा। आंदोलन के 12वें दिन स्थानीय निवासी चंद्रशेखर और भूपेंद्र क्रमिक अनशन पर बैठे। दिनभर बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और आंदोलनकारियों का हौसला बढ़ाया। आंदोलन को समाज के विभिन्न वर्गों का लगातार समर्थन मिल रहा है। गुरुवार को पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कर्नल खेम चंद मन्ढोत्रा, ग्राम पंचायत खनौड़ के प्रधान राकेश प्रेमी तथा समाजसेवी ठाकुर दास रांगड़ा भी धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने आंदोलनरत युवाओं से मुलाकात कर उनकी मांगों को जनहित से जुड़ा बताते हुए अपना समर्थन दिया और कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलना उनका अधिकार है।


12वें दिन मांगों को लेकर आंदोलन पर बैठे लोग। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर युवाशक्ति के अविनाश भनवाल, अविनाश ठाकुर, साजन कौंडल, राकेश जमवाल और मनीष धलारिया ने एक स्वर में कहा कि उनका आंदोलन किसी भी स्थिति में तब तक समाप्त नहीं होगा, जब तक सरकार द्वारा नियुक्त किए गए विशेषज्ञ चिकित्सक वास्तव में संधोल अस्पताल में कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेते और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवाई जातीं।

युवाशक्ति के प्रतिनिधियों ने बताया कि आंदोलन को अब महिलाओं का भी अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि नारीशक्ति की कई महिलाएं भी 13 जुलाई से प्रस्तावित आमरण अनशन में शामिल होने के लिए आगे आ रही हैं, जिससे आंदोलन को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि 13 जुलाई को प्रस्तावित विरोध रैली ऐतिहासिक होगी और इसे सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। क्षेत्र की पंचायतों, महिला मंडलों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और आम नागरिकों से लगातार संपर्क किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस जनआंदोलन का हिस्सा बन सकें। आंदोलनकारियों ने दोहराया कि उनका संघर्ष पूरी तरह शांतिपूर्ण और जनहित में है।

उनका कहना है कि जब तक नागरिक अस्पताल संधोल में सभी आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, रिक्त पदों की पूर्ति तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन और क्रमिक अनशन लगातार जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जेएनवी पंडोह में प्रवेश के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, पंडोह (जिला मंडी) के प्रधानाचार्य मनोज भटनागर ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (सत्र-2027) हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मंडी जिले के वे विद्यार्थी आवेदन के पात्र हैं जो सत्र 2026-27 में किसी मान्यता प्राप्त सरकारी अथवा गैर-सरकारी विद्यालय में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हैं। साथ ही अभ्यर्थी जिला मंडी का निवासी हो तथा मंडी जिले में ही कक्षा पांचवीं की पढ़ाई कर रहा हो। अभ्यर्थी की जन्म तिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर को आयोजित की जाएगी। उन्होंने मंडी जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, अध्यापकों तथा अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर की जानकारी अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी योग्य विद्यार्थी आवेदन से वंचित न रहे।

### पौधरोपण के साथ नशा मुक्ति का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश सरकार एवं वन मंडल अधिकारी सुकेत के निर्देशानुसार चलाए जा रहे नशा उन्मूलन जनजागरूकता अभियान के तहत वीरवार को सरकाघाट वन परिक्षेत्र की टिक्कर वन बीट के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिक्कर में पौधरोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर पौधे लगाए। विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा हरियाली बढ़ाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य और सभी शिक्षक वर्ग तथा वन खण्ड अधिकारी धौना कमलेश कुमार व वन रक्षक टिक्कर बीट विजय कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे।

### सशक्त बेटियां ही विकसित समाज की नींव : बालम राम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला द्राहल में छात्राओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) बालम राम वर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक राहुल ठाकुर ने छात्राओं को करियर काउंसिलिंग के महत्व, विभिन्न रोजगार एवं उच्च शिक्षा के अवसरों तथा अपने लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना ने व्यक्तिगत स्वच्छता (पर्सनल हाइजीन), संतुलित जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) बालम राम वर्मा ने छात्राओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

### कार से 1.875 किलो चरस बरामद, तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, करसोग।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत करसोग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक होंडा सिटी कार से 1.875 किलोग्राम चरस बरामद कर वाहन में सवार तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर दहड़ मोड़ के समीप नाकाबंदी के दौरान सफेद रंग की होंडा सिटी कार को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान पिछली सीट के नीचे रखे पीले रंग के बैग से कुल 1.990 किलोग्राम वजन का बैग बरामद हुआ, जिसमें से 1.875 किलोग्राम चरस बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में करसोग और शिमला जिले के निवासी शामिल हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद चरस कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। एसडीपीओ करसोग ने बताया कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पौड़ाकोठी स्कूल में नीलम बने एसएमसी प्रधान

**अनंत ज्ञान, महादेव।** तहसील निहरी के अंतर्गत आते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पौड़ाकोठी के प्रधानाचार्य योगेश शर्मा की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन समिति के गठन को लेकर अभिभावकों की बैठक हुई जिसमें जहां स्कूल प्रबंधन समिति गठन को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई वहीं विद्यालय के विकास को लेकर क्या योगदान रहता है इस संदर्भ में प्रधानाचार्य शर्मा ने विस्तृत रुप से जानकारी दी। तदोपरांत क्षेत्र के समाजसेवी को सर्वसम्मति से उक्त विद्यालय की विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रधान चुना गया।

### समैला स्कूल में मनाया किशोर स्वास्थ्य दिवस



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार के सौजन्य से किशोर स्वास्थ्य एवं दिवस प्रधानाचार्य राज कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समैंला में मनाया गया। इस दिवस पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक अचला कुमारी ने स्कूल के बच्चों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक परिवर्तन के बारे में बताया। किशोरावस्था संवेदनशील अवस्था होती है। ज्यादातर युवा आज बुरी संगत में जाकर नशे का शिकार हो रहे है। आज के 80 प्रतिशत से ज्यादा युवा नशे के चपेट में आ गए है। अचला कुमारी ने बताया कि नशा करने वाले व्यक्तियों को ज्यादातर मुंह का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, लिवर का कैंसर अधिक मात्रा में होता है।अचला कुमारी ने बच्चों को संतुलित आहार ले की सलाह दी। इस अवसर भाषण व कला प्रतियोगिता भी करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता मे अर्थव प्रथम, आरती द्वितीय और यशिका तृतीय रहे। कला प्रतियोगिता मे तमन प्रथम, भूमिका द्वितीय और आरुषि तृतीय रहे। इस अवसर पर एडोलसेंट हेल्थ काउंसलर चंपा वर्मा, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भारती,आशा निर्मला देवी स्कूल के अध्यापक सहित 156 बच्चे उपस्थित रहे।

## कमांद में स्टूडेंट्स को दिया नशे से दूर रहने का संदेश

**अनंत ज्ञान, जय देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कमांद में एंटी चिट्टा अभियान के तहत जागरूकता कार्यशाला एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विद्यालय के प्राचार्य लाल सिंह वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिट्टा एक घातक नशा है, जो युवाओं के भविष्य और परिवारों को बर्बाद कर देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्राध्यापक मुरारीलाल, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान डिमेश्वर दत्त, कमांद बीट के वन रक्षक रितेश शर्मा, वन मित्र खुशबू तथा स्थानीय निवासी ठाकुरदास, नंदलाल, तेज सिंह, मस्तरा गुलाबो और विश्न देव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## युवा पीढ़ी की भागीदारी से ही बनेगा नशा मुक्त समाज

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडलाधिकारी राजेंद्र कुमार गौतम ने पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में आयोजित एंटी चिट्टा अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को नशामुक्त बनाने का जनआंदोलन है। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहकर शिक्षा, अनुशासन और अपने जीवन के लक्ष्य पर पूरा ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशे की समस्या गंभीर सामाजिक चुनौती बन चुकी है, जिससे निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को गलत संगति से बचने, सकारात्मक सोच अपनाने और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। एसडीएम ने कहा कि अध्यापक विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने मित्रों, परिवार और आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि यदि कहीं नशे या मादक पदार्थों से जुड़ी कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन या पुलिस को दें। उन्होंने विश्वास जताया कि युवा पीढ़ी की जागरूकता, जनसहभागिता और सामूहिक प्रयासों से एंटी चिट्टा अभियान सफल होगा तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता रानी आजाद ने उपमंडलाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

## डीसी ने मंडी-थलौट हाईवे का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बरसात के मौसम में मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने वीरवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ मंडी से थलौट तक विभिन्न निर्माण और मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संवेदनशील स्थलों का जायजा लेकर अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने देयोड़ में निर्माणाधीन नई टनल, हणोगी टनल में चल रहे मरम्मत कार्य, झलोगी में नदी किनारे बनाई जा रही सुरक्षा दीवार, क्षतिग्रस्त टनल और राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्य संवेदनशील हिस्सों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त मदन कुमार, तहसीलदार मंडी संजीव कुमार, एसडीएम मंडी, एसडीएम बालीचौकी, एनएचएआई के परियोजना निदेशक वरुण चारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## जंगम बाग सरोवर को संवारने की उठी मांग

### भराड़ी के ग्रामीणों ने सुंदरनगर के एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** विकास खंड धनोटू की ग्राम पंचायत चांबी के भराड़ी गांव के ग्रामीणों ने ऐतिहासिक एवं धार्मिक आस्था के केंद्र जंगम बाग सरोवर की सफाई और संरक्षण की मांग को लेकर समाजसेवी परमानंद के नेतृत्व में उपमंडलाधिकारी (नागरिक) सुंदरनगर कुमार अमर नेगी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि सरोवर में शैवाल और काई की अत्यधिक वृद्धि होने से पानी दूषित हो गया है और अब पेयजल के रूप में उपयोग योग्य नहीं रह गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ श्रद्धालु मछलियों को बड़ी मात्रा में आटा डाल देते हैं तथा पूजा के बाद फूल और अन्य सामग्री भी सरोवर में प्रवाहित कर देते हैं। इससे पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है और धार्मिक स्थल की पवित्रता प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सरोवर की वैज्ञानिक तरीके से सफाई कराने, जल संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा श्रद्धालुओं के लिए जागरूकता संबंधी सूचना पट्ट लगाने की मांग की है, ताकि सरोवर की स्वच्छता और धार्मिक गरिमा बनी रहे। उन्होंने बताया कि आगामी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जंगम बाग पहुंचेंगे। ऐसे में सरोवर और मंदिर परिसर की समुचित सफाई एवं सौंदर्यीकरण कराया जाना आवश्यक है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे परिसर की विशेष सफाई कर धार्मिक स्थल की पवित्रता और ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित रखने की मांग की।


उपमंडलाधिकारी कुमार अमर नेगी को ज्ञापन सौंपते भराड़ी गांव के ग्रामीण।

◆ रथ यात्रा से पहले सरोवर की सफाई करवाने की आग्रह

## सुंदरनगर-निहरी विकास को नई दिशा देंगे नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि : राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** विधायक एवं भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने सुंदरनगर और निहरी विकास खंड के नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेकर सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी प्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास और जनसेवा को प्राथमिकता देंगे।

राकेश जम्वाल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती पंचायत और विकास खंड स्तर पर चुने गए जनप्रतिनिधियों से होती है। जनता ने जिन पर भरोसा जताया है, उनका दायित्व पारदर्शिता, जनसेवा और विकास को सर्वोच्च महत्व देना है। उन्होंने कहा कि मजबूत स्थानीय नेतृत्व से सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि सुंदरनगर और निहरी क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी तथा ग्रामीण अधोसंरचना के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं, जिन्हें सभी जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों से साकार किया जा सकता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। राकेश जमवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन और विकास की नीति पर कार्य करती है तथा संगठन जनहित के प्रत्येक कार्य में सकारात्मक सहयोग देता रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अपने कार्यकाल में विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे तथा सुंदरनगर और निहरी विकास खंड को जनकल्याण और सुशासन की दिशा में नई पहचान दिलाएंगे।


सुंदरनगर और निहरी के नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के साथ राकेश जम्वाल।

## 14 तक करें बिजली बिलों का भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उप-मंडल संख्या-11 मंडी ने अपने क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से जून माह के लंबित बिजली बिलों का भुगतान 14 जुलाई तक अनिवार्य रूप से करने का आग्रह किया है। सहायक अधिशासी अभियंता ई. सुनील शर्मा ने बताया कि निर्धारित तिथि तक बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन (मीटर) नियमानुसार बिना किसी अतिरिक्त सूचना या पत्राचार के विच्छेदित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिजली बिल अब केवल बोर्ड के अभिलेखों में दर्ज पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर ही भेजे जाएंगे। उपभोक्ता एचपीएसईबीएल की आधिकारिक वेबसाइट और एचपीएसईबीएल मोबाइल ऐप्प के माध्यम से भी अपना बिजली बिल डाउनलोड कर ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं।

## 100 पदों पर होगी सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर की भर्ती

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, मंडी द्वारा एसआईएस इंडिया लिमिटिड. आरटीए हमीरपुर के लिए सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए साक्षात्कार 13 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय, सरकाघाट में (प्रात: 10:30 बजे),14 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय, नेरचौक (बल्ह) में (प्रात: 10:30 बजे),15 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय, पधर में (प्रात: 10:30 बजे),16 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय, गोहर में (प्रात: 10:30 बजे),17 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय, करसोग में (प्रात: 10:30 बजे) आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, उनकी छायाप्रतियां, पासपोर्ट आकार के फोटो, आधार कार्ड तथा रोजगार पंजीकरण पत्र के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में उपस्थित हों। इन पदों के लिए दसवीं पास पुरुष अभ्यर्थी पात्र हैं। अभ्यर्थी की आयु 19 से 40 वर्ष, न्यूनतम लंबाई 168 सेंटीमीटर तथा वजन 55 से 95 किलोग्राम होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 8 घंटे की ड्यूटी के लिए 18,000 रुपये तथा 12 घंटे की ड्यूटी के लिए 24,000 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त ईपीएफ, ईएसआई, बीमा, पेंशन एवं ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

◆ जिले भर में 13 से 17 जुलाई तक होंगे इंटरव्यू

## अधीक्षक ग्रेड-2 की जल्द हो पदोन्नति : त्रिलोक ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश में अधीक्षक ग्रेड-1 के 30 पद खाली चल रहे हैं, जिन्हें जल्द भरने के लिए हिमाचल प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ ने आवाज बुलंद की है। हिमाचल प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी व निदेशक यूनिट के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर की अगुवाई में नव नियुक्त निदेशक सुनीता सिंह से मिला। इस मौके पर महासंघ ने अधीक्षक ग्रेड-2 से अधीक्षक ग्रेड-1 के रिक्त चल रहे 30 पदों सहित पात्र वरिष्ठ सहायकों व लिपिक से वरिष्ठ सहायकों व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को लिपिक के पद पर पदोन्नति लिस्ट जारी कर जल्द भरने की मांग की है। इसके अलावा प्रदेशभर में कार्यरत डाटा एंट्री आपरेटर के लिए स्थाई नीति बनाने के लिए भी निदेशक उच्च शिक्षा से आवाज बुलंद की है। महासंघ के राज्य महासचिव मनीष गुलेरिया ने बताया कि निदेशक ने महासंघ की मांगों को जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया है।



उन्होंने कहा कि नव नियुक्त निदेशक के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन से कर्मचारियों की लंबित मांगें पूरी होंगी और शिक्षा विभाग नई बुलंदियों को हासिल करेगा। इस मौके पर प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी व निदेशक इकाई के पदाधिकारी मौजूद रहे।

◆ प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ ने निदेशक के समक्ष बुलंद की आवाज

◆ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को लिपिक के पद पर पदोन्नत करने की जारी हो लिस्ट

## आस्था | घोर संकट से मुक्तिदाता सोमाकोठी-चलथी का दो दिवसीय 'सुप्पी' मेला संपन्न

## ममलेश्वर महादेव ने किया था 'सुप्पी' आतंक का अंत

अनंत ज्ञान

**पीयूष, करसोग।** सुकेत क्षेत्र आदिकाल से ही ऋषि-मुनियों की तपोभूमि रहा है। यह क्षेत्र केवल देवी-देवताओं, देवगणों, यक्षों, गंधर्वों और किन्नरों की आस्था का केंद्र ही नहीं रहा, बल्कि लोकमान्यताओं के अनुसार राक्षसों, बेतालों और अन्य अदृश्य शक्तियों का भी प्रभाव यहां विद्यमान रहा है। आज भी इस क्षेत्र की रमणीय वादियां, प्राचीन देवस्थल, पारंपरिक देव उत्सव और अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को समान रूप से आकर्षित करते हैं। संस्कृति मर्मज्ञ डॉ. हिमेन्द्रबाली 'हिम' तथा डॉ. जगदीश शर्मा के अनुसार सुकेत की करसोग घाटी स्थित ठाकुरठाणा पंचायत पर प्रकृति ने अपना अनुपम सौंदर्य उदारता से बिखेरा है। यहाँ स्थित प्राचीन सोमेश्वर महादेव मंदिर न केवल सुकेत क्षेत्र में, बल्कि बाह्य एवं आंतरिक सराज तथा सतलुज नदी के पार शिमला और किन्नौर जिलों तक श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। सोमाकोठी और च्वासी क्षेत्र गौरवशाली इतिहास के साक्षी रहे हैं। आज भी सुकेत रियासत की सबसे ऊंची चोटी च्वासीगढ़ पर तत्कालीन किले तथा उसकी सुरक्षा-खाई के अवशेष इतिहास की स्मृतियों को जीवंत बनाए हुए हैं।



स्थानीय जनश्रुतियों के अनुसार सोमेश्वर महादेव के साथ नाग शुन्दलु, देओ दवाहली, नाग हुन्गलु, नाग महोगी तथा सिद्ध च्वासी ने समय-समय पर इस क्षेत्र की आक्रांताओं से रक्षा की। यही कारण है कि आज भी इन देवस्थलों के प्रति लोगों की अटूट आस्था बनी हुई है। सोमेश्वर महादेव मंदिर के प्रधान देवीराम शर्मा बताते हैं कि प्राचीन काल में इस क्षेत्र में 'सुप्पी' नामक पक्षियों का अत्यधिक आतंक फैल गया था। इन पक्षियों के विशाल झुंड खेतों में लगी समस्त फसलें नष्ट कर देते थे, जिससे पूरे क्षेत्र में भुखमरी और भय का वातावरण उत्पन्न हो गया। संकटग्रस्त लोगों ने ममलेश्वर महादेव की शरण लेकर इस विपत्ति से मुक्ति की प्रार्थना की। लोकविश्वास है कि ममलेश्वर महादेव ने अपने दिव्य सामर्थ्य से 'सुप्पी' पक्षियों के आतंक का अंत कर क्षेत्रवासियों को इस संकट से मुक्त कराया। जिस स्थान पर इन पक्षियों का विनाश हुआ, वहीं लोगों ने कृतज्ञता स्वरूप 'सुप्पी मेले' का आयोजन प्रारंभ किया। ममलेश्वर महादेव की भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है और उनकी आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। मान्यता है कि उस समय देवता ने अपनी गुरवाणी के माध्यम से भक्तों को अभयदान देते हुए कहा था कि भविष्य में जब भी क्षेत्र पर कोई संकट आएगा, श्रद्धापूर्वक स्मरण करने पर उनका संरक्षण सदैव प्राप्त होगा। यही विश्वास आज भी लोगों की आस्था का आधार है।

## सुरेश सेन निशांत पर होगी संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध कवि स्व. सुरेश सेन निशांत की कविताओं पर शीघ्र ही भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जाने माने कवि, लेखक एवं साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया ने बताया कि कवि मित्र सुरेश सेन निशांत भारत के मुख्य कवियों में से एक रहे हैं, उन पर साहित्य जगत में चुप्पी साधे रखना सही नहीं है। हालांकि खासतौर पर वह स्वयं, कलमकार मनोज चौहान और पवन चौहान प्रायः निशांत की कविताओं पर चर्चा और बातचीत करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सुरेश सेन निशांत की समृति में साहित्यिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सेन के नाम पर प्रतिवर्ष कविता सम्मान देने पर संजीदगी से विचार किया जाएगा। यह दुर्भाग्य भी कहा जाएगा कि हिमाचल के कवियों में निशांत के प्रति एक लंबा मौन आश्चर्यजनक है। कृष्ण चंद्र महादेविया ने बताया कि वह अपनी ओर से भी पुरस्कार देने पर विचार कर सकते हैं।

मनुष्य अपना स्वामी नहीं, परिस्थितियों का दास है।
–भगवतीचरण वर्मा

## संपादकीय

# अमेरिका-ईरान तनाव चिंताजनक

कुछ दिनों की शांति के बाद अमेरिका और ईरान के बीच फिर से तनाव बढ़ना पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन गया है। दोनों देश एक-दूसरे पर हमले की शुरुआत करने का आरोप लगा रहे हैं और अपने-अपने पक्ष में दावे कर रहे हैं, लेकिन इन आरोप-प्रत्यारोपों से न तो हालात सुधरेंगे और न ही दुनिया को राहत मिलेगी। वास्तविकता यह है कि किसी भी संघर्ष का सबसे बड़ा नुकसान आम लोगों को उठाना पड़ता है। युद्ध की आग केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसका प्रभाव पूरी वैश्विक व्यवस्था पर पड़ता है।

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। सबसे बड़ी चिंता कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर है। दुनिया के कई देश ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी क्षेत्र पर निर्भर हैं और होर्मुज जलडमरूमध्य इस लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। यदि इस मार्ग से तेल की आपूर्ति बाधित होती है तो इसका असर केवल ईंधन की कीमतों तक सीमित नहीं रहेगा, वरन परिवहन, उद्योग और आम जरूरत की वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि हो सकती है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे लोगों के लिए यह स्थिति और कठिनाइयां पैदा कर सकती है।

युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। इतिहास गवाह है कि संघर्षों से समस्याएं खत्म होने के बजाय अक्सर नई समस्याएं पैदा होती हैं। जान-माल का नुकसान, आर्थिक अस्थिरता और क्षेत्रीय अशांति युद्ध की सबसे बड़ी कीमत होती है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब दोनों देशों के बीच बातचीत और समझौते की कोशिशें चल रही थीं, तो फिर हालात इस स्तर तक कैसे पहुंच गए। अमेरिका और ईरान के बीच विवाद कोई नया नहीं है। दोनों देशों के संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं। परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव और सैन्य गतिविधियों को लेकर दोनों पक्षों के बीच मतभेद बने हुए हैं। समय-समय पर बातचीत के प्रयास हुए, लेकिन अविश्वास की गहरी खाई के कारण स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। यही अविश्वास बार-बार तनाव को जन्म देता है।

हाल के घटनाक्रमों में ईरान की ओर से अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने और इसके जवाब में अमेरिका द्वारा हवाई हमलों की कार्रवाई ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। दोनों पक्ष अपने कदमों को आत्मरक्षा बता रहे हैं, लेकिन ऐसी कार्रवाइयां तनाव को कम करने के बजाय और बढ़ाती हैं। एक छोटी-सी गलतफहमी या गलत रणनीतिक फैसला बड़े संघर्ष का रूप ले सकता है, जिसका खामियाजा केवल संबंधित देशों को नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को भुगतना पड़ सकता है। इस समय सबसे जरूरी है कि दोनों देश संयम दिखाएं और बातचीत का रास्ता खुला रखें। सैन्य ताकत किसी देश को कुछ समय के लिए बढ़त दिला सकती है, लेकिन स्थायी शांति केवल संवाद और कूटनीति से ही संभव है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भी जिम्मेदारी है कि वह केवल बयान जारी करने तक सीमित न रहे, बल्कि तनाव कम करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाए।

संयुक्त राष्ट्र और प्रभावशाली देशों को मिलकर ऐसा माहौल बनाना होगा, जिसमें दोनों पक्ष सम्मानजनक तरीके से बातचीत कर सकें। किसी भी देश की सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन इसका समाधान युद्ध के माध्यम से निकालना मानवता के हित में नहीं है। बातचीत की मेज पर ही ऐसे रास्ते तलाशे जा सकते हैं, जो सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हों। दुनिया पहले ही कई चुनौतियों से जूझ रही है। आर्थिक अस्थिरता, महंगाई, जलवायु परिवर्तन और क्षेत्रीय संघर्षों के बीच एक और बड़ा युद्ध वैश्विक व्यवस्था को कमजोर कर सकता है।

ऊर्जा बाजार में अस्थिरता का असर विकासशील देशों पर सबसे अधिक पड़ता है, जहां आम जनता को बढ़ती कीमतों का सीधा सामना करना पड़ता है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि शक्ति प्रदर्शन से अधिक महत्वपूर्ण अपने नागरिकों का भविष्य है। मौजूदा तनाव को समाप्त करने के लिए तत्काल युद्धविराम, बातचीत की बहाली और आपसी विश्वास बढ़ाने के प्रयास जरूरी हैं। पूरी दुनिया की नजर इस संघर्ष पर टिकी है। उम्मीद यही की जानी चाहिए कि दोनों देश समझदारी दिखाएंगे और ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगे, जिससे वैश्विक शांति और करोड़ों लोगों का भविष्य खतरे में पड़े।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय क्रिकेट का 'लिटिल मास्टर'

**भारतीय** क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में शुमार सुनील मनोहर गावस्कर का जन्म 10 जुलाई 1949 को मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ। 'सनी' और 'लिटिल मास्टर' के नाम से प्रसिद्ध गावस्कर ने अपने अद्भुत बल्लेबाजी कौशल से विश्व क्रिकेट में भारत का गौरव बढ़ाया। वह टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार से अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाजों में शामिल रहे और 34 टेस्ट शतकों के साथ उन्होंने लंबे समय तक सर डॉन ब्रैडमैन के रिकॉर्ड को चुनौती दी।



सुनील मनोहर गावस्कर
जन्म : 10 जुलाई, 1949

गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज दौरे से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और अपनी पहली ही टेस्ट सीरीज में 774 रन बनाकर दुनिया को अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तकनीक, धैर्य और अनुशासन उनकी बल्लेबाजी की सबसे बड़ी विशेषताएं थीं। तेज गेंदबाजों के दौर में उन्होंने दुनिया के खतरनाक गेंदबाजों का डटकर सामना किया और भारतीय बल्लेबाजी को नई पहचान दी।

अपने करियर में गावस्कर ने कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए। वह एक कैलेंडर वर्ष में हजार से अधिक टेस्ट रन बनाने वाले शुरुआती बल्लेबाजों में रहे। उन्होंने भारतीय टीम का नेतृत्व भी किया और कप्तान के रूप में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। 1975-76 में न्यूजीलैंड दौरे पर उनकी कप्तानी में भारत ने सफलता हासिल की, जबकि 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने कप्तान के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

क्रिकेट में उनके योगदान के लिए उन्हें 1975 में अर्जुन पुरस्कार और 1980 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। क्रिकेट से संन्यास के बाद भी वह कमेंटेटर और लेखक के रूप में खेल से जुड़े रहे। उनकी आत्मकथा 'सनी डेज' सहित कई पुस्तकें क्रिकेट प्रेमियों के बीच लोकप्रिय हैं। सुनील गावस्कर ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और शानदार तकनीक से दुनिया में भारतीय क्रिकेट की प्रतिष्ठा स्थापित की। बुलंदियां छूने वाले इस महान क्रिकेटर का करियर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।



कविता

### बरसात का मौसम

डॉ.पीसी कौंडल, वरिष्ठ साहित्यकार, गांव दादौह
डॉ. धावन, तहसील बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.)

**बरसात** का मौसम अब आ गया है, जो आते ही कहर ढा गया है।
खेतों-खलिहानों में पानी भर गया, फसलों का काफी नुकसान कर गया।
नदियों नालों में पानी भर गया है, जो सबको भयभीत कर गया है।
ये मौसम सड़कें अवरुद्ध कर गया है, सबका आना जाना दूभर कर गया है।
अंबर में कड़कती है जब बिजली,सांसें सबकी रुक जाती हैं।
आग का गोला बनकर बिजली, आमजन का नुकसान कर जाती है।
अंबर में जब काले बादल, घटा घनघोर जब छा जाते हैं।
तब पूरे अंबर को ये बरसाती बादल, अंधेरे में डुबो जाते हैं।
बाढ़ से असंख्य सड़कें टूट चुकी हैं, जिसमें अनेकों गाड़ियां बह चुकी हैं
तीन-चार मंजिले मकान बहते जा रहे हैं
ये बादल फटकर दर्दनाक मंजर करते जा रहे हैं।
ये बरसाती मौसम हर बार दर्द देता जा रहा है
असंख्य प्राणियों को अपने आगोश में लेता जा रहा है।
बचाव के इंतजाम सरकार को शीघ्र करने होंगे
अन्यथा जनता को इसके अंजाम भरने होंगे।

# ग्रामीण विकास के लिए स्वरोजगार बढ़ाने की आवश्यकता



रामलाल पाठक
स्वतंत्र लेखक

जनसंख्या बढ़ जाने के साथ ही हमारे देश एवं प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, पशु-पालन एवं बागवानी आदि का कार्य कम होने तथा पारंपरिक व्यवसाय बंद होने से ग्रामीण स्तर पर रोजगार कम हुए हैं। ग्रामीणों ने भी अब पहले की तरह कड़ी मशक्कत करनी भी छोड़ दी है। इससे उनमें गर्मी व सर्दी सहन करने की भी क्षमता कम हुई है। नतीजन उन्हें कई बीमारियां भी घेरने लगी हैं।

कृषि से संबंधित कार्य के लिए ट्रैक्टर व अन्य आधुनिक मशीनों के उपयोग में आने से भी पारंपरिक व्यावसाय न के बराबर रह गए हैं। यदि कहीं ऐसे छिटपुट व्यवसाय चल भी रहे हैं तो वह घाटे का सौदा साबित हो रहे हैं। जिस काम को पहले चार लोग चार दिनों में पूरा करते थे, अब मशीनों से उस काम को कुछ ही समय में पूरा किया जा सकता है। इसके साथ ही मशीनों से होने वाला काम या उत्पाद सस्ता भी पड़ जाता है, जबकि हाथ से बनाए उत्पाद को बड़ी मुश्किल से औने-पौने दाम पर बेचना पड़ता है। कई बार तो ऐसे कारीगरों को काफी घाटा भी उठाना पड़ता है। ग्रामीण स्तर पर लघु एवं कुटीर उद्योगों में भी भारी कमी आई है। इससे लोगों के पास काम धंधा न होने से भी बेरोजगारी बढ़ी है। हालांकि, सरकार ऐसे उद्योगों के पुनरोत्थान के लिए संबंधित लोगों को वितीय मदद भी दे रही है लेकिन लोगों को ऐसा रोजगार चाहिए जिसमें प्रति माह निर्धारित धनराशि मिले ताकि आसानी से वे अपना और अपने परिवार का गुजारा कर सकें। ग्रामीण क्षेत्र में बड़े उद्योग स्थापित न होने से युवा वर्ग रोजगार की तलाश में गांव से शहरों की ओर पलायन कर रहा है। सारा सामाजिक ढांचा नगरों-महानगरों के आसपास बिखर गया है। किसानों द्वारा खेतीबाड़ी का काम कम करने या छोड़ देने से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर उपजाऊ भूमि बंजर होने के कगार पर पहुंच गई है। उस भूमि में बड़ी मात्रा में जहरीली घास फैल गई है। इससे पर्यावरण प्रदूषण फैल रहा है तथा पशुचारे की भी कमी हो गई है। इसके चलते पशुपालकों ने अपने पशु भी नगर-कस्बों की ओर धकेल दिए हैं।

पहले गांव में जब व्यापक स्तर पर कृषि का काम होता था तो उसके साथ और भी कई पारंपरिक व्यवसाय थे। किसान अपनी उपज से ही उनका मेहनताना चुकाते थे। नकद पैसे का लेनदेन बहुत ही कम था। ऐसा भी कहा जाता है कि सरकार की कुछ कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर



कम ही दिखाई दे रही है। यह भी सच्चाई है कि कुछ लोगों के ढुलमुल रवैये के चलते कृषि एवं पशुपालन के व्यवसाय में बेहद कमी आई है। एक समय था जब किसान अपनी उपज से अपने परिवार के साथ ही अन्य पारंपरिक व्यवसाय करने वालों के परिवार का भी पेट पालता था। लोहार लोहे या लकड़ी के औजार व अन्य उपकरण बनाते थे। कारीगर बांस की टोकरियां, अनाज रखने वाली बड़ी बड़ी पेड़ियां व अन्य छोटी मोटी वस्तुएं बनाते थे। खड्डों नालों के किनारे घराट चलाने वाले, मिट्टी के बर्तन बनाने वाले, जूते बनाने या उनकी मरम्मत करने वाले, बाल काटने वाले तथा ऊनी कपड़े बुनने वाले आदि व्यवसाय से जुड़े लोग अब गांव में कहीं ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। लोगों को रोजी रोटी की तलाश में कहीं दूर जाना पड़ता है। अपने घर का खर्च चलाने के लिए उन्हें नकद पैसे की भी जरूरत होती है। पहले ऐसे व्यवसाय करने वालों की काफी कदर होती थी। किसान हर फसल आने पर उन्हें काम के मुताबिक अनाज देते थे। इससे उनका गुजारा चला रहता था। ये सब किसानों की जरूरतों को पूरा किया करते थे। लोग अनाज बेचकर रोजमर्रा का समान खरीद लिया करते थे, लेकिन अब लोगों की दौड़ पैसे के लिए हो गई है। हम जो खा पी रहे हैं उसकी गुणवत्ता की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसलिए तरह तरह की बीमारियां बढ़ना भी स्वभाविक ही है। हालांकि, सरकार ने परंपरागत व्यवसायों के पुनरुत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं, लेकिन उनका सही ढंग से कार्यान्वयन नहीं हो रहा है। इस वजह से ऐसे व्यवसाय फिर से नहीं पनप रहे हैं। यह तभी संभव हो पाएगा यदि कृषि के क्षेत्र का उत्थान होगा, क्योंकि ये सब व्यवसाय कृषि से ही जुड़े हैं।

कृषि के साथ पशुपालन का व्यवसाय भी लगातार सिमटता जा रहा है। आधुनिक मशीनों के बढ़ते उपयोग के बावजूद कई क्षेत्रों में आज भी बैलों से खेती की जाती है। ऐसे किसानों को बैल पालन के लिए विशेष प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। वहीं, दुग्ध उत्पादकों को घर-द्वार पर दूध का उचित मूल्य और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इससे पशुपालकों को पशु छोड़ने की मजबूरी नहीं होगी और बेसहारा पशुओं की समस्या भी कम होगी।

सरकार कृषि और पशुपालन के लिए कई योजनाएं व सब्सिडी संचालित करती है, लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाता। ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मचारियों की कमी, जटिल प्रक्रियाएं और जागरूकता के अभाव के कारण किसान इन योजनाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पाते। यदि सरकार योजनाओं को सरल, पारदर्शी और प्राथमिकता के आधार पर लागू करे, तो कृषि और पशुपालन को नया संबल मिलेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, रोजगार बढ़ेगा और महंगाई पर नियंत्रण पाने में भी मदद मिलेगी।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# मानसून में स्ट्रीट फूड: स्वाद के साथ सेहत और निगरानी भी जरूरी



राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार, हिमाचल प्रदेश

मानसून का जिक्र आते ही बारिश के आनंद की अनुभूति होती है। घर के अंदर बैठे हुए बाहर खिड़कियों से रिमझिम बरसती पानी की बूंदों को निहारना और पानी में भीगने से लेकर अपनी दोनों बाहें फैलाए हुए नृत्य करना किसे नहीं भाता भला ऐसे मौसम में। हां, उस पर यदि गरमागरम पकौड़े हो जाएं चटपटी चटनी के साथ तो बात ही क्या, आ गया न मुंह में भी पानी बरसात वाला, लेकिन मानसून के इस मौसम में हमें अपनी सेहत के लिए भी बड़ा सजग रहने की जरूरत होती है।

हमारे घर से बाहर होने पर मौज-मस्ती करने कहीं जाते हुए राह चलते हुए सड़क किनारे रास्ते में छोले-भटूरे, चाट-पकौड़ी और आइसक्रीम के ठेलों पर हम बड़े चाव से ऐसी चीजें खाते हैं। और यह चाट-पकौड़ी, छोले-भटूरे, टिक्की, समोसे के ठेले हमें प्राय: कहीं न कहीं दिख ही जाते हैं। अपना वाहन हो तब तो बात ही कुछ और होती है। वैसे भी जब हम बस, टैक्सी में भी सफर कर रहे हों या फिर अपने ही गांव नगर शहर में घूमने फिरने गए हों ऐसे ठेले वाले कहीं न कहीं मिल ही जाते हैं।

अपने वाहन में तो कहीं भी यह चाट पकौड़ी वाले दिखते ही मुंह में लार आना स्वाभाविक होता है । और झट से हम बिना कुछ पूछताछ किए अपनी अपनी पसंद की ऐसी चीजें बेचते हुए दुकानदार को बताकर खूब चटखारे लेकर खाते हैं। अब बात आती है पैसे देने की तो हमारी चीख निकलते निकलते गले में अटक जाती है। पता है क्यों, क्योंकि हम बिना मोल भाव किए हुए अपनी मनपसंद वस्तु का स्वाद तो चख लिए होते हैं। भला अब मोल देने में चूं चपड़ कैसी।

यह ठेले वाले हमें अपने शहर, गली-मोहल्ले और बस ठहराव के साथ ही अक्सर चौराहों पर मिल जाते हैं। इनकी बनाई गई चीजों पर सेहत से संबंधित स्थानीय विभाग का कोई कड़ा शिकंजा हो प्रतीत नहीं होता।



हिमाचल प्रदेश में ऐसे ठेले वाले आमतौर पर हर जिला, तहसील, गांव, शहर में मिल ही जाएंगे। अधिकतर यह दूसरे राज्यों से आए लोग ही हैं जो अपने रोजगार की तलाश में हिमाचल जैसे 'समृद्ध' प्रदेश में अपनी रोजी रोटी का इंतजाम करने के लिए ऐसी ही खाद्य वस्तुएं बेचते हुए करते हैं। वह बड़े आराम से अपना जीवन काट रहे हैं, क्योंकि इन पर न तो स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और न ही स्थानीय प्रशासन का कोई दबाव रहता होगा, कह नहीं सकता। गोलगप्पे, छोले-भटूरे, टिक्की-छोले वाले हों या फिर आइसक्रीम वाले यह खूब चूना लगाते हैं अपने खाद्य पदार्थों की बिक्री करते हुए हम ग्राहकों को, क्योंकि दो टिक्की और सफेद काबुली छोले डालकर ये लोग पूरे साठ-सत्तर रुपए ऐंठ लेते हैं। ऐसे में दुकानदार और ग्राहकों में लेन देन करते हुए कहासुनी होकर बात लड़ाई झगड़े और खून खराबे तक पहुंच जाती है।

स्थानीय प्रशासन की ओर से इन फेरी विक्रेताओं की कीमतों और गुणवत्ता की प्रभावी निगरानी कम ही नजर आती है। कार्रवाई होने पर भी ठेले कुछ समय बाद दूसरी जगह फिर लग जाते हैं। हिमाचल प्रदेश के बाकी स्थानों की तो बात छोड़िए अपने पालमपुर की ही बात करूं तो यहां अनगिनत ठेले जहां कहीं लगे रहते हैं जो अपने खाद्य पदार्थों को अपने मन मुताबिक भाव लेकर ग्राहकों को धड़ल्ले से बेचते हैं।

ऐसे ठेले नगर निगम पालमपुर क्षेत्र के साथ लगती सीमा पर भी देखने को मिल जाएंगे। इसी तर्ज पर प्रदेश के अन्य जिलों की स्थिति भी ऐसी ही है, जिस पर तुरंत नियंत्रित करना बेहद आवश्यक होगा। बात जगह जगह पर अपना रोजगार फैलाने की नहीं है, बात है स्वास्थ्य और सीमित भाव की जिसे ये लोग दरकिनार किए बैठे हैं।

स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि अन्य स्थानीय बाजार भावों की ही भांति इनके खाद्य पदार्थों के बिक्री भाव भी सुनिश्चित करे। साथ ही स्थानीय और संबंधित स्वास्थ्य विभाग भी समय समय पर इनके खाद्य पदार्थों का निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित करे जिससे प्राय: मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव किए जा सकें।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# मासूमों से दरिंदगी : समाज की संवेदनशीलता और सुरक्षा व्यवस्था की परीक्षा



प्रो. मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय, बड़सर

किसी भी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने बच्चों को कितना सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराता है। बच्चे देश का भविष्य होते हैं और उनका संरक्षण केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। जब किसी मासूम बच्ची के साथ यौन हिंसा जैसी अमानवीय घटना सामने आती है तो यह केवल एक परिवार की पीड़ा नहीं होती, बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बन जाती है। ऐसी घटनाएं समाज की संवेदनशीलता, सुरक्षा व्यवस्था और नैतिक मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

देश के विभिन्न हिस्सों से समय-समय पर सामने आने वाली बाल अपराधों की घटनाएं यह स्पष्ट करती हैं कि केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं है। बच्चों की सुरक्षा के लिए परिवार, विद्यालय, समाज, प्रशासन और न्याय व्यवस्था को मिलकर प्रभावी भूमिका निभानी होगी। किसी बच्ची के साथ होने वाली यौन हिंसा उसके शरीर को ही नहीं, बल्कि उसके मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और भविष्य को भी गहरा नुकसान पहुंचाती है। ऐसे घाव कई बार जीवनभर बने रहते हैं।

ऐसे मामलों में समाज का पहला कर्तव्य पीड़ित बच्ची और उसके परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाना होना चाहिए। दुर्भाग्य से कई बार लोग घटना को समझने के बजाय अफवाहें फैलाने, पीड़ित परिवार पर सवाल उठाने या उनकी निजता भंग करने जैसी गलतियां करते हैं। यह रवैया पीड़ित के दर्द को और बढ़ा देता है। समाज को चाहिए कि वह पीड़ित के साथ खड़ा हो और उसे न्याय दिलाने में सहयोग करे।

बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा देने के लिए देश में कठोर कानून मौजूद हैं, लेकिन उनका प्रभावी पालन सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे मामलों में जांच निष्पक्ष और तेज होनी चाहिए तथा न्याय प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी होनी चाहिए। अपराधी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे कानून के अनुसार सजा मिलनी चाहिए। इससे समाज में यह विश्वास मजबूत होगा कि बच्चों के खिलाफ अपराधों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।



बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता भी बेहद जरूरी है। उन्हें उनकी उम्र के अनुसार गुड टच और बैड टच जैसी बुनियादी जानकारियां दी जानी चाहिए। माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों के साथ ऐसा विश्वासपूर्ण रिश्ता बनाना चाहिए, जिसमें वे अपनी हर परेशानी बिना डर के साझा कर सकें। कई बार बच्चे डर या संकोच के कारण अपनी बात नहीं बता पाते, इसलिए उन्हें सुरक्षित संवाद का माहौल देना आवश्यक है। आज के डिजिटल दौर में बच्चों की सुरक्षा की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से भी बच्चों को निशाना बनाया जा सकता है। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर जिम्मेदार निगरानी रखनी चाहिए और उन्हें इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी देनी चाहिए। सरकार और प्रशासन की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। विद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी होगी। शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को संवेदनशील प्रशिक्षण तथा जागरूकता अभियान चलाना समय की जरूरत है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने के लिए आगे आना चाहिए।

मीडिया को बाल अपराधों की खबरों में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बरतनी चाहिए। पीड़ित की पहचान और निजता की रक्षा करना उसका दायित्व है। परिवार बच्चों की पहली सुरक्षा दीवार है, इसलिए माता-पिता को संवाद और विश्वास का माहौल बनाना होगा। बच्चों के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना मजबूत कर ही एक संवेदनशील समाज का निर्माण संभव है। मासूमों के खिलाफ अपराध सभ्य समाज पर कलंक हैं।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए मजबूत सामाजिक सुरक्षा तंत्र जरूरी



डॉ. राजकुमारी
साइकोलॉजिस्ट

नशा आज एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है, जो समाज को भीतर से कमजोर कर रहा है। इसकी चपेट में बच्चे, युवा और बुजुर्ग तक आ रहे हैं। नशे के बढ़ते प्रभाव से केवल व्यक्ति का जीवन ही प्रभावित नहीं होता, बल्कि पूरा परिवार मानसिक, सामाजिक और आर्थिक परेशानियों से घिर जाता है। नशा मुक्त समाज का निर्माण किसी एक व्यक्ति या संस्था के प्रयास से संभव नहीं है। इसके लिए परिवार, समाज, प्रशासन और प्रत्येक नागरिक को मिलकर एक मजबूत सुरक्षा तंत्र तैयार करना होगा। नशा व्यक्ति के जीवन में धीरे-धीरे प्रवेश करता है।

अक्सर इसकी शुरुआत गलत संगति, दोस्तों के दबाव या केवल एक बार आजमाने की इच्छा से होती है, लेकिन यही छोटी-सी शुरुआत आगे चलकर गंभीर लत का रूप ले लेती है। नशे की गिरफ्त में आने के बाद व्यक्ति अपनी सोचने-समझने की क्षमता खोने लगता है और धीरे-धीरे अपने जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं से दूर होता चला जाता है।

आज कई लोग तनाव, अवसाद, पारिवारिक परेशानियों या जीवन की चुनौतियों से बचने के लिए नशे का सहारा लेने लगते हैं। उन्हें लगता है कि नशा उनकी समस्याओं को कुछ समय के लिए भुला देगा, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह समस्याओं को और अधिक बढ़ा देता है। नशे की आदत व्यक्ति की पढ़ाई, नौकरी, स्वास्थ्य और सामाजिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।

नशे का सबसे बड़ा असर परिवार पर पड़ता है। नशे के कारण घरों में तनाव, घरेलू कलह, आर्थिक संकट और रिश्तों में दूरी बढ़ने लगती है। परिवार के सदस्यों का विश्वास टूटता है और कई बार वर्षों से बने रिश्ते भी बिखर जाते हैं। एक व्यक्ति की नशे की आदत पूरे परिवार की खुशियों और शांति को प्रभावित करती है। नशा स्वास्थ्य के लिए भी बेहद खतरनाक है। इससे मानसिक संतुलन बिगड़ सकता है और व्यक्ति में गुस्सा, चिंता, अवसाद जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। लंबे समय तक नशे का सेवन शरीर के महत्वपूर्ण अंगों जैसे लीवर, फेफड़ों और हृदय को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। कई बार यह व्यक्ति को ऐसी स्थिति में पहुंचा देता है, जहां से बाहर निकलना कठिन हो जाता है। नशे का संबंध अपराधों से भी जुड़ता जा रहा है। अपनी लत को पूरा करने के लिए कुछ लोग चोरी, हिंसा और अन्य आपराधिक गतिविधियों का सहारा लेने लगते हैं। इससे न केवल उनका जीवन बर्बाद होता है, बल्कि समाज में अपराध का वातावरण भी बढ़ता है और कानून व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।



दुर्भाग्यपूर्ण यह भी है कि कुछ स्थानों पर नशे को आधुनिक जीवनशैली या दिखावे से जोड़कर देखा जाने लगा है। खुद को अलग और प्रभावशाली दिखाने की चाह में युवा इस रस्ते पर कदम बढ़ा देते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि नशा किसी व्यक्ति को आधुनिक नहीं बनाता, बल्कि उसके स्वास्थ्य, भविष्य और सम्मान को नुकसान पहुंचाता है।

नशे की समस्या से बाहर निकलने के रास्ते हमेशा खुले होने चाहिए। जरूरत है कि नशे से प्रभावित लोगों को तिरस्कार नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन और सहयोग मिले। परिवार का समर्थन, समाज की जागरूकता और समय पर उपचार व्यक्ति को नई जिंदगी दे सकते हैं। युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों, खेल, शिक्षा और रचनात्मक कार्यों से जोड़ना भी जरूरी है।

( ये लेखिका के निजी विचार हैं )

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## स्पोर्ट्स विंडो

### पलानी, उस्मानी, रूडी आईसीसी एसोसिएट सदस्यों के बने निदेशक

**एजेंसी, एडिनबर्ग।** फ्रांस के गुरुमूर्ति पलानी, संयुक्त अरब अमीरात के मुबाशिर उस्मानी और नामीबिया के रूडी वान वूरेन को दो साल के कार्यकाल के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एसोसिएट सदस्य देशों का निदेशक चुना गया। यह चुनाव आईसीसी की सालाना कांफ्रेंस के दौरान हुए। पलानी और वान वूरेन पहली बार आईसीसी बोर्ड में शामिल होंगे जबकि उस्मानी को दोबारा चुना गया है। चुनाव पांच उम्मीदवारों के बीच हुए जिनमें उस्मानी, इमरान ख्वाजा, महिंदा वल्लीपुरम, पलानी और वान वूरेन शामिल थे। चुनाव में 43 एसोसिएट सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया। अमेरिकी क्रिकेट और क्रिकेट कनाडा आईसीसी सदस्यता से निलंबित होने के कारण मतदान में हिस्सा नहीं ले सके। (अनंत ज्ञान)

### हैमस्ट्रिंग चोट के कारण लिटन जिम्बाब्वे के बाकी वनडे मैचों से हुए बाहर

**एजेंसी, हरारे।** बंगलादेश के बल्लेबाज लिटन कुमार दास हैमस्ट्रिंग चोट के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ शेष एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गये हैं। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बुधवार को बताया कि हैमस्ट्रिंग की चोट से ठीक न हो पाने के कारण बल्लेबाज लिटन कुमार दास हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ बाकी वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। बीसीबी ने बताया कि लिटन की जगह दूसरे और तीसरे वनडे के लिए बाएं हाथ के बल्लेबाज परवेज हुसैन एमोन को टीम में शामिल किया गया है, जबकि लिटन अपने रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) को जारी रखने के लिए ढाका लौटेंगे। बंगलादेश टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने कहा, 'लिटन पहले ही पहला वनडे नहीं खेल पाए थे और अभी भी मैच के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। आज उनका फिटनेस टेस्ट हुआ और उसका नतीजा संतोषजनक नहीं रहा। चूंकि लगातार वनडे मैच होने हैं, इसलिए हमें नहीं लगता कि वे सीरीज़ में खेलने लायक ठीक हो पाएंगे।' (अनंत ज्ञान)

# फीफा विश्व कप फाइनल में होगा संगीत का महाकुंभ

## हाफटाइम शो में मैडोना, शकीरा, जस्टिन बीबर समेत कई दिग्गज कलाकार देंगे प्रस्तुति

**एजेंसी, लंदन**





फीफा विश्व कप-2026 का फाइनल फुटबॉल के साथ-साथ संगीत की दुनिया में भी नया इतिहास रचने जा रहा है। पहली बार विश्व कप फाइनल में हाफटाइम शो आयोजित होगा, जिसमें वैश्विक पॉप स्टार जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे दिग्गज कलाकार एक ही मंच पर प्रस्तुति देंगे। यह आयोजन 19 जुलाई को न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में विश्व कप फाइनल के दौरान होगा।

फीफा और ग्लोबल सिटिजन ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि जस्टिन बीबर इस ऐतिहासिक शो के सह-हेडलाइनर होंगे। उनके अलावा नाइजीरियाई गायक बर्ना बॉय, विश्व प्रसिद्ध ऑर्केस्ट्रा कंडक्टर गुस्तावो डुडामेल, पीएस-22 कोरस और रॉक बैंड कोल्डप्ले भी प्रस्तुति देंगे। पूरे शो का क्यूरेशन कोल्डप्ले के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने किया है।

यह हाफटाइम शो केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगा। इसका उद्देश्य फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड के लिए 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाना है। यह फंड दुनिया भर के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फुटबॉल से जुड़ने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए बनाया गया है। अब तक 5 करोड़ डॉलर से अधिक की राशि जुटाई जा चुकी है। साथ ही विश्व कप 2026 के प्रत्येक टिकट की बिक्री से एक अमेरिकी डॉलर इस फंड में दान किया जाएगा।

फीफा अध्यक्ष जियानी इनफैनटिनो ने कहा कि शिक्षा दुनिया की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है और यह हाफटाइम शो फुटबॉल, संगीत तथा मानवीय मूल्यों के साथ शिक्षा के उद्देश्य को भी आगे बढ़ाएगा। जस्टिन बीबर ने कहा कि विश्व कप पूरी दुनिया को जोड़ने वाला मंच है और इस ऐतिहासिक शो का हिस्सा बनना उनके लिए गर्व की बात है। वहीं बर्ना बॉय ने इसे अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान बताते हुए कहा कि यह आयोजन फुटबॉल और संस्कृति के उत्सव के साथ दुनिया भर के बच्चों की शिक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय स्पिनर साई किशोर फिर खेलेंगे काउंटी क्रिकेट, ग्लॉस्टरशायर से किया करार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर एक बार फिर इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। 29 वर्षीय साई किशोर ने ग्लॉस्टरशायर के साथ 2026 काउंटी चैंपियनशिप सीजन के अंतिम छह मुकाबलों के लिए अनुबंध किया है। वह 20 अगस्त से वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ चेल्टेनहैम में होने वाले मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। इसके बाद वह डर्बीशायर और मिडिलसेक्स के खिलाफ ब्रिस्टल में तथा डरहम, लंकाशायर और केंट के खिलाफ होने वाले अवे मुकाबलों में भी ग्लॉस्टरशायर का प्रतिनिधित्व करेंगे। साई किशोर ने तमिलनाडु के लिए 54 प्रथम श्रेणी मैचों में 223 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने 14 बार पांच विकेट और 11 बार चार विकेट लेने का कारनामा किया है। इससे पहले वह 2025 में सरे की ओर से काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं, जहां उन्होंने डरहम के खिलाफ जीत के दौरान प्रतियोगिता में अपना पहला पांच विकेट हॉल हासिल किया था।

साई किशोर ने क्लब की ओर से जारी बयान में कहा, 'मैं जॉन और ग्लॉस्टरशायर के सभी लोगों का दिल से आभारी हूं जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया। ग्लॉस्टरशायर एक समृद्ध इतिहास वाला क्लब है और यहां का शानदार माहौल मुझे बेहद उत्साहित करता है।' उन्होंने आगे कहा कि हमेशा इंग्लैंड की परिस्थितियों में अपने खेल को परखना चाहता था। (अनंत ज्ञान)

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

मैं बबूदा देवी 73 वर्ष विधवा पत्नी ज्ञान चन्द गांव राम नगर डाकघर टटेहल तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि प्र ध्यान करती हूं कि मेरा नाम सभी दस्तावेजों ईसीएचएस कार्ड, पीपीओ में बबूदा देवी सही दर्ज है। लेकिन मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम बुगरो देवी गल्त लिखा गया है। अतः बबूदा देवी व बुगरो देवी एक ही औरत के नाम हैं। मुझे मेरे सही नाम बबूदा देवी के नाम से ही जाना जाए। संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

मैं हरी सिंह, पुत्र किरपा निवासी गांव डोढ़वां डाकघर भोजपुर तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हि.प्र घोषणा करता हूं कि मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम गलती से सरू राम दर्ज है, मेरे पिता का सही नाम किरपा है।

**व अदालत नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता, श्रेणी-॥ भवारना जिला कांगड़ा (हि0प्र0)**
मुकदमा न0 812576/2026
किस्म मुकदमा नाम दरुस्ती
तारीख पेशी 07-07-2026
बनाम- कुलदीप चंद पुत्र नत्थू निवासी महाल ड्रोह खास उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0
आम जनता
**विषय:- नाम की दरुस्ती करने बारे।**
प्रार्थी कुलदीप चंद पुत्र नत्थू निवासी महाल ड्रोह खास उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय स्वघोषणा पत्र द्वारा सूचित किया है कि उसका असल नाम कुलदीप चंद है। उनके अन्य अभिलेख में भी इसी नाम से प्रविष्टि दर्ज है। जबकि महाल ड्रोह खास पटवार वृत ड्रोह के राजस्व अभिलेख में प्रार्थी का नाम कुलदीप सिंह दर्ज है। जोकि गलत है। अतः प्रार्थी महाल ड्रोह खास पटवार वृत ड्रोह के राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम दरुस्त करवाना चाहता है। अतः इस मुश्तैहिरनामे चस्पानगी के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त व्यक्ति के नाम की दरुस्ती बारे किसी को कोई उज्र/एतराज हो तो वह दिनांक 6-8-2028 को असालतन व वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उज्र पेश कर सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 07-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**सहायक समाहर्ता, श्रेणी-॥ भबारना जिला कांगड़ा (हि0प्र0)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरोत्री**
**विकास खंड बडोह, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत सरोत्री विभिन्न मदों के अंतर्गत विकास कार्यो के लिए अबधि 01/04/2026 से 31/03/2027 तक निविदाएं आमंत्रित करती है: **सामान का विवरण-** 1. रेत प्रति फुट, 2. बोल्डर पत्थर प्रति फुट, 3. धुलाई रेत, बजरी, बोल्डर पत्थर लोकल प्रति ट्राली, JCV प्रति घंटा, 4. बोर्ड, बोर्ड लिखवाई प्रति बोर्ड, 5. हर्बल पौधे, पौधारोपण फलदार, इमारती लकड़ी, 6. पंचवटी पार्क व जिम आदि, 7. ईंट, 8. बजरी प्रति फुट, 9. शटरिंग प्रति फुट, 10. सीमेंट ढुलाई नगरोटा बगवा में पंचायत तक प्रति बैग / स्टोर से कार्य स्थल पर, 11. मिक्सचर विद आयल प्रति दिन, 12. टाइल, 13. पानी की टंकी लोहा, प्लास्टिक, ग्रिल गेट, 14. फर्नीचर आत: इच्छुक व्यक्ति/फर्मे अपनी अपनी निविदाएँ 14/07/2026 को 3 बजे तक डाक या कार्यालय ग्राम पंचायत सरोत्री में बंद लिफाफे में पहुंच जानी चाहिये। निविदाएँ 15/07/2026 को 2 बजे सबके सामने पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। 1 निविदा देने वाले के पास अपना GST नंबर होना चाहिए। 2 निर्माण सामग्री गाड़ी से कार्यस्थल तक प्रदान करनी होगी 3 ग्राम पंचायत के सप्लाई आदेश पर ही सप्लाई प्रदान की जानी है। 4 यदि सामग्री की गुणवत्ता मही नहीं पाई जाती है या फिर समय पर नहीं पहुंचाई आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देने पर किसी भी समय निविदा रद्द की जा सकती है। या रद्द का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।
**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सरोत्री**
**विकास खंड बडोह, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

# गडकरी ने किया दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण

**एजेंसी, रतलाम/भोपाल**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीरवार को मध्य प्रदेश के रतलाम जिले से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया। इस दौरान रतलाम कलेक्टर मिशा सिंह ने उन्हें एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों और प्रगति की जानकारी दी।

गडकरी बुधवार को दिल्ली से रवाना होकर राजस्थान के बूंदी-कोटा होते हुए मंदसौर के गरोठ पहुंचे थे। वीरवार सुबह 19 वाहनों के काफिले के साथ उन्होंने दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण शुरू किया और करीब 10:25 बजे रतलाम जिले की सीमा पर पहुंचे। यहां उन्होंने एक्सप्रेस-वे की स्थिति का जायजा लिया और पैदल चलकर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने सड़क पर चल रहे पैच वर्क के कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। गडकरी के दौरे को देखते हुए एक्सप्रेस-वे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन और पुलिस बल की तैनाती के साथ कुछ समय के लिए एक्सप्रेस-वे पर यातायात भी नियंत्रित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# यूक्रेन की सैन्य मदद पर बुल्गारिया के भी हाथ खड़े

**एजेंसी, अंकारा/सोफिया**

यूक्रेन को सैन्य सहायता देने के मामले में नाटो सदस्य बुल्गारिया ने भी अपनी सीमाएं बता दी हैं। बुल्गारिया के प्रधानमंत्री रुमेन रादेव ने कहा कि देश के सैन्य भंडार में अब यूक्रेन को भेजने के लिए अतिरिक्त हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध नहीं हैं।

नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान रादेव ने कहा कि बुल्गारिया अपनी क्षमता के अनुसार यूक्रेन को आर्थिक और तकनीकी सहयोग देता रहेगा, लेकिन सेना के भंडार से आगे सैन्य सामग्री भेजना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि बुल्गारिया अब तक यूक्रेन को 13 खेप सैन्य सहायता भेज चुका है। इससे पहले नीदरलैंड्स ने भी संकेत दिया था कि वह अपने सैन्य भंडार से हथियार भेजने की सीमा तक पहुंच चुका है। दोनों देशों के रुख से यूक्रेन की बढ़ती हथियार जरूरतों के बीच सहयोगी देशों की चुनौतियां सामने आई हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की लगातार नाटो देशों से अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणालियां और मिसाइलों की मांग कर रहे हैं।

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा हि0प्र0 ।**
मिसल न0 933/NT/2026
ता0 दा0 09.07.2026
तारीख पेशीः 10/08/2026
**उनवान मुकदमा-** प्रार्थिया श्रीमती स्वर्णा देवी पुत्री राहु राम निवासी गाँव कच्छरेहड डाकघर भूमता तहसील नगरोटा बगवां जिला कागंडा हि0प्र0। ...प्रार्थी पक्ष
**बनाम आम जनता**
**विषय:-** प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) के अंतर्गत जन्म तिथि 01-07-1946 को ग्राम पंचायत मूमता के रिकॉर्ड में दर्ज करने बारे ।
**अखवारी इश्तहार,** निवासी गाँव प्रार्थिया श्रीमती स्वर्णा देवी पुत्री राहु राम कच्छरेहड डाकघर मूमता तहसील नगरोटा बगवां जिला कागंड़ा हि0 प्र0 ने इस अदालत में उपस्थित होकर आवेदन किया है कि उनका जन्म दिनांक 01-07-1946 को ग्राम पंचायत मूमता में हुआ था परन्तु किसी कारणवश ग्राम पंचायत मूमता के रिकॉर्ड में दर्ज ना करवा सके। अतः ग्राम पंचायत मूमता के रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः इस अदालती मुनादी द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थिया श्रीमती स्वर्णा देवी पुत्री राहु राम निवासी गाँत कच्छरेहड डाकघर मूमता तहसील नगरोटा बगवां जिला कागंडा हि0 प्र0 की जन्म तिथि दिनांक 01-07-1946 पंजीकृत करने बारे एतराज हो तो वह दिनांक 10/08/2026 को असालतन व वकालतन उपस्थित होकर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है उपस्थित न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी और प्रार्थिया श्रीमती स्वर्णा देवी पुत्री राहु राम निवासी गाँव कच्छरेहड डाकघर मूमता तहसील नगरोटा बगवां जिला कागंड़ा हि0प्र0 की जन्म तिथि दिनांक 01-07-1946 पंजीकृत करने बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे। आज दिनांक 09/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा हि0प्र0 ।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुराण विकास खंड बालीचौकी जिला मंडी हि.प्र.**
**निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत गुराण विकास खंड बालीचौकी जिला मंडी हि0प्र0 द्वारा वित बर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओ से मोहरबंद निविदाए आमत्रित कि जाती है जो की रजिस्ट्रीड डाक के माध्यम से पंचायत में आनी चाहिए । निविदाए दिनांक 21-07-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय मे सायः 5 बजे तक पहुँच जानी चाहिए । निविदाए दिनांक 23-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की बैठक में कमेटी (पंचायत कोरम) व निविदादाताओं के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि को बदलाब करने का अधिकार ग्रांम पंचायत गुराण के पास सुरक्षित रहेगा। इस दशा में सूचना समाचार पत्र में प्रदर्शित नहीं की जाएगी । सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी । **गाड़ी के स्टेशन** -1 निशेयनी 2 खईधार 3 गुराण । **घोडा ढलवान के स्टेशन** -1 निशेयनी से दुधला 2. निशेयनी से थाना गाँव 3. निशेयनी से बनैला 4. खईधार से खानेरी 5. खईधार से खनोरुधार 6. घिरडा से खनोरूधार 7. खईधार से पिरशुडर 8. खईधार से लोअर बनैला 9. मैन रोड से राकनी 10. खईधार से जोगनीधार 11. कोला गाँव से सलारडू 12. कोला गाँव से कुठाहडा 13. दुआडा से वीर मन्दिर।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (खड्ड /नदी/क्रशर की ) | प्रति घन मीटर |
| 2 | बजरी 10 एमएम, 20एमएम,40एमएम | प्रति घन मीटर |
| 3 | सोलिंग /बोल्डर पत्थर खरीद/ कैरिज | प्रति घन मीटर |
| 4 | पकी ईंटें (मिटटी के भटे की) | प्रति इंट |
| 5 | साइन बोर्ड CIB 2 ‘3, 3 ‘4/वाल राइटिंग/पेंटिंग | प्रति बोर्ड |
| 6 | घोडा ढलवान (रेत,बजरी,सिमेंट,इंट,पेवर ,पत्थर )etc | प्रति घन मीटर/प्रति बैग/दूरी अनुसार |
| 7 | शटरिंग लकड़ी व् लोहा | प्रति फुट |
| 8 | हार्डवेयर Items सरिया 8mm.10mm.12mm,16mm एंग,चैनल साईज वार,टाईल,पेंट,रीलिंग लोहा, Building Fitting,PVC,HDPE पाईप विभिन्न साईज,सेनीटरी फिटिंग्स लेवर रेट आदि | आईटम वार /प्रति किलों/प्रति पॉइंट |
| 9 | GI SHEET 45mm 50mm कलरकोटेड शीट्स व् सीलिंग शीट्स etc. | प्रति शीट/साईज वार |
| 10 | डस्टबीन | प्रति पीस |
| 11 | मशीन द्वारा कटान (cutting through jcb & L&T mashine) | प्रति घन मीटर/ प्रति घंटा |
| 12 | क्रेट वायर 4mm ,5 mm | प्रति च्त्त/प्रति सेट |
| 13 | स्टेशनरी | विभिन्न रजिस्टर.कागज इत्यादि सभी आईटम्स |
| 15 | सिमेंट ढलवान by vehicle बालीचौकी से गुराण (स्टोरिंग,लोडिंग व् अनलोडिंग ) | प्रति बैग |
| 16 | लकड़ी लोहा.एलुमिनियम फिटिंग्स व् डोर विंडो | आईटम वार/प्रति घन फुट |
| 17 | पलाईबोर्ड शीटे/Other फेंसी आइटम्स/पैलिंग PVC फटे Sheets | आईटम वार/साईज वार |
| 18 | लेबर रेट पेलिंग PVC व् बुडन | प्रति स्केयर फुट |
| 19 | सोलर स्ट्रीट लाईट 9,12 वाट लाईटस मुरम्मत, | प्रति एक Configuration सहित |
| 20 | RCC कलवर्ट Pipe | साईज वार |
| 21 | फर्नीचर आइटम्स (सभी प्रकार की फर्निचर वस्तुए | प्रति Itemsपूर्ण विवरण सहित |
| 22 | बेल्डिंग वर्क्स | प्रति किलो /कविंटल |
| 23 | पेंटर दिवार लेखन | प्रति दिन/स्केयर फुट |
| 24 | सेव,पलम,नाशपाती,जापानी,खुमानी के पौधे (उद्यान विभाग व् प्रमाणित नर्सरी) | प्रति पौधा |
| 25 | इलेक्ट्रिकल फिटिंग सामग्री व् लेबर | आईटम वार/प्रति पॉइंट |
| 26 | बैंच पार्क हेतू | आईटम वार |
| 27 | LCD बड़ी,माइक,कंप्यूटर.PS,प्रोजेक्टर etc. | साईज वार कपंनी नाम सहित |
| 28 | स्वच्छता प्रबंधन हेतू विभिन्न आईटम(प्लास्टिक कचरा संग्रहण शेड) | आईटम वार/साईज वार |
| 29 | अन्य सामग्री जो पंचायत की कार्य में प्रयुक्त होनी है उपरण दर्शाई हो | आईटम वार |

**नियम व् शर्तें :-**1 निविदादाताओ के पास अपना पंजीकरण GST no. होना चाहिए । 2 ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाने होंगे। 3.निर्माण सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 4 सामग्री समय पर नही देने पर स्वीकृत वेंडर को रद्द करके दुसरे वेंडर को सप्लाई आदेश दिया जायेगा। 5.किसी भी त्रुटी पाई जाने पर कुटेशन रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित होगा । 6 निविदा केवल डाक के माध्यम से मान्य होगी । 7 सामग्री की दरें साफ शब्दों में लिखी होनी चाहिए । 8.सामग्री खरीद का अन्तिम मूल्य विभाग जी JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाताओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जायगा
**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत गुराण विकास खंड बालीचौकी जिला मंडी हि.प्र.**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पन्जाई विकास खंड बालीचौकी जिला मंडी हि.प्र.**
**निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत पन्जाई विकास खंड बालीचौकी जिला मंडी हि0प्र0 द्वारा वित बर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओ से मोहरबंद निविदाए आमत्रित कि जाती है जो की रजिस्ट्रीड डाक के माध्यम से पंचायत में आनी चाहिए । निविदाए दिनांक 24-07-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय मे सायः 5 बजे तक पहुँच जानी चाहिए । निविदाए दिनांक 27-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की बैठक में कमेटी (पंचायत कोरम) व निविदादाताओ के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि को बदलाब करने का अधिकार ग्रांम पंचायत पन्जाई के पास सुरक्षित रहेगा। इस दशा में सूचना समाचार पत्र में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। **गाड़ी स्टेशन के नामः-** 1. पन्जाई बस स्टैंड 2 पन्जाई केंची 3 काशुनाला 4 रोपा.5 जंजीगाड. 6.बुहंदा 7. आनना । **घोडा ढलवान के स्टेशनों के नामः-**1 जंगलीपुंज से डोभा 2.जंगलीपुंज से झुलका 3..रोड से काशु मन्दिर 4.रोड से गहूधारठी 5 .रोड से जुघरी 6. रोड से आनना 7. रोड से डाहणी 8. रोड से दली 9. रोड से ठाहरी 10. थाची रोड से शेगला 11.मैंन रोड से रोपा 12. डडवाडी रोड(गाँव) से तीन बाबड़ी 13.मैंन रोड से गाँव डोभा

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (खड्ड /नदी/क्रशर की ) | प्रति घन मीटर |
| 2 | बजरी 10 एमएम, 20एमएम,40एमएम | प्रति घन मीटर |
| 3 | सोलिंग /बोल्डर पत्थर खरीद/ कैरिज | प्रति घन मीटर |
| 4 | पकी ईंटें (मिटटी के भटे की) | प्रति इंट |
| 5 | साइन बोर्ड CIB 2 ‘3, 3 ‘4/वाल राइटिंग/पेंटिंग | प्रति बोर्ड |
| 6 | घोडा ढलवान (रेत,बजरी,सिमेंट,इंट,पेवर ,पत्थर )etc | प्रति घन मीटर/प्रति बैग/दूरी अनुसार |
| 7 | शटरिंग लकड़ी व् लोहा | प्रति फुट |
| 8 | हार्डवेयर Items सरिया 8mm.10mm.12mm,16mm एंग,चैनल साईज वार,टाईल,पेंट,रीलिंग लोहा, Building Fitting,PVC,HDPE पाईप विभिन्न साईज,सेनीटरी फिटिंग्स लेवर रेट आदि | आईटम वार /प्रति किलों/प्रति पॉइंट |
| 9 | GI SHEET 45mm 50mm कलरकोटेड शीट्स व् सीलिंग शीट्स etc. | प्रति शीट/साईज वार |
| 10 | डस्टबीन | प्रति पीस |
| 11 | मशीन द्वारा कटान (cutting through jcb & L&T mashine) | प्रति घन मीटर/ प्रति घंटा |
| 12 | क्रेट वायर 4mm ,5 mm | प्रति च्त्त/प्रति सेट |
| 13 | स्टेशनरी | विभिन्न रजिस्टर.कागज इत्यादि सभी आईटम्स |
| 15 | सिमेंट ढलवान by vehicle बालीचौकी से पन्जाई (स्टोरिंग,लोडिंग व् अनलोडिंग ) | प्रति बैग |
| 16 | लकड़ी लोहा.एलुमिनियम फिटिंग्स व् डोर विंडो | आईटम वार/प्रति घन फुट |
| 17 | पलाईबोर्ड शीटे/Other फेंसी आइटम्स/पैलिंग PVC फटे Sheets | आईटम वार/साईज वार |
| 18 | लेबर रेट पेलिंग PVC व् बुडन | प्रति स्केयर फुट |
| 19 | सोलर स्ट्रीट लाईट 9,12 वाट लाईटस मुरम्मत, | प्रति एक Configuration सहित |
| 20 | RCC कलवर्ट Pipe | साईज वार |
| 21 | फर्नीचर आइटम्स (सभी प्रकार की फर्निचर वस्तुए | प्रति Itemsपूर्ण विवरण सहित |
| 22 | बेल्डिंग वर्क्स | प्रति किलो /कविंटल |
| 23 | पेंटर दिवार लेखन | प्रति दिन/स्केयर फुट |
| 24 | सेव,पलम,नाशपाती,जापानी,खुमानी के पौधे (उद्यान विभाग व् प्रमाणित नर्सरी) | प्रति पौधा |
| 25 | इलेक्ट्रिकल फिटिंग सामग्री व् लेबर | आईटम वार/प्रति पॉइंट |
| 26 | बैंच पार्क हेतू | आईटम वार |
| 27 | LCD बड़ी,माइक,कंप्यूटर.PS,प्रोजेक्टर etc. | साईज वार कपंनी नाम सहित |
| 28 | स्वच्छता प्रबंधन हेतू विभिन्न आईटम(प्लास्टिक कचरा संग्रहण शेड) | आईटम वार/साईज वार |
| 29 | अन्य सामग्री जो पंचायत की कार्य में प्रयुक्त होनी है उपरण दर्शाई हो | आईटम वार |

**नियम व् शर्तें :-**1 निविदादाताओ के पास अपना पंजीकरण GST no. होना चाहिए । 2 ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाने होंगे। 3.निर्माण सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 4 सामग्री समय पर नही देने पर स्वीकृत वेंडर को रद्द करके दुसरे वेंडर को सप्लाई आदेश दिया जायेगा। 5.किसी भी त्रुटी पाई जाने पर कुटेशन रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित होगा । 6 निविदा केवल डाक के माध्यम से मान्य होगी । 7 सामग्री की दरें साफ शब्दों में लिखी होनी चाहिए । 8.सामग्री खरीद का अन्तिम मूल्य विभाग जी JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाताओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जायगा
**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत पन्जाई विकास खंड बालीचौकी जिला मंडी हि.प्र.**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हारडा विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि. प्र.**
**निविदा सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पचायत कुम्हारडा में विभिन्न मदों के अन्तर्गत विकास कार्यो के लिए अवधि 06-07-2026 से 31-03-2027 निम्न सामग्री करती हैः (वस्तु) के लिए निविदा आर्मंत्रित। **सामग्री का विवरण-**1. रेता क्रशर- प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर-प्रति घन मीटर, 3. रेता घुला क्रशर-प्रति घन मीटर, 4. रेता लोकल खडड-प्रति घन मीटर, 5. बोल्डर-प्रति घन मीटर, 6. कट स्टोन (पत्थर)- प्रति स्टोन (पत्थर),7. शटरिंग-प्रति वर्ग मीटर, 8. सीमेंट ढुलवाई सिविल सप्लाई स्टोर धर्मपुर से पंचायत स्टोर व पंचायत स्टोर से कार्य स्थल-प्रति बैग, 9. बोर्ड सीमेंट-प्रति बोर्ड, 10. बोर्ड लिखवाई व फोटो-प्रति बोर्ड, 11. इंटर लाक टाईल 40एमएम 60एमएम 80एमएम- प्रति टाईल, 12. सरीया 8एमएम, 10एमएम, 12एमएम,16एमएम-प्रति किलो, 13. जेसीबी मशीन-प्रति घंटा, 14. जेसीबी मशीन ब्रेकर-प्रति घंटा, 15. लोहा बैंच-प्रति बैंच, 16. डिस्पले बोर्ड-प्रति बोर्ड, 17. सीमेंट ब्लाक-प्रति ब्लाक, 18. इंट-प्रति ईंट, 19. डस्टबीन- प्रति नग, 20. जिम व पार्क सामाग्री-प्रति नग, 21. सीमेंट बैच-प्रति बैंच। अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा दिनांक 19-07-26 तक शाम 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा ग्राम पंचायत कुम्हारडा में पंहुच जानी चाहिए। निविदा दिनांक 20-07-2026 को सुबह 11 बजे निविदा कमेटी के सामने कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हारडा में खोली जायेगी। **नियम व शर्तेः-** (1) निविदा देने वाले के पास अपना जीएसटी न0 होना चाहिए। (2) सामाग्री गाडी में जहाँ तक जा सकती है पहुंचानी होगी। (3) पंचायत के सप्लाई आदेष पर ही सामाग्री दी जायेगी। (4) यदि सामाग्री में सही गुणवकता नहीं पाई जाती है या समय पर सप्लाई नही दी जाती जिसके कारण यदि कार्य में बाधा पैदा होती है तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देने पर किसी भी समय निविदा रदद की जा सकती है (5) निविदा स्वीकृत या रदद करने का अधिकार निविदा कमेटी को होगा (6) यदि निविदा किसी व्यक्ति या फर्म की स्वीकृत होती है तो उस व्यक्ति या फर्म को निविदा 20000/- रूपये धरोहर राषी के रूप में पंचायत में जमा करवाने होगें। (7) निविदा खुलने वाली तिथि को जिस भी व्यक्ति या फर्म ने निविदा हेतू अपना आवेदन पंचायत को किया है निविदा खुलते समय उपथित होना अनिवार्य है। (8) निविदा स्वीकृत होने पर व्यक्ति या फर्म को अपने दस्तावेज जैसेः- जीएसटी न0, आधार कार्ड, बैंक पास बुक की फोटो कापी जमा करवानी होगी।
**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हारडा विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि. प्र.**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरोटी ठाणा विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि.प्र.**
**निविदा सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पचायत बरोटी ठाणा में विभिन्न मदों के अंतर्गत विकास कार्यो के लिए अवधि 09-07-2026 से 31-03-2027 तक निम्न सामग्री (वस्तु) के लिए निविदा आमंत्रित करती है। **सामग्री का विवरण-** 1. रेता क्रशर- प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर-प्रति घन मीटर, 3. रेता धुला क्रशर-प्रति घन मीटर, 4. रेता लोकल खड्डु-प्रति घन मीटर, 5. बजरी लोकल खड्डु-प्रति घन मीटर, 6. शटरींग-प्रति वर्ग मीटर, 7. सीमेंट ढुलवाई सिविल सप्लाई स्टोर धर्मपुर से पंचायत स्टोर व पंचायत स्टोर से कार्य स्थल-प्रति बैग, 8. बोर्ड सीमेंट-प्रति बोर्ड, 9. बोर्ड लिखवाई व फोटो-प्रति बोर्ड, 10. इंटर लाक टाईल 40एमएम,60एमएम, 80एमएम- प्रति टाईल, 11. सरीया 8एमएम, 10 एमएम, 12एमएम, 16 एमएम-प्रति किलो, 12. बोल्डर- प्रति घन मीटर, 13. कट स्टोन (पत्थर)- प्रतिस्टोन (पत्थर), 14. जेसीबी मशीन-प्रति घंटा, 15. जेसीबी मशीन ब्रेकर के साथ- प्रति घंटा, 16. सीमेंट बैंच- प्रति बैंच, 17. सीमेंट ब्लाक-प्रति ब्लाक, 18. लोहा बैंच-प्रति बैंच, 19. ईट- प्रति ईंट, 20. डस्टबीन-प्रति नग, 21. जिम व पार्क सामाग्री-प्रति नग, 22. डिस्पले बोर्ड- प्रति बोर्ड। अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा दिनांक 23-07-2026 तक शाम 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा ग्राम पंचायत बरोटी ठाणा में पंहुच जानी चाहिए। निविदा 24-07-2026 को सुबह 11 बजे निविदा कमेटी के सामने कार्यालय ग्राम पंचायत बरोटी ठाणा खोली जायेगी। **नियम व शर्तेः-** (1) निविदा देने वाले के पास अपना जीएसटी न0 होना चाहिए। (2) सामाग्री गाडी में जहाँ तक जा सकती है पंहुचानी होगी। (3) पंचायत के सप्लाई आदेश पर ही सामाग्री दी जायेगी। (4) यदि सामाग्री में सही गुणवकता नहीं पाई जाती है या समय पर सप्लाई नही दी जाती जिसके कारण यदि कार्य में बाधा पैदा होती है तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देने पर किसी भी समय निविदा रदद की जा सकती है (5) निविदा स्वीकृत या रदद करने का अधिकार निविदा कमेटी को होगा (6) यदि निविदा किसी व्यक्ति या फर्म की स्वीकृत होती है तो उस व्यक्ति या फर्म को निविदा 30000/- रूपये धरोहर राशी के रूप में पंचायत में जमा करवाने होगें। (7) निविदा खुलने वाली तिथि को जिस भी व्यक्ति या फर्म ने निविदा हेतू अपना आवेदन पंचायत को किया है को निविदा खुलते समय उपथित होना अनिवार्य है। (8) निविदा में मॉगी गई प्रत्येक सामाग्री वस्तु का मुल्य जीएसटी के साथ होगा अलग से जीएसटी मान्य नही होगा। (9) निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकर्ता को सप्लाई की गई साम्प्रगी (वस्तु) के साथ एम (M. Form) फार्म जमा करवाना अनिवार्य है। (10) निविदा स्वीकृत होने पर व्यक्ति या फर्म को अपने दस्तावेज जैसेः जीएसटी न0, आधार कार्ड, बैंक पास बुक की फोटो कापी जमा करवानी होगी।
**प्रधान/सचिव, कार्यालय ग्राम पंचायत बरोटी ठाणा विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि.प्र.**

**कार्यालय ग्राम पंचायत देहरा**
**विकास खंड निरमण्ड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**
पंचायत बैठक दिनाक 06/07/2026 प्रस्ताब संख्या 03 को अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति से प्रस्ताव पारित हुआ कि वितिय वर्ष 2026-2027 के विकास कार्यो के निर्माण हेतू सामग्री खरीद के लिए निविदाएं निम्न प्रकार से आमत्रित की जाती है। 1. 1. रेत खदान व क्रशर (प्रति टिपर) 2, बजरी क्रशर 10,20,40 एमएम (प्रति टिपर). 3. जे0सी0बी0 मशीन (प्रति घंटा) 4, जी0आई0 पाईप सभी प्रकार डाया के. (आई एस आई र्माक) 5, पी0 बी0 सी0 पाईप सभी डाया के 6, जी0आई चादर 35,40 एमएम 7. ईमारती लकडी प्रति फीट, 8, स्टील फैब्रिकेशन सामग्री लोहा, एंगल व शीटें, 9, साईन बोर्ड पेंटिगं व लिखाई 3×4 और 4×5 प्रति बोर्ड, 10, सभी प्रकार की हार्डवेयर सामग्री दीवार व फलोर टाईल प्रति स्केयर मीटर, 11, सीमेंट ढुलान निरमण्ड से देहरा प्रति बैग 12, ईट (2nd Class) 13, सरिया 08,10,12 एमएम, 14, चक्का टाईल 15, पत्थर टूटा हुआ (प्रति चट्टा) 16. फर्नीचर सभी प्रकार, 17. स्टेशनरी, 18, जलपान इत्यादि उपरोक्त लिखित सामग्री की निविदाएं दिनांक 24-07-2026 को सायं 5:00 बजे तक कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र देहरा में पंहुच जानी चाहिए। प्राप्त निविदाएं दिनाक 25-07-2026 को 1:00 बजे पंचायत निविदा कमेटी द्वारा कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र देहरा में खोली जाएगी। **शर्ते-**1. निविदाएं लिफाफे में सील बन्द होनी चाहिए। 2. निविदादाता के पास संबंधित सामग्री का GST No. होना अनिवार्य है। 3 प्रत्येक सामग्री की प्रति इकाई दर (जी0एस0टी0सहित स्पष्ट उलेख सहित) अंकित करना अनिवार्य होगा। 4. सामग्री निर्धारित गुणवता मानकों तथा प्रचलित HPPWD SOR (Latest Edition) एंव संबंधित विभागीय विनिर्देशों के अनुरूप होनी चाहिए। 5. सामग्री की आपूर्ति पंचायत द्वारा जारी Supply Order के अनुसार निर्धारित समय में करनी होगी। 7. पंचायत आवश्यकतानुसार किसी भी सामग्री की मात्रा बढाने या धटाने का अधिकार सुरक्षित रखती है। 8 पंचायत विना किसी कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखती है। 9, निविदा के साथ वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र PAN.GST पंजीकरण (यदि लागू हो) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10 विना एम0 फार्म के विना कोई भी बिल मान्य नही होगा। 11, रेत व रोडी का टिपर 150 फीट मान्य होगा। 12, सामग्री गुणवता रहित होने पर स्वीकार्य नहीं होगीं।
**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत देहरा**
**विकास खंड निरमण्ड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत भुआना**
**विकास खंड पंचरुखी, जिला कॉंगड़ा (हि. प्र.)**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री, कार्यालय उपकरण की आपूर्ति और मशीनरी/सेवाओं को किराए पर लेने के लिए पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/अधिकृत डीलरों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समयः 23 जुलाई 2026, दोपहर 03:00 बजे तक । निविदा खोलने की तिथि और समयः 25 जुलाई 2026, दोपहर 12:00 बजे। जमा करने का स्थानः संबंधित ग्राम पंचायत का कार्यालय। निविदा खोलने का स्थानः क्रय समिति (Purchase Committee) एवं उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष सामग्रियों और मदों की संक्षिप्त विवरणीः- 1-4. क्रश्ड सैंड (क्रेशर रेत), लोकल सैंड (स्थानीय रेत), क्रश्ड एग्रीगेट (बजरी 10mm, 20mm, 40mm)- Cft. (घन फीट)। 5-6. ईट (प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी)- संख्या (Number) 7-9. सोलिंग स्टोन, कट स्टोन (6 इंच और 8 इंच)- Cum (घन मीटर) / संख्या। 10. जेसीबी मशीन (हाइड्रोलिक उत्खनक) द्वारा कटाई/खुदाई- प्रति घंटा (Hour) 11-12. शटरिंग का किराया (लोहा और लकड़ी) - Sqm (वर्ग मीटर) 13-14. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (40mm और 80mm आईएसआई) -Sqm (वर्ग मीटर) 15. नागरिक आपूर्ति (Civil Supply) से पंचायत तक सीमेंट ढुलाई, लोडिंग और अनलोडिंग - प्रति इकाई (Per Unit) 16-17. एग्रीगेट (बजरी 60mm और 90mm)- Cft (घन फीट) 18. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (60mm आईएसआई)- Sqm (वर्ग मीटर) 19. खच्चरों (Mules) द्वारा सड़क किनारे से कार्य स्थल तक सामग्री की ढुलाई -Cft (घन फीट) 20. लेखन सहित साइन बोर्ड (सूचना पट्ट)- संख्या (No.) 21. कंप्यूटर पेरिफेरल (कंप्यूटर सहायक उपकरण) (पंचायत के डिजिटल कार्यों के संचालन हेतु मानक बाहरी आईटी हार्डवेयर घटकों की आपूर्ति। इसमें आधिकारिक विनिर्देश दिशानिर्देशों के अनुसार मल्टी-फंक्शन लेजर प्रिंटर/स्कैनर, अनइंटरप्टिबल पावर सप्लाई (यूपीएस) इकाइयां, बाहरी हार्ड ड्राइव/स्टोरेज मीडिया, कीबोर्ड, माउस और डेस्कटॉप मॉनिटर/डिस्प्ले इकाइयां/ लैपटॉप शामिल हैं)।- संख्या (No.) **मुख्य नियम एवं शर्ते (हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के नियमानुसार)** * सुरक्षा राशि (Security Deposit): निविदादाताओं को संबंधित ग्राम पंचायत के नाम 15,000/- की सावधि जमा (Fixed Deposit) सुरक्षा राशि के रूप में गिरवी (Pledge) रखनी होगी (अस्वीकृत निविदादाताओं की सुरक्षा राशि वापस कर दी जाएगी)। * स्टेशनरी शुल्कः निविदा के लिए आवेदन करने वाले वेंडरों को स्टेशनरी खर्च के मद में 1,000/- की गैर-रिफंडेबल (नॉन-रिफंडेबल) राशि जमा करनी होगी। * जीएसटी और दरें: निविदादाता फर्म/वेंडर के पास वैध जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। दरें शब्दों और अंकों दोनों में स्पष्ट रूप से उद्धृत होनी चाहिए, जिसमें जीएसटी और सभी एफ.ओ.आर. (F.O.R.) साइट डिलीवरी शुल्क शामिल हों। * अयोग्यता नियम (धारा 137, हिमाचल प्रदेश पंचायत राज अधिनियम नियम 1997): पंचायत का कोई भी पदाधिकारी (प्रधान, उप-प्रधान, वार्ड सदस्य) या उनके सीधे रक्त संबंध/ परिवार सम्बन्ध (Blood Relation) का कोई भी व्यक्ति उसी ग्राम पंचायत में वेंडर/ठेकेदार के रूप में भाग नहीं ले सकता है। * भुगतान का तरीकाः ठेकेदारों/फर्मो को 100% भुगतान अनिवार्य रूप से केवल PFMS और RTGS डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से किया जाएगा। * अस्वीकृतिः सशर्त (Conditional) या अपूर्ण कोटेशन को तुरंत सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। **नोटः पूर्ण निविदा दस्तावेजों, तकनीकी विशिष्टताओं (Technical Specifications) और आधिकारिक निविदा प्रपत्र के लिए कृपया कार्य दिवसों के दौरान अपने संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क करें।**
**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भुआना**
**विकास खंड पंचरुखी, जिला कॉंगड़ा (हि. प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुढार**
**विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि. प्र.)**
**निविदा सूचना**
बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि ग्राम पंचायत में वित् वर्ष 2026-27 में निष्पादित किये जाने वाले विकास कार्यो हेतु विभिन्न प्रकार की निर्माण सामग्री की अत्यंत आवशयकता होगी जिस हेतु निविदाएँ आमंत्रित करना अति आवश्यक है। जो कि निम्न प्रकार से होगी।

| क्रं.सं. | निर्माण सामग्री का प्रकार | ईकाई |
|---|---|---|
| 1 | रेत क्रशर | प्रति cum |
| 2 | बजरी क्रशर 10mm, 20mm, 40mm | प्रति cum |
| 3 | पत्थर बोल्डर | प्रति cum |
| 4 | पत्थर कट स्टोन | प्रति cum |
| 5 | ईट A B श्रेणी की | प्रति ईट |
| 6 | जेसीबी बकट ब्रेकर | प्रति घंटा |
| 7. | शटरिंग | प्रति फुट |
| 8. | एंगल चेंनल | प्रति किलो |
| 9. | एमएस पाइप | प्रति किलो |
| 10. | रंगीन शीट, जीआई शीट | प्रति शीट |
| 11. | सरिया 8mm,10mm,12mm,16mm, 20mm | प्रति किलो |
| 12. | पेवर टाईलें | प्रति पीस |
| 13. | एल्काथीन पाइप | प्रति किलो |
| 14. | एच डी पाइप | प्रति पीस |
| 15. | नागरिक सुचना बोर्ड 3X5,2X3 लिखाई व पेंटिंग सहित | प्रति बोर्ड |
| 16. | देवदार लकड़ी, दरवाजे पल्ले, चौकठ, खिड़की पले | cft |
| 17 | वाल व् फ्लोर टाईलें | प्रति फूट |
| 18. | सीमेंट ढलवान लोडिंग व अनलोडिंग सहित चैल चौक से गुढ़ार तक | प्रति वैग |

निविदाएँ दिंनाक 17-07-2026 अपराहन 3:00 बजे तक पंचायत कार्यालय में डाक द्वारा पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 18-07-2026 को पूर्वाहन 11 बजे पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।
**नियम व शर्ते –** 1. निविदाता के पास अपना GST नम्बर होना अनिवार्य है। 2. निविदाता को निर्माण सामग्री के बिलों के साथ M फॉर्म उपलब्ध करवाने होंगे। 3. निविदाता को निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल तक जहाँ तक गाड़ी जाती हो वहाँ तक देनी होगी। 4. निविदाता को मु0 25000/- (पचीस हज़ार रु) की राशी पंचायत के पास नकद रूप में सुरक्षा राशी के रूप में जमा करनी होगी। अन्यथा निविदा स्वीकार नही होगी 5. निर्माण सामग्री की आपूर्ति पंचायत द्वारा निर्धारित समय के भीतर देनी होगी अन्यथा सुरक्षा राशी पंचायत द्वारा जब्त की जाएगी। तथा ग्राम पंचायत द्वारा बिना सुचना दिए द्वितीय निविदाता को आपूर्ति आदेश जारी किया जायेगा। 6. निर्माण सामग्री की गुणवत्ता/मात्रा की कमी पाए जाने पर निविदाएँ रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। 7. निविदाओं को दो स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जायेगा।
**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गुढार**
**विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि. प्र.)**

# बर्फीली वादियों का 'राम' अब खेल मंत्रालय में चमकाएगा देश का नाम

## लाहौल-स्पीति के जाहलमा गांव से निकलकर दिल्ली के प्रशासनिक गलियारों तक जनजातीय गौरव की अनोखी दास्तां

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के एक छोटे से गांव 'जाहलमा' से निकलकर देश के सर्वोच्च प्रशासनिक ढांचे में धाक जमाने वाले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राम सिंह अब केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय (युवा मामले एवं खेल मंत्रालय) में संयुक्त सचिव के रूप में नई जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। मर्चेंट नेवी की लाखों रुपए की सुरक्षित नौकरी को छोड़कर देश सेवा का कठिन रास्ता चुनने वाले राम सिंह की यह नियुक्ति न सिर्फ हिमाचल बल्कि पूरे देश के जनजातीय समाज के लिए एक बड़ा गौरव है।

माना जा रहा है कि खेल मंत्रालय में उनकी यह नई पारी स्पीति घाटी के काजा में बन रहे वर्ल्ड-क्लास आइस हॉकी स्टेडियम जैसे ड्रीम प्रोजेक्ट्स को पूरा कर देश में विंटर स्पोर्ट्स के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राम सिंह की यह उपलब्धि इस बात का जीवंत उदाहरण है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो कठिन से कठिन परिस्थितियां और भौगोलिक दूरियां भी सफलता की राह नहीं रोक सकतीं। राम सिंह का बचपन लाहौल-स्पीति की शांत लेकिन बेहद कठिन वादियों में बीता। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जाहलमा गांव के ही स्कूल से हुई, जहां सीमित संसाधन थे और सर्दियों के कड़े मौसम की चुनौतियां थीं। इन सब के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। पढ़ाई में उत्कृष्ट राम सिंह ने आगे चलकर इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने 'मर्चेंट नेवी' में कदम रखा और कुछ साल तक वहां यह नौकरी की।



अनंत ज्ञान स्पैशल

समुद्र की लहरों के बीच काम करते हुए भी राम सिंह का मन हमेशा अपनी मिट्टी, समाज और देश के लिए कुछ बड़ा करने का था। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने मर्चेंट नेवी की सुरक्षित और लाखों रुपये की नौकरी को अलविदा कह दिया और यूपीएससी की कठिन तैयारी में जुट गए।

उनकी कड़ी मेहनत रंग लाई और संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 2007 की सिविल सेवा परीक्षा में उन्होंने देश भर में 72वां ऑल इंडिया रैंक हासिल कर सबको चौंका दिया।

### सादगी और फिटनेस का संदेश

**आईएएस** राम सिंह अपनी सादगी और जमीन से जुड़े रहने के अंदाज के लिए जाने जाते हैं। जब वे मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स में उपायुक्त थे, तब उन्होंने 'फिट इंडिया' और जैविक खेती (ऑर्गेनिक फार्मिंग) का संदेश देने के लिए एक मिसाल पेश की थी। वे हर हफ्ते खुद अपनी पीठ पर स्थानीय पारंपरिक टोकरी (थप्पा) लादकर ताजी ऑर्गेनिक सब्जियां खरीदने के लिए 10 किलोमीटर पैदल चलकर बाजार जाते थे। सोशल मीडिया पर उनकी इन तस्वीरों ने देशभर में सुर्खियां बटोरी थीं। उन्होंने संदेश दिया था- 'ऑर्गेनिक सब्जी की खरीदारी, कोई प्लास्टिक नहीं, कोई गाड़ी का धुआं नहीं और न कोई ट्रैफिक जाम। फिट इंडिया, स्वच्छ वातावरण। '

### जाहलमा के इस एक ही घर में शीर्ष अधिकारी

आईएएस अधिकारी राम सिंह का परिवार पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। जाहलमा गांव के इस एक ही परिवार ने देश को कई शीर्ष अधिकारी दिए हैं। दो आईएएस अधिकारी (जिसमें स्वयं राम सिंह शामिल हैं)। भारतीय रिजर्व बैंक में उच्च अधिकारी (सीजीएम)। एक भारतीय राजस्व सेवा (IRS) अधिकारी। एक बैंक अधिकारी शामिल हैं। उधर, उनकी इस नई नियुक्ति पर लाहुल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा सहित जिला की जनता व हिमाचल के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### नॉर्थ-ईस्ट में छोड़ी अमिट छाप, अल्पसंख्यक मामलों में किया कमाल

**वर्ष** 2008 बैच के असम-मेघालय कैडर के इस अधिकारी ने पूर्वोत्तर भारत (नॉर्थ-ईस्ट) के विभिन्न दुर्गम इलाकों में बेहतरीन सेवाएं दीं। वे मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स जिला के उपायुक्त (डिप्टी कमिश्नर) भी रहे, जहां उनके कार्यों को जनता ने खूब सराहा। इसके बाद वे प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार में आए और वर्तमान में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे थे। वहां रहते हुए उन्होंने प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्तियों, मदरसा आधुनिकीकरण योजना और पीएम जन विकास कार्यक्रम जैसी संवेदनशील और महत्वपूर्ण योजनाओं का कुशलतापूर्वक संचालन किया, जिसका सीधा लाभ देश भर के लाखों जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचा। अब खेल मंत्रालय जैसे अहम विभाग में उनकी नई पारी से देश में खेल अधोसंरचना (स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर) को नया नेतृत्व मिलने की उम्मीद है। राम सिंह सिर्फ एक प्रशासनिक अधिकारी नहीं हैं, बल्कि वे अपनी जन्मभूमि के विकास के लिए हमेशा सजग रहते हैं। स्पीति घाटी के काजा में बन रहे 'वर्ल्ड-क्लास आइस हॉकी स्टेडियम' की मजबूत नींव रखने और इस ड्रीम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में उनकी दूरदर्शी सोच और अटूट सपोर्ट की सबसे बड़ी भूमिका रही है।

# भृगु झील ट्रेकिंग शिविर में विद्यार्थियों ने सीखे साहस, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण के गुर



**अनंत ज्ञान, मनाली।** जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, हरिपुर (मनाली) के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 7 से 9 जुलाई 2026 तक भृगु झील के लिए तीन दिवसीय ट्रेकिंग शिविर का सफल आयोजन किया गया। समुद्र तल से लगभग 4,300 मीटर की ऊंचाई पर आयोजित इस शिविर में महाविद्यालय के 35 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहसिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाना, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना तथा प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। ट्रेक के दौरान विद्यार्थियों ने हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के साथ टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का अनुभव प्राप्त किया। शिविर का नेतृत्व शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक आचार्य प्रो. ज्योति बाला ने किया। विद्यार्थियों को ट्रेकिंग सुरक्षा, प्राथमिक उपचार और पर्वतीय क्षेत्रों में जिम्मेदार व्यवहार की जानकारी दी गई। डॉ. कंचन ने भी विशेष सहयोग दिया। विद्यार्थियों ने ट्रेक के दौरान स्वच्छता का संदेश देते हुए कूड़ा एकत्र किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शेफाली ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# निरमंड पंचायत समिति पर भाजपा का कब्जा

## मुंगला देवी बनीं अध्यक्ष और हेमलता उपाध्यक्ष निर्वाचित, समर्थकों ने मनाया जश्न

अनंत ज्ञान

**आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र के पंचायत समिति निरमंड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कर पंचायत समिति पर अपना कब्जा जमाया।

चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें पंचायत समिति के सभी 15 निर्वाचित सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित त्वार वार्ड की बीडीसी सदस्य मुंगला देवी और कांग्रेस समर्थित राहणु वार्ड की बीडीसी सदस्य सुनीता देवी के बीच सीधा मुकाबला हुआ। मतदान के बाद भाजपा समर्थित मुंगला देवी को 8 मत प्राप्त हुए, जबकि सुनीता देवी को 7 मत मिले। इस प्रकार मुंगला देवी एक मत के अंतर से विजयी घोषित हुईं और पंचायत समिति निरमंड की नई अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित अर्सू वार्ड की बीडीसी सदस्य हेमलता तथा कांग्रेस समर्थित ब्रौ वार्ड के बीडीसी सदस्य धर्मपाल आमने-सामने थे। मतदान में हेमलता को 9 मत मिले, जबकि धर्मपाल को 6 मत प्राप्त हुए। इसके साथ ही हेमलता पंचायत समिति की नई उपाध्यक्ष निर्वाचित हुईं। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और सभी 15 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया गया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोतम ठाकुर ने कहा कि पंचायत समिति निरमंड में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और क्षेत्र की जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इससे पहले जिला परिषद के चायल और ब्रौ वार्डों में भी भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी तथा नगर पंचायत निरमंड में भी पार्टी को सफलता मिली है। वहीं विधायक लोकेंद्र कुमार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे क्षेत्र के समग्र विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे।इस मौके पर पूर्व एपीएमसी चेयरमैन कुल्लू-लाहौल स्पीति अमर ठाकुर, भाजपा मंडल महामंत्री विदेश निगम, जिला परिषद सदस्य पिंकी देवी, जिला परिषद सदस्य नीना जोशी सहित विभिन्न पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधान, उपप्रधान एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



अध्यक्ष चुने जाने के बाद जश्न मनाते भाजपाई। अनंत ज्ञान

# कटराईं में स्वच्छता अभियान शुरू, पंचायत प्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ग्राम पंचायत कटराईं में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से व्यापक सफाई अभियान शुरू किया गया। नवनिर्वाचित प्रधान हुक्म चंद ठाकुर की अगुआई में जटेहढ़ बिहाल क्षेत्र में नालियों की सफाई की गई। अभियान के दौरान कई नालियां पॉलीथिन और अन्य कचरे से भरी मिलीं, जिससे जल निकासी प्रभावित हो रही थी। पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वयं श्रमदान कर नालियों की सफाई की और लोगों से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की। प्रधान हुक्म चंद ठाकुर ने कहा कि पंचायत के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। खंड विकास अधिकारी नग्गर खंड मुकेश कुमार ने लोगों से अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने में सहयोग करने का आह्वान किया। अभियान में उपप्रधान विकास महंत, वार्ड पंच पार्वती आदि ने भाग लिया।

# स्वच्छता को लेकर नगर परिषद मनाली ने संभाला मोर्चा, सफाई व्यवस्था सुधारने की बनाई रणनीति



नगर परिषद मनाली की नव नियुक्त प्रधान सहित अन्य पार्षद।

अनंत ज्ञान

**मनाली।** नगर परिषद मनाली ने स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रा पदान और उपाध्यक्ष ठाकुर दास ने नगर परिषद कर्मचारियों के साथ मिलकर शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अध्यक्ष चंद्रा पदान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सफाई कर्मचारियों सहित डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित करने वाले ठेकेदारों ने भाग लिया। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने और समर सीजन के दौरान बढ़ी गंदगी को हटाने के लिए रणनीति तैयार की गई। अध्यक्ष चंद्रा पदान ने कहा कि शहर की स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

सभी सात वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर समर सीजन के दौरान फैली गंदगी को हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रांगड़ी गोसदन के पशुओं को ट्रकों के माध्यम से मढ़ी भेजा गया है तथा गोसदन की सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त की जा रही है।

# एनएसयूआई ने संगठन विस्तार की बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) की पहली आधिकारिक बैठक भी आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एनएसयूआई जिला अध्यक्ष गौरव ठाकुर ने की। कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। गौरव ठाकुर ने छात्रों को एनएसयूआई की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली और छात्र हितों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन हमेशा छात्रों के अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहता है। बैठक में कॉलेज में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान और छात्र समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

# चंद्रा वैली के दौरे पर पहुंची विधायक अनुराधा ने की विकास कार्यों की समीक्षा

- डिंपुक से लालिंग तक जनसंवाद कर सुनीं लोगों की समस्याएं
- डिंपुक नाला नहर व कूड़ा संयंत्र का भी किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** चंद्रा वैली के दौरे पर पहुंची विधायक अनुराधा राणा ने क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और विकास संबंधी सुझाव भी लिए।

कोकसर पहुंचने पर जिला परिषद सदस्य निर्मला, जिला परिषद सदस्य सोनम ठाकुर, बीडीसी सदस्य दोरजे अंगरुप, ग्राम प्रधान सुनील सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विधायक का स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने डिंपुक, रामथंग, कुटबिहाल, तेलिंग और लालिंग गांवों का दौरा कर ग्रामीणों के साथ जनसंवाद किया। बैठक में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक अनुराधा राणा ने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। दौरे के दौरान विधायक ने विभागीय अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ डिंपुक नाला नहर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कोकसर स्थित कूड़ा प्रबंधन संयंत्र का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि लाहौल-स्पीति के समग्र और संतुलित विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता कायम है तथा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।



निरीक्षण के दौरान विकास कार्यों का जायजा लेती विधायक।

# जवाहर नवोदय स्कूल बंदरोल में छठी कक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जवाहर नवोदय विद्यालय, बंदरोल (कुल्लू) में कक्षा छठी सत्र 2027-28 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली चयन परीक्षा की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय के प्राचार्य प्रताप सिंह ने बताया कि चयन परीक्षा में आवेदन करने के लिए विद्यार्थी जिला कुल्लू के मूल निवासी होने चाहिए तथा वर्तमान में किसी मान्यता प्राप्त सरकारी अथवा गैर-सरकारी विद्यालय में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत होना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होनी चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। प्राचार्य ने अभिभावकों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया है। अधिक जानकारी के लिए स्कूल कार्यालय के मोबाइल नंबर 94185-38510 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मयाड़ घाटी का सब्र टूटा, लोग अब सड़कों पर उतरने को तैयार

## 16 को उदयपुर में महाआंदोलन और आमरण अनशन, कहा- अब आश्वासनों से नहीं, जमीन पर काम से चलेगा काम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** मयाड़ घाटी की लंबे समय से लंबित बुनियादी समस्याओं को लेकर स्थानीय जनता का आक्रोश अब सड़कों पर उतरने को तैयार है। प्रशासनिक उपेक्षा से तंग आकर घाटी के ग्रामीणों ने आगामी 16 जुलाई को उदयपुर मुख्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन का बिगुल फूंक दिया है।

आंदोलन की तैयारियों को लेकर घाटी के गांवों में लगातार बैठकें हो रही हैं और दीवारों पर पोस्टर चस्पा कर दिए गए हैं। ग्रामीणों का साफ कहना है कि इस बार लड़ाई आर-पार की होगी और बिना ठोस लिखित कार्रवाई के आंदोलन खत्म नहीं होगा। घाटी के प्रतिनिधियों का कहना है कि यह आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण, संगठित और जनहित में होगा। हालांकि, उन्होंने प्रशासन को सचेत किया है कि यदि उनकी मांगों को हल्के में लिया गया, तो आगामी दिनों में चक्का जाम और उग्र प्रदर्शन जैसे कड़े कदम उठाए जाएंगे। आंदोलन को सफल बनाने के लिए घाटी के हर नागरिक, युवा और बुजुर्ग से एकजुट होकर उदयपुर पहुंचने की अपील की गई है। लोगों का कहना है कि हम वर्षों से चुपचाप भुगत रहे हैं, लेकिन अब पानी सिर से ऊपर जा चुका है। 16 जुलाई को हमारा अनशन प्रशासन की आंखें खोलने के लिए है। अगर मांगें पूरी नहीं हुईं, तो घाटी का चक्का पूरी तरह जाम कर दिया जाएगा।

### छालिंग गांव पर मंडराया अस्तित्व का खतरा, वैज्ञानिक समाधान की उठी मांग

**मयाड़** घाटी के छालिंग गांव में लगातार हो रहा भूमि कटाव अब एक बड़े प्रशासनिक और पर्यावरणीय संकट का रूप ले चुका है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, नदी के तेज बहाव और भू-स्खलन के कारण गांव की उपजाऊ जमीन लगातार नदी में समाती जा रही है, जिससे अब घरों पर भी खतरा मंडराने लगा है।आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस गंभीर स्थिति को रोकने के लिए तुरंत कोई वैज्ञानिक और स्थायी सुरक्षा ढांचा तैयार नहीं किया, तो आने वाले समय में पूरा छालिंग गांव किसी बड़ी प्राकृतिक आपदा की भेंट चढ़ सकता है। ग्रामीण अब किसी भी तरह के कामचलाऊ बंदोबस्त के मूड में नहीं हैं और इसके लिए ठोस नीति की मांग कर रहे हैं।

### जर्जर सड़कों ने रोकी जिंदगी की रफ्तार

**मयाड़** घाटी की लाइफलाइन कही जाने वाली मुख्य और संपर्क सड़कें इस समय पूरी तरह बदहाल हो चुकी हैं। सड़कों के गहरे गड्ढे न सिर्फ हादसों को न्योता दे रहे हैं, बल्कि घाटी के पूरे अर्थतंत्र को चोट पहुंचा रहे हैं। स्थानीय बागवानों और किसानों का कहना है कि सड़कें खराब होने के कारण उनकी नकदी फसलें और सब्जियां समय पर मुख्य मंडियों तक नहीं पहुंच पातीं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा, आपातकालीन स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना भी एक जंग जैसा हो गया है। बच्चों की शिक्षा पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि पूरे घाटी नेटवर्क की सड़कों का नए सिरे से स्थायी निर्माण और टारिंग की जाए।

### ऐतिहासिक 'गोम्पा' की सुरक्षा के लिए आरसीसी रिटेनिंग वॉल निर्माण

**इस** महाआंदोलन में घाटी के ऐतिहासिक और धार्मिक केंद्र 'गोम्पा' (मोनेस्ट्री) की सुरक्षा का मुद्दा भी बेहद प्रमुखता से उठाया गया है। यह गोम्पा केवल एक पूजा स्थल नहीं है, बल्कि यह पूरी मयाड़ घाटी की सदियों पुरानी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का जीवंत प्रतीक है। भौगोलिक परिस्थितियों और भू-कटाव के कारण इस ऐतिहासिक धरोहर के ढांचे को नुकसान पहुंचने की आशंका गहरा गई है। प्रदर्शनकारियों ने साफ शब्दों में मांग की है कि गोम्पा को सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन तुरंत एक मजबूत आरसीसी रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य शुरू करवाए, ताकि इस अनमोल विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजा जा सके।

# कुल्लू में मोबाइल मेडिकल वैन से घर-द्वार मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

- कंगना रनौत ने चंसारी में मोबाइल मेडिकल वैन का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने वीरवार को कुल्लू जिला के ग्राम चंसारी में एनएचपीसी लिमिटेड के सहयोग से मैट्रिक्स सोसाइटी फॉर सोशल सर्विसेज द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल वैन आधारित प्राथमिक एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं का शुभारंभ किया।

सांसद कंगना ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। मोबाइल मेडिकल वैन सेवा इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके घर-द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इस सेवा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, रक्त परीक्षण, आवश्यक दवाइयां और प्राथमिक उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। इससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, गरीब परिवारों और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलेगा। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना, स्वास्थ्य एवं वेलनेस सेंटर, मेडिकल कॉलेजों के विस्तार और डिजिटल हेल्थ मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत किया है। मोबाइल मेडिकल वैन जैसी पहलें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और बेहतर बनाएंगी। उन्होंने एनएचपीसी लिमिटेड और मैट्रिक्स सोसाइटी फॉर सोशल सर्विसेज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों और सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से जरूरतमंद लोगों तक प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकती हैं।

# बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक विकास पर विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो कुल्लू।** मैक्स इंटरनेशनल स्कूल जिया (भुंतर) में 'शैक्षणिक पढ़ाई से आगे बढ़कर पालन-पोषण और शिक्षण, बदलती दुनिया में बच्चों को समझना' विषय पर एक प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों को शैक्षणिक शिक्षा से आगे बढ़कर बदलते सामाजिक परिवेश में बच्चों की मानसिक, भावनात्मक और नैतिक आवश्यकताओं के प्रति जागरूक करना था। इस संगोष्ठी का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता मानवी शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार, आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और भावनात्मक सशक्तिकरण पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। कार्यक्रम में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. चंदेल, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वयक चंद्रकेश शर्मा, नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष धनेश गौतम तथा प्रेस क्लब भुंतर के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों पर बढ़ते शैक्षणिक, सामाजिक और डिजिटल दबाव को समझना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने, उनकी भावनाओं को समझने तथा उन्हें सकारात्मक, सुरक्षित और सहयोगपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने का आह्वान किया। संगोष्ठी के दौरान बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, डिजिटल युग की चुनौतियों, अभिभावकों की भूमिका, नैतिक मूल्यों के संवर्धन तथा प्रभावी शिक्षण पद्धतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बदलती दुनिया में बच्चों को केवल परीक्षा और अंकों के लिए नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने योग्य बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।



मैक्स इंटरनेशनल स्कूल जिया में संगोष्ठी के दौरान बच्चे व अन्य लोग।

# कबड्डी खिलाड़ियों के ट्रायल्स 15 व 16 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** धर्मशाला स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में लड़कियों के लिए कबड्डी ट्रायल्स का आयोजन 15 एवं 16 जुलाई, 2026 को किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आवासीय आधार पर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाएगी।

एसएआई एनसीओई धर्मशाला के सहायक निदेशक ने बताया कि अंडर-18 वर्ग के लिए खिलाड़ियों की आयु 16 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम होनी चाहिए, जबकि अंडर-20 वर्ग में 19 से 20 वर्ष आयु वर्ग की खिलाड़ी पात्र होंगी। चयन प्रक्रिया में 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग की खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। 19 से 20 वर्ष की खिलाड़ी भी आवेदन कर सकती हैं, यदि उन्होंने राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल किया हो। पात्र खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता होना अथवा भारतीय कबड्डी महासंघ, एसजीएफआई, खेलो इंडिया यूथ गेम्स या राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिताओं में भागीदारी आवश्यक है। ट्रायल्स धर्मशाला खेल परिसर में क्रिकेट स्टेडियम के समीप आयोजित होंगे। सभी अभ्यर्थियों को 15 जुलाई को सुबह 8 बजे रिपोर्ट करना होगा। चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के साथ खेल विज्ञान सहायता, आधुनिक सुविधाएं, नि:शुल्क आवास, भोजन, खेल किट, शैक्षणिक सहायता और चिकित्सा बीमा जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

# स्पीति में 250 आवारा कुत्तों की नसबंदी व एंटी रैबीज टीके लगाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** पशुपालन विभाग काजा ने जनहित और पशु कल्याण को ध्यान में रखते हुए स्पीति में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए 22 जून से 8 जुलाई तक विशेष नसबंदी अभियान चलाया। कार्यकारी सहायक निदेशक पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन काजा डॉ. अनुराधा चौहान ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 250 आवारा कुत्तों की नसबंदी के साथ एंटी-रेबीज टीकाकरण भी किया गया।

उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य आवारा कुत्तों की अनियंत्रित आबादी पर नियंत्रण, पशुओं के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देना तथा आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नसबंदी के साथ सभी कुत्तों का स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक पशु-चिकित्सकीय देखभाल भी की गई। अभियान में डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. डाकपा तेनजिन, डॉ. गुरमेत अंगरूप तथा डॉ. सोनम गयाबो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा स्पीति प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों का भी सराहनीय सहयोग रहा। नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन, किब्बर ने भी अभियान को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। डॉ. अनुराधा चौहान ने सहयोग के लिए सभी संबंधित संस्थाओं और स्थानीय जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पशुपालन विभाग भविष्य में भी जनहित और पशु कल्याण से जुड़े ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाता रहेगा। उन्होंने नागरिकों से भी पशु कल्याण और जनस्वास्थ्य से जुड़े प्रयासों में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

# मेयर और डिप्टी मेयर के निर्वाचन में देरी से सोलन निगम की कार्यप्रणाली प्रभावित, शहर में नेतृत्व संकट गहराया

## कूड़े के ढेर और ओवरफ्लो डस्टबिन से बढ़ी परेशानी, नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान



शहर में जगह जगह लगे कूड़े के ढेर। अनंत ज्ञान

**सोलन।** शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर और गंदगी के कारण नगर निगम की सफाई व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। सोलन के कई वार्डों से कूड़ा समय पर न उठने, डस्टबिन के ओवरफ्लो होने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो गई है, क्योंकि कूड़े के ढेर से दुर्गंध फैलने के साथ ही बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है।

नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर के निर्वाचन की अधिसूचना अभी तक जारी नहीं होने के कारण शहर में स्थायी राजनीतिक नेतृत्व का अभाव बना हुआ है। लोगों का कहना है कि नेतृत्व नहीं होने से नगर निगम के कामकाज पर असर पड़ रहा है और सफाई जैसे जरूरी कार्यों की निगरानी भी प्रभावित हो रही है। हालांकि नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। अधिकारियों ने कई क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई कर्मचारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त टीमें लगाकर कूड़ा उठाने का काम तेज करने के दावे भी किए गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में सफाई व्यवस्था नियमित और प्रभावी होनी चाहिए। बरसात के दौरान कूड़े के ढेर लंबे समय तक पड़े रहने से मच्छरों और अन्य संक्रमण फैलाने वाले जीवों की संख्या बढ़ सकती है। नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जाए और कूड़ा उठाने की प्रक्रिया को नियमित बनाया जाए।

लोगों का यह भी कहना है कि मेयर और डिप्टी मेयर के पद जल्द भरे जाने चाहिए, ताकि नगर निगम को स्थायी दिशा और नेतृत्व मिल सके। निर्वाचित प्रतिनिधियों के आने से शहर के विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं से जुड़े फैसलों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, अतिरिक्त कर्मचारियों और संसाधनों की मदद से वार्डों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। लोगों से भी अपील की गई है कि वे कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

शहरवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर का निर्वाचन पूरा होगा और सोलन को स्थायी नेतृत्व मिलेगा। इसके बाद सफाई व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सुविधाओं में भी सुधार देखने को मिलेगा। फिलहाल शहर की नजर निगम की आगामी कार्रवाई और प्रशासनिक फैसलों पर टिकी हुई है।

शहरवासियों का कहना है कि नगर निगम को सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बरसात के दिनों में नालियों की सफाई, कूड़ा उठाने की नियमित व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि जब तक नया नेतृत्व नहीं आता, तब तक अधिकारियों की निगरानी में व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाया जाए। वहीं, नगर निगम प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं और समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा।

### बैठक में विद्यालय को गोद लेने के प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनागुघाट की विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठक अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से हिमाचल प्रदेश सरकार की अपना विद्यालय विद्यालय दत्तक ग्रहण योजना के अंतर्गत ग्राम ध्यानपुर (घनागुघाट) के निवासी एवं वर्तमान में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय में रक्षा सचिव के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) के रूप में कार्यरत प्रेम सिंह रघुवंशी द्वारा विद्यालय को गोद लेने के प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार कर लिया गया। बैठक में समिति ने प्रेम सिंह रघुवंशी के इस सराहनीय निर्णय का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही सर्वसम्मति से उन्हें विद्यालय का विद्यालय संरक्षक बनाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया, ताकि उनके प्रशासनिक अनुभव एवं मार्गदर्शन से विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार, व्यावसायिक मार्गदर्शन तथा विद्यालय के आधारभूत ढांचे के विकास को गति मिल सके।

## विदाई समारोह में भावुक हुए पल, रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच 2026 बैच को दी गई विदाई



अनंत ज्ञान

**अर्की।** देवरा पंचायत के ग्राम मंजयाट स्थित लक्ष्य इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर (2026 बैच) के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह 'यादों का कारवां' आयोजित किया गया। समारोह हर्षोल्लास, आत्मीयता और भावनाओं से भरपूर रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पीएल गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, समूहगान, कविता पाठ और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। डॉ. पीएल गुप्ता ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक सफल शिक्षक बनने के लिए ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन और समर्पण आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

विदाई ले रहे विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार जताया। समारोह में राहुल को मिस्टर पर्सनैलिटी, शिल्पा को मिस पर्सनैलिटी, सूरज को मिस्टर फेयरवेल और दिव्यांशी को मिस फेयरवेल चुना गया। अंत में सभी विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए। इस अवसर पर शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। समारोह का समापन सामूहिक छायाचित्रों के साथ भावुक माहौल में हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### शूलिनी विवि में ऑनलाइन छात्रों के लिए पांच दिवसीय 'कैंपस इमर्शन एक्सपीरियंस' शुरू



**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय का शूलिनी सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन 9 जुलाई से पांच दिवसीय 'कैंपस इमर्शन एक्सपीरियंस-2026' आयोजित करेगा। इसमें देशभर से करीब 100 ऑनलाइन छात्र भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कैंपस जीवन से जोड़ना और अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करना है। छात्र नेतृत्व, संचार कौशल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उद्यमिता, शोध और करियर विकास से जुड़े विशेषज्ञ सत्रों में शामिल होंगे। कार्यक्रम में कार्यशालाएं, नवाचार सत्र, टीम गतिविधियां और परिसर भ्रमण भी होंगे। समन्वयक प्रो. पूजा वर्मा ने बताया कि इससे छात्रों का व्यावहारिक ज्ञान, नेटवर्क और भविष्य के कौशल मजबूत होंगे।

### सराहां कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में बीए और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए अनुशासन, नियमित अध्ययन और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भागीदारी का आह्वान किया। संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, करियर काउंसलिंग, नशा-निवारण, साइबर जागरूकता, छात्रवृत्ति, एनएसएस, पुस्तकालय, एनसीसी सहित महाविद्यालय की विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी।

### जेएनवी में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुनिहार में शैक्षणिक सत्र 2027 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश के लिए निःशुल्क चयन परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। यह जानकारी पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुनिहार के प्राचार्य कृष्ण यादव ने दी।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने सांसद से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत नवगांव के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक संजय अवस्थी से भेंट कर क्षेत्र की सड़क समस्याओं से अवगत कराया और निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने की मांग की। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए आवश्यक एनओसी और अन्य औपचारिकताएं पूरी की जाएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद मौके पर पहुंचकर बजट उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

### भाजपा के ठाकुर दास बने अध्यक्ष, मोहन लाल आजाद उपाध्यक्ष निर्वाचित

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** नगर परिषद परवाणू में मिली-जुली सरकार का गठन हुआ है। अध्यक्ष पद पर भाजपा के ठाकुर दास और उपाध्यक्ष पद पर आजाद पार्षद मोहन लाल निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद के चुनाव में बराबरी के बाद पर्ची से फैसला हुआ। नई कार्यकारिणी के कामकाज और विकास कार्यों पर लोगों की नजर रहेगी।

### राजगढ़ में कांग्रेस की जोन कोऑर्डिनेटरों की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा की अध्यक्षता में जोन कोऑर्डिनेटरों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जी.आर. मुसाफिर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही पूर्व महासचिव सदानंद के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

## लक्ष्य स्कूल अर्की में सेवा कार्यों की सात दिवसीय पहल शुरू




अनंत ज्ञान

**अर्की।** लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार को उत्साह और सेवा भावना के साथ किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्य वीना गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवियों को अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ शिविर की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य वीना गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके जरिए युवा समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हैं और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित होते हैं।

विद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी निधि चौहान ने बताया कि सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवी योग, प्रार्थना, श्रमदान, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता जैसे कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके अलावा सामुदायिक सेवा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि शिविर में शिक्षाविदों, चिकित्सकों, समाजसेवियों और विशेषज्ञों के प्रेरक व्याख्यान भी होंगे। इनमें व्यक्तित्व विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, नशा निवारण, डिजिटल जागरूकता, आपदा प्रबंधन और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी।

## समग्र शिक्षा कार्यक्रमों का सोशल ऑडिट, सरकारी स्कूलों की उपलब्धियों के साथ कमियां भी आईं सामने



मुख्यअतिथि को सम्मानित करते आयोजक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों की पारदर्शिता और गुणवत्ता का आकलन करने के उद्देश्य से सोलन के कला केंद्र कोठों के सभागार में सोशल ऑडिट एवं जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि प्रो. रणधीर सिंह रांटा के नेतृत्व में सोशल ऑडिट टीम ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कार्यक्रम समन्वयक निर्दोष शर्मा ने बताया कि प्रदेश के 20 प्रतिशत सरकारी स्कूलों का रैंडम सोशल ऑडिट किया गया, जिसके निष्कर्ष और आंकड़े कार्यक्रम में साझा किए गए। इसके साथ ही सोलन जिले के चिन्हित स्कूलों में किए गए सोशल ऑडिट के आधार पर आम जनता, अभिभावकों और अन्य हितधारकों की जनसुनवाई भी आयोजित की गई। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों, सुझावों और विभिन्न पक्षों की बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने तथा जमीनी स्तर पर सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सोशल ऑडिट के दौरान जहां सरकारी स्कूलों में किए जा रहे नवाचारों और उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की गई, वहीं बुनियादी ढांचे, प्रबंधन और शिक्षण व्यवस्था से जुड़ी कुछ कमियां भी सामने आईं। विभाग ने इन कमियों को दूर करने का आश्वासन दिया। सोशल ऑडिट टीम के समन्वयक ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। यह सोशल ऑडिट कार्यक्रम आगामी पांच वर्षों तक लगातार संचालित किया जाएगा, ताकि सरकारी स्कूलों में सुधार की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके।

### अभिषेक कौंडल भाजपा सोशल मीडिया जिला सोलन सह-संयोजक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत धुन्दन निवासी अभिषेक कौंडल को भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया विभाग में जिला सोलन का सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। नियुक्ति के बाद अभिषेक कौंडल ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक सुशील राठौर, प्रदेश सह-संयोजक विक्रम मद्ध, जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल, पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर तथा समस्त प्रदेश एवं जिला नेतृत्व का उन पर विश्वास जताने के लिए धन्यवाद किया।

## सोलन नगर निगम की अधिसूचना में देरी से विकास कार्य ठप, जनता हो रही परेशान : संजीव कटवाल

अनंत ज्ञान



**सोलन।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने सोलन नगर निगम के चुनाव संपन्न होने के बावजूद अब तक अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी न होने पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा सीधे तौर पर सोलन की जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी नगर निगम का विधिवत गठन नहीं हो पाया है, जिसके कारण विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

संजीव कटवाल ने कहा कि नगर निगम की अधिसूचना जारी न होने के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि अपना कार्यभार ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं और नगर निगम की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। इससे शहर के विकास कार्यों में अनावश्यक देरी हो रही है और जनता की अपेक्षाओं पर पानी फिर रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी आम नागरिकों को उठानी पड़ रही है। जन्म, मृत्यु, निवास तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित अनेक छोटे-छोटे कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। इसके अलावा पेयजल, सफाई और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों में भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि नगर निगम अप्रैल माह से प्रभावी रूप से निष्क्रिय स्थिति में है। सरकार केवल वैकल्पिक व्यवस्थाओं की बातें कर रही है, लेकिन धरातल पर आम जनता के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की प्रशासनिक उदासीनता और निर्णय लेने में देरी के कारण सोलन शहर का विकास बाधित हो गया है। संजीव कटवाल ने प्रदेश सरकार से मांग की कि नगर निगम सोलन की अधिसूचना तत्काल जारी कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए, ताकि निर्वाचित प्रतिनिधि जनता की सेवा में जुट सकें और शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके।

उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के हितों से जुड़े इस मुद्दे को मजबूती से उठाती रहेगी और कांग्रेस सरकार को उसकी प्रशासनिक विफलताओं के लिए जवाबदेह बनाएगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने कहा कि नगर निगम की अधिसूचना में देरी से शहरवासियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द निर्णय लेकर निर्वाचित प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपने और सोलन के विकास कार्यों को गति देने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा जनहित के मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी।

## कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : सुरेश कश्यप

अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करते सांसद सुरेश कश्यप। अनंत ज्ञान

**नाहन।** सांसद लोकसभा सुरेश कश्यप ने उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए।

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने विकास कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि सिरमौर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कई सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। पीएमजीएसवाई के तहत आठ सड़कों का निर्माण जारी है, जबकि पीएमजीएसवाई के अंतर्गत 11 नई सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत जिले में वृद्धावस्था पेंशन योजना के 3,159 लाभार्थियों को 6 करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। वहीं, विधवा पेंशन योजना के तहत 1,283 लाभार्थियों को करीब 2 करोड़ 47 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई गई। बैठक में विद्युत विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि जिले में अब तक 1,95,225 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जननी सुरक्षा योजना से भी बड़ी संख्या में महिलाओं को लाभान्वित किया गया है।

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना की समीक्षा में बताया गया कि जिले में कुल 318 कार्यों की अनुशंसा की गई है, जिनमें से 281 कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। इनमें 106 कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 158 कार्य प्रगति पर हैं। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जिले के 54,294 विद्यार्थियों को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## राजगढ़ में कीट का कहर, आधे से ज्यादा मक्की की फसल तबाह

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजगढ़ उपमंडल की ग्राम पंचायत टिक्कर के मडेढ़ा गांव में मक्की की फसल पर रहस्यमयी कीट के हमले से किसान चिंतित हैं। किसानों के अनुसार गांव में आधे से अधिक मक्की की फसल इस कीट की चपेट में आ चुकी है, जिससे फसल को भारी नुकसान पहुंच रहा है। खेतों में खड़ी मक्की के पौधे धीरे-धीरे सूख रहे हैं और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

किसानों ने बताया कि यह कीट मक्की के पौधे के तने के अंदर प्रवेश कर उसे कमजोर कर देता है। कुछ समय बाद पौधा सूखने लगता है और उसकी बढ़वार रुक जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इससे पहले मक्की की फसल में इस तरह का कीट प्रकोप नहीं देखा था, जिसके कारण समस्या को समझना और उसका समाधान करना मुश्किल हो रहा है। इन दिनों क्षेत्र में मक्की की गुड़ाई का काम चल रहा है। इस दौरान किसान संक्रमित पौधों को खेतों से हटाने में जुटे हैं। किसानों ने बताया कि कीट पौधे के अंदर तक पहुंच चुका है, इसलिए वे प्रभावित पौधों को पशुओं के चारे के रूप में इस्तेमाल करने से भी डर रहे हैं।

किसानों ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर कीटनाशकों का छिड़काव किया, लेकिन इसका कोई खास असर दिखाई नहीं दिया। इससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कीट की पहचान कर नियंत्रण के उपाय नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में नुकसान और बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने कृषि विभाग से मांग की है कि विशेषज्ञों की टीम भेजकर प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया जाए और किसानों को उचित दवा व बचाव के तरीके उपलब्ध करवाए जाएं। किसानों का कहना है कि मक्की क्षेत्र की प्रमुख फसलों में शामिल है और इससे उनकी आजीविका जुड़ी हुई है।

## सोलन में झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित

### भारी वर्षा के बाद कई मार्ग बंद, संपर्क मार्गों पर भूस्खलन और मलबा आने से यातायात बाधित

अनंत ज्ञान



सोलन में बारिश से प्रभावित जनजीवन। अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला सोलन में लगातार करीब आठ घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। भारी वर्षा के कारण जिले के कई क्षेत्रों में सड़क मार्गों पर भूस्खलन और मलबा आने से यातायात व्यवस्था बाधित रही। वहीं, सोलन शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई, जिससे लोगों को दैनिक कार्यों के लिए घरों से निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

लगातार बारिश के चलते शहर की नालियां पानी और कचरे से भर गईं, जिसके कारण वर्षा का पानी सड़कों पर बहने लगा। शहर के प्रमुख बाजारों, व्यस्त मार्गों और कई निचले इलाकों में जलभराव होने से वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। कई स्थानों पर पानी भरने के कारण वाहनों की गति धीमी हो गई और यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। बारिश का असर ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिला। जिले के कई संपर्क मार्गों पर पहाड़ियों से मलबा गिरने के कारण आवाजाही बाधित हुई। कुछ स्थानों पर लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

लोक निर्माण विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर मार्गों को बहाल करने के कार्य में जुटी रहीं। विभाग की ओर से प्रभावित सड़कों से मलबा हटाने और यातायात सुचारू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारी बारिश के कारण कुछ क्षेत्रों में बिजली और पेयजल आपूर्ति पर भी असर पड़ने की सूचना मिली है।

संबंधित विभागों ने स्थिति पर नजर बनाए रखी है और प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाएं बहाल करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मौसम की खराब परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। प्रशासन ने नागरिकों से नदी, नालों और खड्डों के आसपास जाने से बचने की अपील की है। इसके अलावा लोगों को अनावश्यक यात्रा न करने और भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन ने कहा है कि नागरिक मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनियों पर ध्यान दें और किसी भी आपात स्थिति की जानकारी तुरंत संबंधित विभागों को दें। सभी विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटा जा सके। अधिकारियों के अनुसार, बारिश के दौरान सड़क, बिजली, पेयजल और अन्य आवश्यक सेवाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों को तैयार रहने को कहा गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और किसी भी तरह की जोखिम भरी गतिविधियों से बचें।

## नशे से दूर रहने का संदेश, लक्ष्य स्कूल में जागरूकता अभियान

अनंत ज्ञान

**अर्की।** उपायुक्त सोलन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत गुरुवार को लक्ष्य पब्लिक स्कूल, अर्की में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में नशा निवारण केंद्र अर्की के सदस्यों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचने और जीवन में सकारात्मक गतिविधियों को अपनाने का आह्वान किया।

इस दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों और कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंध निदेशक आकाश गुप्ता, प्रधानाचार्या वीना गुप्ता, शिक्षक आशीष, शिक्षिका महांती देवी तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री निधि उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा देने में सहायक साबित होते हैं।

# सड़क दुर्घटना में घायल ने पीजीआई में तोड़ा दम

**अनंत ज्ञान, अंब।** थाना अंब के तहत हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान पीजीआई चंडीगढ़ में दम तोड़ दिया। पुलिस ने फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गांव हम्बोली निवासी गुरभाग सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके बेटे की शादी धुसाड़ा में थी। शादी समारोह में उसका रिश्तेदार कमलजीत सिंह पुत्र गुरदास राम निवासी गांव भदसाली, तहसील हरोली, जिला ऊना अपने परिवार के साथ शामिल होने आया था। शिकायत के मुताबिक, समारोह के दौरान कमलजीत सिंह सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार मोटरसाइकिल (एचपी–19सी–8214) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल कमलजीत सिंह को पहले स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना अंब पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 और 106(1) तथा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 187 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

◆ **फरार बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज**

# चुरुडू की ग्रामसभा में स्वच्छता, विकास एवं योजनाओं का खाका किया तैयार

## पंचायत के समग्र विकास, जनभागीदारी और पारदर्शी प्रशासन का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान

**बड़ूही (ऊना):** विकास खंड अंब के अंतर्गत ग्राम पंचायत चुरुडू में ग्रामसभा का आयोजन पंचायत प्रधान नीलम कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। ग्रामसभा में पंचायत सदस्यों के अलावा जिला परिषद सदस्य सरवन सिंह और बीडीसी सदस्य मंजीत कौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पंचायत के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों, पंचायत को नशा मुक्त बनाने, बीबी जी राम जी के तहत कराए जाने वाले विकास कार्यों तथा स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही पंचायत क्षेत्र में जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया।



इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के चिकित्सक डॉ. महेश्वर सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को टीबी (क्षय रोग) के लक्षण, बचाव, समय पर जांच और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है और समय पर उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाने का आग्रह किया। ग्रामसभा को संबोधित करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से भी विकास कार्यों, स्वच्छता अभियान और नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। ग्रामसभा का समापन पंचायत के समग्र विकास, जनभागीदारी और पारदर्शी प्रशासन के संकल्प के साथ हुआ।

## कैलाश नगर-अपर गगरेट में बताईं सरकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के पहले चरण के चौथे दिन आज(गुरुवार) को आर.के. कलामंच, चिंतपूर्णी ने गगरेट उपमंडल के गावं कैलाश नगर और गगरेट अप्पर में जन-जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं, जनकल्याणकारी नीतियों, उपलब्धियों तथा नशामुक्त अभियान से अवगत करवाया। कार्यक्रम में कलाकारों ने जानकारी दी कि हिमाचल सरकार द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, विधवा, एकल, परित्यक्ता व अल्पसंख्यकों को एक वर्ष के पीजीडीसीए और डीसीए कम्प्यूटर कोर्स करवाने का प्रावधान है।

# कलरूही के उपप्रधान को झूठे मुकदमे में फंसाने की आशंका

अनंत ज्ञान

◆ **पुलिस से सुरक्षा की गुहार निष्पक्ष जांच की उठाई मांग**

**विवेक शर्मा, अंब।** ग्राम पंचायत कलरूही के उपप्रधान ने राजनीतिक द्वेष के चलते स्वयं और अपने परिवार को झूठे मामलों में फंसाए जाने की आशंका जताते हुए जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम अंब, डीएसपी अंब, थाना प्रभारी अंब तथा पंचायत प्रधान को शिकायत पत्र भेजकर मामले में निष्पक्ष जांच और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। शिकायत पत्र में उपप्रधान ने आरोप लगाया है कि पंचायत चुनाव में जीत के बाद कुछ राजनीतिक विरोधी उनसे रंजिश रखने लगे हैं। उनका कहना है कि उनकी छवि धूमिल करने, उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची जा सकती है। शिकायत में उन्होंने कुछ लोगों के नाम भी दर्ज करते हुए उन्हें संभावित रूप से जिम्मेदार ठहराया है।

उपप्रधान का आरोप है कि शिकायत में नामित कुछ लोगों के खिलाफ विभिन्न सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार, सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे और अन्य मामलों की जांच चल रही है। उनका कहना है कि इन मामलों की जांच प्रभावित करने तथा उन पर दबाव बनाने के उद्देश्य से उनके विरुद्ध राजनीति से प्रेरित झूठी शिकायतें कराई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 2 जुलाई को पंचायत प्रधान को भी लिखित शिकायत देकर सुरक्षा की मांग की थी। इसके बाद 4 जुलाई को उनके खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई गई, जिसे उन्होंने राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया है। उनका कहना है कि भविष्य में भी उनके विरुद्ध झूठी शिकायतें कराई जा सकती हैं। इसी आशंका के मद्देनजर उन्होंने 8 जुलाई को उपायुक्त, एसडीएम अंब तथा पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी शिकायत पत्र भेजा है। उपप्रधान ने मांग की है कि उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि यदि उन्हें या उनके परिवार को किसी प्रकार की जान-माल की हानि होती है अथवा उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने का प्रयास किया जाता है तो शिकायत में नामित व्यक्तियों की भूमिका की गंभीरता से जांच की जाए।

# सोमभद्रा नदी में रेत में दबी मिली बाइक

## नंदपुर क्रशर के पास मिली, पुलिस ने शुरू की मालिक की तलाश

अनंत ज्ञान

**बड़ूही (ऊना)।** ऊपरी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण उफान पर आई सोमभद्रा नदी एक बार फिर खतरे का संकेत देती नजर आई। नंदपुर क्रशर के समीप नदी किनारे रेत में आधी दबी एक बाइक मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। फिलहाल बाइक किसकी है और वह नदी में कैसे पहुंची, इसका पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को एक राहगीर नदी किनारे से गुजर रहा था। इसी दौरान उसकी नजर नदी के बीचों-बीच रेत में आधी दबी बाइक पर पड़ी। उसने इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। प्रारंभिक अनुमान है



कि ऊपरी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के दौरान तेज बहाव के साथ बाइक नदी में बहकर यहां पहुंची होगी। मौके पर मिली बाइक का पंजीकरण नंबर एचपी–19सी–9156 है। पुलिस अब इसी नंबर के आधार पर वाहन मालिक की पहचान करने में जुट गई है।

अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बाइक किसी दुर्घटना में बह गई या किसी अन्य कारण से नदी में पहुंची। यह घटना एक बार फिर प्रशासन की लगातार जारी चेतावनियों के बावजूद बरसात के मौसम में बरती जा रही लापरवाही की ओर इशारा करती है।

डीएसपी अंब अनिल पटियाल ने बताया कि बाइक के पंजीकरण नंबर के आधार पर उसके मालिक की पहचान की जाएगी और पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बरसात के दिनों में नदी-नालों के आसपास जाने से बचें और किसी भी स्थिति में उफनती नदी या नाले के बीच से वाहन निकालने का प्रयास न करें। उन्होंने कहा कि थोड़ी-सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है।

# नंगल जरियालां में कल लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

अनंत ज्ञान

◆ **लिवासा अस्पताल की टीम करेगी जांच**

**बड़ूही (ऊना)।** ग्राम पंचायत नंगल जरियालां एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 11 जुलाई (शनिवार) को शिव मंदिर तलाव, गांव नंगल जरियालां में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें लिवासा अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और जांच सेवाएं प्रदान करेगी। शिविर में डॉ. शिवम (पुत्र सतीश कुमार एवं किरण वाला) अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ उपस्थित रहेंगे। वहीं दंत चिकित्सक डॉ. करनैल भी दांतों एवं मसूड़ों से संबंधित रोगों की जांच और परामर्श देंगे। शिविर में हृदय रोग, ऑर्थोपेडिक (हड्डी एवं जोड़ों के रोग), स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा दंत रोगों के विशेषज्ञ मरीजों की जांच करेंगे। इसके अलावा ईसीजी (ईसीजी), रक्तचाप (बीपी), ब्लड शुगर, बीएमडी (हड्डियों के घनत्व की जांच) तथा दांतों की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## सुकड़ियाल पंचायत की प्रधान निर्मला देवी ने किया बड़ा ऐलान

# बेटी की शादी पर देंगी 5100 रुपए का शगुन

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुकड़ियाल की प्रधान निर्मला देवी ने पंचायत की आम सभा में कई महत्वपूर्ण और जनहित से जुड़े ऐलान कर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रधान बनने का उनका उद्देश्य केवल विकास कार्य करवाना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद परिवारों तक हर संभव सहायता पहुंचाना है।

उन्होंने घोषणा की कि वह अपनी मासिक वेतन राशि के साथ अपनी निजी आय को भी जनसेवा के कार्यों में लगाएंगी और अपनी पंचायत की प्रत्येक बेटी की शादी पर 5100 रुपए का शगुन देंगी। प्रधान निर्मला देवी ने कहा कि वह अपने मासिक वेतन का एक भी रुपया स्वयं या अपने परिवार पर खर्च नहीं करेंगी। उनका पूरा वेतन पंचायत और समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए समर्पित रहेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन्होंने पूरी निष्ठा और सेवा भाव के साथ लिया है और भविष्य में भी इसी भावना से कार्य करती रहेंगी। पंचायत प्रधान निर्मला देवी ने कहा कि पंचायत में यदि कोई निर्धन, असहाय या आर्थिक रूप से कमजोर परिवार है, जिसे बच्चों की पढ़ाई, इलाज या किसी अन्य आवश्यक कार्य के लिए आर्थिक सहायता की जरूरत है, तो वह बिना किसी झिझक के उनसे संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों की हरसंभव सहायता की जाएगी और किसी भी जरूरतमंद को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत का विकास तभी सार्थक होगा, जब समाज के कमजोर वर्गों को भी समान अवसर और सहयोग मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन परिवारों की कोई राजनीतिक पहुंच नहीं है और जो वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। सड़क, शिक्षा, पक्के रास्ते, पक्के मकान तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं ऐसे परिवारों तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

◆ **जनता की घर द्वार करूंगी समस्याओं का समाधान**

# हवाण सीनियर सेकेंडरी स्कूल को 14.90 लाख से मिला नया भवन



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हवान में 14.90 लाख रुपए की लागत से नए स्कूल भवन व आधुनिक हॉल का निर्माण जल्द शुरू होगा। यह बात हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल ने जीएसएसएस हवान में क्षेत्र दौरे के दौरान दी। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति की मांग पर उन्होंने इस मुद्दे को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी के समक्ष उठाया, जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए 14.90लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई।

चंदेल ने एसएमसी के साथ बैठक कर समस्याएं सुनीं। उन्होंने स्कूल की पढ़ाई, अनुशासन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र का उत्कृष्ट विद्यालय बताया। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान अनिल कुमार कश्यप, पंचायत प्रधान परमजीत, राकेश कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। चंदेल ने आश्वासन दिया कि स्कूल में स्टाफ की कमी जल्द दूर की जाएगी। कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्कूल प्रबंधन समिति सहित ग्रामीणों ने स्कूल भवन को मिली 14.90 लाख रुपए की राशि मिलने को लेकर मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी सहित जितेंद्र चंदेल का भी का आभार प्रकट किया है।

# जीवन में लक्ष्य और अनुशासन से मिलेगी सफलता : धर्माणी

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जीवन में स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन, ईमानदारी और निरंतर मेहनत ही सफलता की असली कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप लक्ष्य तय कर उसे हासिल करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास करने का आह्वान किया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर में आयोजित 'विद्यार्थियों के साथ संवाद' कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है, जब उसे व्यवहारिक जीवन में अपनाया जाए। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानकर भविष्य की दिशा तय करनी चाहिए और विषय चयन भी अपने लक्ष्य के अनुरूप करना चाहिए।

संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने मंत्री से उनके जीवन और संघर्ष से जुड़े सवाल पूछे। इस पर धर्माणी ने कहा, 'मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि मैंने कभी अपना ईमान नहीं बेचा।' उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य लिखने और उन्हें पूरा करने की कार्ययोजना बनाने की भी सलाह दी।

विद्यार्थियों की मांग पर मंत्री ने विद्यालय के खेल मैदान तथा शौचालयों के निर्माण एवं सुधार के लिए 55 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और विद्यार्थियों से कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।

# श्री नयना देवी में बिजली–पानी का संकट गहराया, लोगों में रोष

अनंत ज्ञान

◆ **पार्षदों ने उठाए सवाल**

**ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी में इन दिनों बिजली और पानी की समस्या से स्थानीय लोग व व्यापारी भारी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि नगर की स्थिति 'अंधेर नगरी चौपट राजा' जैसी हो गई है। एक ओर पानी का लगातार संकट बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर पिछले कई दिनों से बार-बार लग रहे लंबे बिजली कटों ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, श्रावण अष्टमी मेले से पहले हर वर्ष मरम्मत के नाम पर बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। मंगलवार को करीब साढ़े तीन घंटे और बुधवार को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली बंद रहने से उमस भरी गर्मी में लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। व्यापारियों का कहना है कि मेले की तैयारियां भी बिजली न होने से प्रभावित हो रही हैं।

नगर परिषद की नवनियुक्त उपप्रधान नीना शर्मा, पार्षद अल केंद्र भूषण, दीक्षा शर्मा और आरती देवी ने बिना पूर्व सूचना बिजली कट लगाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि यह समझ से परे है कि ऐसी कौन-सी मरम्मत है जो डेढ़ महीने तक चलती रहती है। बार-बार बिजली बाधित होने से आम जनजीवन और व्यापार दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

पार्षदों ने यह भी कहा कि बिजली कटों का सीधा असर पेयजल आपूर्ति पर पड़ता है। बिजली जाते ही जल शक्ति विभाग पानी लिफ्ट न होने का हवाला देकर जलापूर्ति बाधित कर देता है, जिससे लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो स्थानीय जनता का आक्रोश बढ़ सकता है। इस संबंध में सहायक अभियंता संजीव ठाकुर ने बताया कि श्रावण अष्टमी मेले को देखते हुए आवश्यक मरम्मत कार्य जारी रहेगा, लेकिन पूरे क्षेत्र की बिजली बंद नहीं की जाएगी। केवल उसी इलाके की आपूर्ति प्रभावित होगी, जहां रखरखाव का कार्य चल रहा होगा।

# ऋषिकेश स्कूल में विद्यार्थियों ने लगाए पौधे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऋषिकेश में वृक्षारोपण अभियान-2026 के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में अर्जुन, अनार, बेल, करियाला सहित फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। प्रधानाचार्य निर्मल सिंह चंदेल ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण तथा पौधों की देखभाल का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार, प्रवक्ता (वाणिज्य) एवं इको क्लब प्रभारी के नेतृत्व में हुआ। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण करते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया तथा हरित और स्वच्छ भविष्य के निर्माण का संदेश दिया।

# बिलासपुर कॉलेज में पीजी प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जुलाई

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में सत्र 2026-27 के लिए एमए इकोनॉमिक्स, एमए इंग्लिश, एम.कॉम, एमएससी (केमिस्ट्री, मैथ्स, फिजिक्स) तथा पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि सभी पीजी कोर्सों में 30-30 सीटें हैं और मेरिट के आधार पर प्रवेश होगा। पहली काउंसलिंग 13 जुलाई को विभागों में होगी, पहली मेरिट 14 जुलाई दोपहर 2 बजे जारी होगी, चयनित छात्रों को 15 व 16 जुलाई को फीस जमा करनी होगी, तथा दूसरी मेरिट 17 जुलाई को दोपहर 2 बजे निकालेगी। आवेदकों को फॉर्म की हार्ड कॉपी, मूल प्रमाणपत्र, उनकी फोटोकॉपी और श्रेणि-संबंधित दस्तावेज साथ लाने होंगे। किसी भी समस्या के लिए कॉलेज की वेबसाइट पर दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

# झंडूता कॉलेज और सत्य साई संगठन में हुआ करार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता और श्री सत्य साई सेवा संगठन, जिला बिलासपुर के बीच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार और संगठन के अध्यक्ष प्रो. पीएल जनेऊ ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत व्यक्तित्व विकास, करियर काउंसलिंग, नशा उन्मूलन जागरूकता, स्वच्छ परिसर अभियान, हर्बल पौधारोपण, रक्तदान शिविर, नैतिक मूल्यों के संवर्धन तथा स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित किए जाएंगे। श्री सत्य साई सेवा संगठन निःशुल्क कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा, जबकि महाविद्यालय आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों के समग्र विकास और सामाजिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

# हवाण में नवनिर्वाचित पंचायत ने चंदेल का किया स्वागत

अनंत ज्ञान

◆ **पंचायत प्रतिनिधियों से एकजुट होकर काम करने का किया आह्वान**

**घुमारवीं।** सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हवाण में नवनिर्वाचित पंचायत द्वारा क्षेत्र दौरे पर पहुंचे हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल का शॉल व टोपी पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान पंचायत प्रधान परमजीत, एसएमसी प्रधान अनिल कुमार कश्यप तथा अन्य वार्ड सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

चंदेल ने पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ बैठक के दौरान सभी से एकजुट होकर गांव के विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधि एक मंच पर इकट्ठे होकर योजनाबद्ध तरीके से काम करें ताकि हवाण गांव विकास की दृष्टि से एक मिसाल बन सके और अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा बने। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को सबसे जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में अहम कड़ी का कार्य करती हैं। इसलिए सभी पंचायत प्रतिनिधि राजनीति या प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर समाज की सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं और गांव के जरूरतमंद व्यक्तियों व परिवारों के हित में कार्य करें।

उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही गांव को समृद्ध बनाया जा सकता है और हर वर्ग को विकास का लाभ मिलना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व तथा कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा जिला में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की और लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# कुल्हाड़ी कांड में गाड़ी का मालिक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

◆ **साजिश में शामिल होने के आरोप, पुलिस कर रही पूछताछ**

**ब्यूरो, बिलासपुर।** किरतपुर–नेरचौक फोरलेन पर मंडी भराड़ी के समीप हुए चर्चित जानलेवा हमले की जांच में बिलासपुर पुलिस को एक और अहम सफलता मिली है। मामले की गहन पड़ताल के दौरान पुलिस ने वारदात में कथित रूप से इस्तेमाल किए गए वाहन के मालिक को आपराधिक षड्यंत्र में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर वाहन संख्या एचपी 23ए–7920 के मालिक धीरज धर्माणी (42) पुत्र प्यारे लाल धर्माणी, निवासी गांव करंगोड़ा, जिला बिलासपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जांच में उसकी कथित भूमिका सामने आने के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि वारदात की योजना किस स्तर पर बनाई गई थी तथा इसमें और कौन-कौन लोग शामिल थे। जांच अधिकारी मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल कर रहे हैं।

गौरतलब है कि 8 जुलाई की सुबह मंडी भराड़ी पुल के पास लुधियाना निवासी सन्नी गिल पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद पुलिस ने विशेष जांच शुरू करते हुए कई संदिग्धों से पूछताछ की और तकनीकी साक्ष्य भी जुटाए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे भी गिरफ्तारी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं, उक्त प्रकरण में पुलिस द्वारा की जा रही जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अनिल कुमार पुत्र जगत राम, निवासी बरठीं की मामले में आपराधिक षड्यंत्र के तहत संलिप्तता पाई गई है, जिस पर उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक 11 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं संगोष्ठी 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे लुद्दर महादेव रोड स्थित शिव व शनि मंदिर, भरठवाण में आयोजित की जाएगी। संघ के महासचिव रवींद्र कुमार शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मंदिर जाहू से करीब 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में साहित्यिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी, जबकि द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी आयोजित होगी। इसमें साहित्यकार अपनी नई रचनाओं के माध्यम से साहित्यिक विचारों और सामाजिक संदेशों को प्रस्तुत करेंगे। महासचिव ने सभी सदस्यों, साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों से बैठक में समय पर पहुंचने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ रचनाकारों को विचारों के आदान-प्रदान का अवसर भी प्रदान करते हैं।

# मिनर्वा की पूर्व छात्रा महिमा शर्मा वायुसेना में बनीं फ्लाइंग ऑफिसर

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** मिनर्वा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घुमारवीं की वर्ष 2017-18 बैच की पूर्व छात्रा एवं कुमारसैन (शिमला) निवासी महिमा शर्मा ने एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (एएफसीएटी) उत्तीर्ण कर भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में चयनित होकर विद्यालय, क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी प्रारंभिक सैन्य एवं उड़ान प्रशिक्षण एयर फोर्स अकादमी, डुंडीगल (हैदराबाद, तेलंगाना) में सफलतापूर्वक पूर्ण हुई। इसके उपरांत उन्होंने 15 दिसंबर 2025 को एयर फोर्स स्टेशन, जोधपुर (राजस्थान) में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं ग्रहण कीं। हाल ही में महिमा शर्मा ने अपने विद्यालय का दौरा किया, जहां विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के साथ एक प्रेरणादायी संवाद सत्र आयोजित किया। उन्होंने अपने छात्र जीवन से लेकर एएफसीएटी परीक्षा उत्तीर्ण करने, एयर फोर्स अकादमी में कठोर प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनने तक की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि कठिन परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं।



महिमा शर्मा ने विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना एवं सशस्त्र बलों में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों की जानकारी दी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, चुनौतियों से घबराने के बजाय उनका डटकर सामना करने तथा राष्ट्र सेवा को अपना सर्वोच्च लक्ष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

संवाद सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका महिमा शर्मा ने सरल एवं प्रेरणादायक ढंग से उत्तर दिया। विद्यालय प्रबंधन ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि उनकी सफलता विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### वन अधिकार दावों के शीघ्र निस्तारण की मांग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** गुज्जर कल्याण सभा चंबा के अध्यक्ष हसन दीन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को उपायुक्त चंबा से मुलाकात कर वन अधिकार कानून के तहत लंबित सामुदायिक वन अधिकार दावों के शीघ्र निस्तारण की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कई मामले जिला स्तरीय समिति में लंबे समय से विचाराधीन हैं, जिन पर जल्द निर्णय लिया जाए। उन्होंने वन, राजस्व और पंचायती राज विभागों की संयुक्त बैठक आयोजित करने का भी आग्रह किया, ताकि बेहतर समन्वय के साथ लंबित मामलों का समाधान हो सके। उपायुक्त ने मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### नुक्कड़ नाटकों से बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष प्रचार अभियान के तहत विभिन्न कला मंचों के कलाकारों ने चुराह, भटियात और भरमौर विधानसभा क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आर्यन कला मंच उदयपुर, आर्ट एंड कल्चर ग्रुप सराहन और मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप लेच के कलाकारों ने गीत, संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कलाकारों ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए स्वरोजगार, शिक्षा, आवास और प्रशिक्षण योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए लोगों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

### छात्र हितों पर कोई समझौता नहीं : आर्यन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय चंबा में एनएसयूआई इकाई ने 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक, प्रशासनिक और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सुनीं। अभियान का नेतृत्व एनएसयूआई अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज ने किया। विद्यार्थियों ने शिक्षा व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक कार्यों से संबंधित मुद्दे संगठन के समक्ष रखे। आर्यन भारद्वाज ने कहा कि छात्रों की समस्याओं को संबंधित प्रशासन के समक्ष उठाकर समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई छात्र हितों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के अधिकारों के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

### सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की सरोल शाखा द्वारा ग्राम पंचायत केहला करंगड़ में जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक अधिकारियों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभ, पात्रता एवं नामांकन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा डिजिटल बैंकिंग, बैंकिंग सेवाओं और वित्तीय समावेशन योजनाओं की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में सहायता मिलती है।

### मानव तस्करी रोकथाम को लेकर बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा मानव तस्करी की रोकथाम, बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग और बाल कल्याण समिति के अधिकारियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने कहा कि गुमशुदा बच्चों व महिलाओं के मामलों में तुरंत एफआईआर दर्ज कर खोज, बचाव और जांच प्रक्रिया तेज की जाए। उन्होंने विभागों को बेहतर समन्वय के साथ बाल संरक्षण तंत्र मजबूत करने और पीड़ितों के पुनर्वास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# बिजली प्रोजेक्ट निर्माण में देरी पर सरकार को घेरा

## बिजली संकट पर मनीष सरीन ने किया हमला, बोले- बनीखेत अंधेरे में, नेता उजालों में

अनंत ज्ञान

◆ **निर्माण में तेजी लाने और बिजली व्यवस्था सुधारने की उठाई मांग**

**डलहौजी/बनीखेत।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं वर्ष 2022 के हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी मनीष सरीन ने बनीखेत और आसपास के क्षेत्रों में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था को लेकर सरकार और जनप्रतिनिधियों पर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बारिश, धूप, बर्फबारी, तेज हवा या सामान्य मौसम-हर परिस्थिति में बिजली गुल होना अब बनीखेत की पहचान बन चुका है, जिससे आम जनता, व्यापारी, होटल उद्योग, विद्यार्थी और कर्मचारी लगातार परेशान हैं।



सरीन ने कहा कि बनीखेत जैसे प्रमुख पर्यटन क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से लोग अनियमित बिजली आपूर्ति का खामियाजा भुगत रहे हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित प्रयास नहीं किए गए। उनका कहना था कि इससे स्थानीय कारोबार और पर्यटन गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित 33 केवी विद्युत उपकेंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब इसकी आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, तो इसके निर्माण में इतनी देरी क्यों हुई। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि लोगों के बीच यह चर्चा होने लगी है कि कहीं इस उपकेंद्र का उद्घाटन भी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से जोड़कर तो नहीं देखा जा रहा।

मनीष सरीन ने कहा कि यदि सरकार और जनप्रतिनिधियों की मंशा स्पष्ट है तो परियोजना की निर्धारित समय-सीमा सार्वजनिक की जाए और निर्माण कार्य में तेजी लाकर इसे बिना किसी राजनीतिक प्रतीक्षा के जनता को समर्पित किया जाए। उन्होंने वर्तमान भाजपा विधायक तथा पूर्व कांग्रेस विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता को अपने जनप्रतिनिधियों से जवाबदेही और बुनियादी सुविधाओं की अपेक्षा है। उनका आरोप था कि समस्याओं के समाधान की अपेक्षा राजनीतिक कार्यक्रमों और सार्वजनिक आयोजनों को अधिक प्राथमिकता दी जा रही है। कटाक्ष करते हुए सरीन ने कहा कि यदि शादियों, धामों, नवालों, जद्दुओं और मंचों पर दिए जाने वाले भाषणों से बिजली आती, तो बनीखेत आज प्रदेश का सबसे रोशन क्षेत्र होता। उन्होंने कहा कि जनता को अब भाषण नहीं, बल्कि चौबीसों घंटे भरोसेमंद बिजली चाहिए। सरीन ने सरकार और विद्युत विभाग से मांग की कि 33 केवी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए, निर्माण कार्य की साप्ताहिक प्रगति सार्वजनिक की जाए, उपकेंद्र के चालू होने तक बिजली कटौती कम करने के लिए विशेष कार्ययोजना लागू की जाए तथा पूरे क्षेत्र के पुराने विद्युत नेटवर्क का तकनीकी ऑडिट कर आवश्यक उन्नयन किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता अब केवल शिलान्यास और उद्घाटन नहीं, बल्कि अपने घरों और बाजारों में निर्बाध बिजली आपूर्ति देखना चाहती है। यदि विकास केवल घोषणाओं और मंचों तक सीमित रहेगा, तो जनता लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देना भी जानती है।

# किहार पुलिस का एक्शन : बिना पहचान टैग के मवेशियों की आवाजाही पर रोक

अनंत ज्ञान

◆ **नियमों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई**

**सुनील पहाड़ी, किहार/सलूणी।** गर्मियों के मौसम में ऊंची धारों की ओर चराई के लिए ले जाए जा रहे मवेशियों पर किहार पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना पहचान टैग (ईयर टैग) वाले किसी भी मवेशी को आगे जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, हर वर्ष गर्मियों में क्षेत्र के ग्रामीण अपने मवेशियों को गुर्जर समुदाय की देखरेख में लंगेरा और कुंडी मराल धार सहित ऊंचाई वाले चरागाहों में भेजते हैं। इस वर्ष भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में मवेशियों को इन क्षेत्रों की ओर ले जाया जा रहा है। इसी बीच यह शिकायतें भी सामने आई हैं कि कुछ लोग मवेशियों के कानों में लगे पहचान टैग हटाकर उन्हें चराई के लिए छोड़ देते हैं और बाद में उन्हें वापस लेने भी नहीं पहुंचते। इससे मवेशियों की पहचान करना और उनकी जवाबदेही तय करना मुश्किल हो जाता है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए किहार पुलिस ने नाकों पर विशेष जांच अभियान शुरू किया है। जांच के दौरान एक वाहन से कुछ बिना पहचान टैग वाले मवेशी पाए गए।

पुलिस ने संबंधित लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में बिना टैग वाले मवेशियों को ले जाने या नियमों की अनदेखी करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पशुपालकों से भी अपील की है कि वे अपने सभी मवेशियों पर निर्धारित पहचान टैग अनिवार्य रूप से लगाए रखें, ताकि पशुओं की पहचान सुनिश्चित हो सके और किसी भी प्रकार की कानूनी या प्रशासनिक समस्या से बचा जा सके।

# हाउस टैक्स पर पुनर्विचार की मांग सामाजिक संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक एवं जनकल्याणकारी संगठनों ने नव-निर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए नगरहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग नगर परिषद द्वारा हाल ही में लागू किए गए हाउस टैक्स में हुई अप्रत्याशित वृद्धि पर तत्काल पुनर्विचार करने की उठाई गई।

संगठनों ने कहा कि नगरवासियों को नए हाउस टैक्स के कारण भारी आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2023 में भी प्रस्तावित कर वृद्धि का व्यापक विरोध हुआ था, जिसके बाद प्रशासन एवं नगर परिषद ने सैटेलाइट सर्वे के माध्यम से पारदर्शी ढंग से कर निर्धारण का आश्वासन दिया था। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि हाल ही में किया गया सर्वे उस आश्वासन के अनुरूप नहीं रहा तथा कई स्थानों पर संबंधित पार्षदों, तकनीकी अधिकारियों और भवन स्वामियों की सहभागिता के बिना आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा सर्वे कर टैक्स निर्धारित कर दिया गया, जिससे लोगों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। सामाजिक संगठनों ने मांग की कि वर्तमान हाउस टैक्स निर्धारण पर तत्काल प्रभाव से पुनर्विचार किया जाए तथा पूरे नगर का वैज्ञानिक, पारदर्शी और तकनीकी मानकों के अनुरूप दोबारा सर्वे कराया जाए। साथ ही प्रत्येक वार्ड में संबंधित पार्षद, तकनीकी अधिकारी एवं भवन स्वामी की उपस्थिति सुनिश्चित करने, कर निर्धारण की प्रक्रिया एवं मापदंडों को सार्वजनिक करने के लिए नगर परिषद द्वारा प्रेसवार्ता अथवा जनसभा आयोजित करने तथा चंबा की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कर दरों को तर्कसंगत एवं जनहितकारी बनाने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था, ठोस कचरा प्रबंधन, जल निकासी, सड़कों के रखरखाव तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं में अभी भी अपेक्षित सुधार की आवश्यकता है।

# करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर बना रहा मजबूत पहचान

## हिमाचल में तीसरा, उत्तर भारत में 17वां और देश के निजी विश्वविद्यालयों में 38वां स्थान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** चंबा में आयोजित प्रेस वार्ता में करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय, हमीरपुर के अधिकारियों ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2012 में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित यह विश्वविद्यालय आज उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और रोजगारपरक शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बना चुका है।

विश्वविद्यालय यूजीसी से मान्यता प्राप्त, हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान विनियामक आयोग द्वारा विनियमित तथा नैक से प्रत्यायित है। हाल ही में विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित रैंकिंग में हिमाचल प्रदेश में तीसरा, उत्तर भारत में 17वां तथा देश के निजी विश्वविद्यालयों में 38वां स्थान प्राप्त हुआ है।



प्रेसवार्ता करते करिय प्वाइंट विवि के अधिकारी। अनंत ज्ञान

प्रेसवार्ता में बताया गया कि विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं कुलाधिपति, आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र और करियर प्वाइंट समूह के संस्थापक के नेतृत्व में संस्थान लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वहीं, विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर एवं प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. पीएल गौतम को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हाल ही में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में वर्तमान में 2,500 से अधिक विद्यार्थी तथा लगभग 175 शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी कार्यरत हैं। यहां इंजीनियरिंग, प्रबंधन, विधि, होटल मैनेजमेंट, बेसिक एवं एप्लाइड साइंस तथा विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों सहित रोजगारोन्मुखी शिक्षा आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षण प्रणाली के माध्यम से प्रदान की जा रही है। विश्वविद्यालय नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप सेल ( श्रष्ट), एमएसएमई और मुख्यमंत्री स्टार्टअप योजनाओं के तहत कार्य कर रहा है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 15 लाख रुपये की प्रोजेक्ट फंडिंग हासिल की है। अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के 200 से अधिक शोधार्थी कार्यरत हैं, 100 से अधिक पेटेंट दर्ज किए जा चुके हैं तथा 50 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ एमओयू किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय ने 100 से अधिक गांवों को गोद लेकर किसानों की आय बढ़ाने, श्री अन्न (मिलेट्स) को बढ़ावा देने तथा औषधीय पौधों के संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वविद्यालय की छात्रा ईशिता को यूनाइटेड किंगडम में 1.50 करोड़ रुपए के वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति मिली, जबकि पूर्व विद्यार्थी शशांक सिविल जज बने हैं।

# कांग्रेस एकजुट होकर 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव लड़ेगी: बलबीर सिद्धू



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलबीर सिंह सिद्धू ने दावा किया कि पंजाब कांग्रेस पूरी तरह एकजुट और मजबूत है। उन्होंने कहा कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर उतरेगी और प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाएगी।

सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग और अन्य नेताओं के साथ हुई चर्चा में पार्टी की एकता और साझा रणनीति स्पष्ट हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी सरकार कानून-व्यवस्था, नशे, बेरोजगारी और विकास के मुद्दों पर विफल रही है। मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए सिद्धू ने धार्मिक संस्थाओं के सम्मान का मुद्दा उठाया और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने मोहाली विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू पर भी विकास कार्यों को लेकर सवाल खड़े किए। सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में शुरू की गई कई परियोजनाएं अब भी अधूरी हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखेगी और 2027 में पंजाब को विकास व सुशासन की राह पर ले जाएगी।

# हरियाणा भ्रष्टाचार और अपराध की चपेट में : सुशील गुप्ता

**अनंत ज्ञान, जींद।** आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील कुमार गुप्ता ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार, अपराध और जनसमस्याओं को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है और कई सरकारी काम बिना रिश्वत के नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और नेताओं की मिलीभगत से आम जनता परेशान है। पत्रकारों से बातचीत में गुप्ता ने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी, फैमिली आईडी, रजिस्ट्री और अन्य सरकारी सेवाओं के लिए लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ जमीन पर कम और कागजों में अधिक दिखाई देता है। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध, नशे और किसानों की समस्याओं को लेकर भी सरकार पर हमला बोला। गुप्ता ने कहा कि किसानों को फसल खराबे का उचित मुआवजा नहीं मिला और बाढ़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त तैयारियां नहीं की गईं। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों की स्थिति लगातार खराब हो रही है और सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही।

# 100 प्रतिशत एसआईआर कार्य पर बीएलओ जगतार सिंह सम्मानित

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर-2026) के तहत खरड़ विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 108 के बीएलओ तथा सरकारी एलिमेंट्री स्कूल लुबानगढ़ के अध्यापक जगतार सिंह द्वारा 100 प्रतिशत कार्य निर्धारित समय में पूरा किए जाने पर आज जिला प्रशासनिक परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त कोमल मित्तल, अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) सह-उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीतिका सिंह तथा एसडीएम-सह-इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारी, खरड़ गुरमीत सिंह ने जगतार सिंह को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब द्वारा जारी प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उपायुक्त ने जगतार सिंह उनके सुपरवाइजर गुरप्रीत सिंह (कृषि विकास अधिकारी) तथा एसडीएम सह-ईआरओ, खरड़ गुरमीत सिंह को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि एसआईआर-2026 के दौरान जिम्मेदारी और समर्पण के साथ किया गया कार्य लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी बीएलओ से आह्वान किया कि वे श्री जगतार सिंह से प्रेरणा लेकर एसआईआर का कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पूरा करें।

इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी (स्वीप) प्रो. गुरबख्शीश सिंह अंटाल ने बताया कि जगतार सिंह अपनी कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए पहले भी तीन बार सर्वाधिक नए मतदाता पंजीकृत करने वाले बीएलओ के रूप में सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनावों के दौरान उनके बूथ पर 89.5 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था, जिसके लिए भी उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# एसआईआर-2026 में तेजी के निर्देश 31 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा

**अनंत ज्ञान, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त कोमल मित्तल ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर)-2026 के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। दैनिक ऑनलाइन बैठक में उन्होंने अधिकारियों को शेष कार्यों में तेजी लाने और प्रक्रिया को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि जिले में अब तक 31.31 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूरा हो चुका है। 11 मतदान केंद्रों पर 90 प्रतिशत से अधिक, 7 केंद्रों पर 80 से 90 प्रतिशत तक कार्य पूरा हुआ है, जबकि 2 मतदान केंद्रों पर डिजिटाइजेशन का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है।

उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को निर्देश दिए कि एसआईआर-2026 की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और शुद्धता के साथ समय पर पूरी की जाए। बैठक में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि जिन केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, वहां भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार नए मतदान केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त गीतिका सिंह, एसडीएम खरड़ गुरमीत सिंह, निर्वाचन तहसीलदार हरप्रीत कौर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए पंजाब एल्डरलाइन हेल्पलाइन बनी सहारा



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पंजाब में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, सुरक्षा एवं सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब एल्डरलाइन हेल्पलाइन 14567 प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी मार्गदर्शन, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं संबंधी जानकारी, काउंसलिंग, शिकायतों के निपटारे तथा अन्य आवश्यक सहायता सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। इस टोल-फ्री सेवा का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं आत्मविश्वासपूर्ण जीवन उपलब्ध कराना है।

जिला सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नवदीप कौर ने हेल्पलाइन के माध्यम से उपलब्ध प्रमुख सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ नागरिक इस नंबर पर कॉल करके वृद्धावस्था पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, वृद्धाश्रमों, अस्पतालों तथा अन्य कल्याणकारी सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटीजंस एक्ट तथा संपत्ति से संबंधित मामलों में निशुल्क कानूनी सलाह एवं मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाता है। अकेलेपन, चिंता अथवा मानसिक तनाव से जूझ रहे वरिष्ठ नागरिकों को विशेषज्ञ काउंसलरों द्वारा परामर्श सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इसी प्रकार बेसहारा, सड़कों पर रह रहे अथवा उपेक्षा एवं अत्याचार का शिकार हो रहे वरिष्ठ नागरिकों को तत्काल राहत उपलब्ध कराकर सुरक्षित स्थानों या वृद्धाश्रमों तक पहुंचाया जाता है। यह हेल्पलाइन 14567 पूरी तरह टोल-फ्री है और सप्ताह के सभी दिनों में प्रात: 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक उपलब्ध रहती है।

# यूनिवर्सिटी कर्मचारियों के ग्रेड पे मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के चार विश्वविद्यालयों के सहायकों को हरियाणा सिविल सचिवालय के कर्मचारियों के समान 3600 रुपये ग्रेड पे देने से जुड़े लंबे समय से लंबित विवाद में गुरुवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले को 24 अगस्त को आवश्यक केस सूची में शामिल करने के आदेश दिए। मामला कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां तथा चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के सहायकों द्वारा दायर अवमानना याचिकाओं सीओसीपी-444-2020 और सीओसीपी-11-2020 से संबंधित है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट ने 15 जुलाई 2019 को विश्वविद्यालय सहायकों का ग्रेड पे 3600 रुपये से घटाकर 3200 रुपये किए जाने संबंधी अध्यादेश को निरस्त कर दिया था। इसके बावजूद सरकार ने अब तक उस आदेश के अनुरूप कार्रवाई नहीं की है। सुनवाई के दौरान महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा निदेशालय के राज्य जन सूचना अधिकारी द्वारा 15 जून को आरटीआई के तहत दिए गए जवाब को भी रिकॉर्ड पर लिया गया। आरटीआई में कहा गया है कि निदेशालय के पास ऐसा कोई नियम उपलब्ध नहीं है, जिसके तहत उसे विश्वविद्यालय कर्मचारियों के सचिवालय पैटर्न पर तैयार वेतन पुनर्निर्धारण (पे-रिफिक्सेशन) चार्ट का डबल ऑडिट करने का अधिकार प्राप्त हो। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से पेश अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि विश्वविद्यालय ने 6 जून को महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा निदेशालय को पत्र लिखकर हाईकोर्ट के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया था। सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने मामले को महत्वपूर्ण मानते हुए 24 अगस्त को अर्जेंट सूची में लगाने के निर्देश दिए।

# अमन अरोड़ा बोले-एसआईआर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें मतदाता



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के प्रधान और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने प्रदेश के लोगों से वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर)-2026 में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक योग्य मतदाता अपना वेरिफिकेशन पूरा करवाए, ताकि उसका मतदान अधिकार सुरक्षित रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमन अरोड़ा ने कहा कि एसआईआर मतदाता सूची को अपडेट करने और उसकी सत्यता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया है। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और निर्धारित समय में जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कई सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों की सही पहचान और रिकॉर्ड से जुड़ा है। इसलिए हर योग्य नागरिक का मतदाता सूची में सही विवरण दर्ज होना जरूरी है।

अमन अरोड़ा ने आरोप लगाया कि भाजपा ने अन्य राज्यों में ऐसी प्रक्रियाओं का राजनीतिक लाभ के लिए दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि आप यह सुनिश्चित करना चाहती है कि पंजाब में कोई भी वास्तविक मतदाता अपने अधिकार से वंचित न हो। उन्होंने बताया कि आप ने मतदाताओं की सहायता के लिए पूरे पंजाब में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-1 और बीएलए-2) तैनात किए हैं, जो वेरिफिकेशन प्रक्रिया में लोगों की मदद करेंगे।

# सीजीसी लांडरां में 26वें अकादमिक सत्र का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** सीजीसी लांडरां ने संस्थान के 26वें अकादमिक सेशन के शुभारंभ से पहले ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए कैंपस में श्री अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया। आज श्री अखंड पाठ साहिब का भोग संपन्न हुआ, जिसके बाद अरदास, भावपूर्ण कीर्तन तथा गुरु का लंगर आयोजित किया गया। पवित्र गुरबाणी की प्रत्येक दिव्य वाणी ने सभी को आत्मचिंतन और कृतज्ञता की प्रेरणा दी तथा पूरे कैंपस को शांति, आनंद, सकारात्मकता और आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया।


इस पावन अवसर पर सीजीसी लांडरां के चेयरमैन सतनाम सिंह संधू, प्रेसिडेंट रशपाल सिंह ढालीवाल, उनके परिवार के सदस्य, वाइस चेयरमैन परमपाल सिंह ढिल्लों, संस्थान के डायरेक्टर्स, एचओडीज, फैकल्टी मेंबर्स तथा सभी कर्मचारी श्रद्धापूर्वक नतमस्तक हुए। चेयरमैन सतनाम सिंह संधू और प्रेसिडेंट रशपाल सिंह ढालीवाल ने स्टूडेंट्स एवं फैकल्टी को नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, सतत् सीखने, समग्र विकास और नई उपलब्धियों से परिपूर्ण शैक्षणिक वर्ष की कामना की। सीजीसी लांडरां गुणवत्तापूर्ण और किफायती उच्च शिक्षा के साथ-साथ अपने उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड के लिए क्षेत्र के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।



# भाजपा सत्ता में होती तो हिमाचल के हितों से होता समझौता: सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

◆ कहा-व्यवस्था परिवर्तन केवल नारा नहीं, सरकार की कार्यशैली



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने किशाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना को लेकर भाजपा पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए दावा किया कि यदि प्रदेश में भाजपा की सरकार होती तो पुराने समझौते को स्वीकार कर हिमाचल प्रदेश के हितों से समझौता कर लिया जाता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2023 में ही पुराने समझौते को अस्वीकार कर राज्य के अधिकारों की मजबूती से पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप हिमाचल को अब इस परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग 600 करोड़ रुपए की आय सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने इसे प्रदेश के अधिकारों और आर्थिक हितों की बड़ी जीत बताया।

एक निजी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही बल्कि व्यवस्था परिवर्तन की सोच को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि अनाथ बच्चों, विधवाओं, एकल महिलाओं, मेधावी विद्यार्थियों और जरूरतमंद परिवारों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं, जिनका लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान प्रदेश सरकार ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद राहत व्यवस्था को मजबूत किया। पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकानों के लिए मुआवजा राशि एक लाख 30 हजार रुपए से बढ़ाकर आठ लाख रुपए कर दी गई है, जो देश में सबसे अधिक है।

उन्होंने कहा कि केंद्र से मिलने वाली आरडीजी मद की लगभग 10 हजार करोड़ रुपए वार्षिक राशि में कटौती के बावजूद राज्य सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर हिमाचल की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषणा किए जाने के बावजूद आपदा राहत के 1500 करोड़ रुपए आज तक प्रदेश को प्राप्त नहीं हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए अपनी निजी आय से 51 लाख रुपए का योगदान दिया। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल में कोविड महामारी के दौरान भी उन्होंने व्यक्तिगत रूप से 35 लाख रुपए सरकार को दान दिए थे। भाजपा की आंतरिक स्थिति पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी कई गुटों में बंटी हुई है और सत्ता की दौड़ में फिलहाल उसका सेमीफाइनल चल रहा है।

### भाजपा पर एजेंसियों के दुरुपयोग का लगाया आरोप

**एक** प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा चुनावों से पहले प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जैसी एजेंसियों का राजनीतिक उपयोग करती है, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में राज्य मंत्रिमंडल पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है।

# दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र बनेगा किसानों की आय का प्रमुख आधार: चंद्र कुमार

## पशुपालन मंत्री ने ढगवार मिल्क प्लांट में आधारभूत सुविधाएं समय पर मुहैया कराने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने आज उपायुक्त कार्यालय में ढगवार में निर्माणाधीन अत्याधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट के निर्माण कार्य एवं आधारभूत सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मिल्क फेडरेशन के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा, मिल्क फेडरेशन के प्रबंध निदेशक अभिषेक वर्मा सहित राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अधिकारियों, विभिन्न विभागों एवं संबंधित एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान परियोजना की वर्तमान प्रगति, निर्धारित समय-सीमा तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने कहा कि परियोजना की नियमित अंतराल पर समीक्षा की जा रही है, ताकि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने पानी, बिजली तथा सिविल कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को प्लांट की वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप बिजली एवं पानी की मांग का विस्तृत आकलन तैयार करने को कहा।



ढगवार में निर्माणाधीन अत्याधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का दौरा करते मंत्री प्रो. चंद्र कुमार।

जल उपलब्धता के संबंध में चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में सतही जल स्रोत सीमित हैं तथा निकटवर्ती खड्डों एवं नालों में वर्षभर पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं रहता। ऐसे में केंद्रीय भूजल बोर्ड के विशेषज्ञों की सहायता से भूजल उपलब्धता का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराया जाएगा तथा आवश्यकता के अनुसार एक से अधिक ट्यूबवेल स्थापित किए जाएंगे, ताकि संयंत्र की जल आवश्यकता निरंतर पूरी की जा सके। प्रो. चंद्र कुमार ने बताया कि जिला कांगड़ा के ढगवार में स्थापित किया जा रहा अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र प्रारंभिक चरण में प्रतिदिन 1.50 लाख लीटर (एलएलपीडी) दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता का होगा, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 3 लाख लीटर प्रतिदिन किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि संयंत्र के शुरू होने से कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर, मंडी और ऊना जिलों के 35 हजार से अधिक दुग्ध उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा तथा उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना से दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण और वितरण व्यवस्था सुदृढ़ होगी। साथ ही परिवहन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन तथा रखरखाव जैसी गतिविधियों में भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि इस संयंत्र के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा पूरी धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है तथा इसका निर्माण कार्य नवंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### जेपी नड्डा केलांग में कल करेंगे उच्च हिमालयी चिकित्सा अनुसंधान केंद्र का शिलान्यास



**अनंत ज्ञान, शिमला।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा 11 जुलाई को हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पीति जिले के केलांग में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के उच्च हिमालयी चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य अनुसंधान केंद्र का शिलान्यास करेंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के अंतर्गत भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा स्थापित किया जा रहा यह केंद्र केलांग स्थित आईसीएमआर के वर्तमान फील्ड स्टेशन को उन्नत कर भारत के उच्च हिमालयी एवं जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों पर केंद्रित अनुसंधान, नवाचार तथा क्षमता विकास के लिए एक पूर्ण विकसित बहुविषयक केंद्र के रूप में विकसित करेगा। हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र जन स्वास्थ्य के समक्ष विशिष्ट चुनौतियाँ प्रस्तुत करता है। अधिक ऊँचाई, अत्यधिक प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियाँ, दुर्गम भू-भाग तथा बढ़ती जलवायु परिवर्तनशीलता रोगों के स्वरूप, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को प्रभावित करती हैं। केलांग स्थित यह केंद्र व्यापक अनुसंधान दायरे के अंतर्गत उच्च हिमालयी शरीर क्रिया विज्ञान एवं अनुकूलन, पर्वतीय चिकित्सा, जलवायु-संवेदनशील एवं उभरते रोग, संक्रामक एवं गैर-संचारी रोग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरणीय एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा आपदा चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप वैज्ञानिक साक्ष्य एवं व्यापक स्तर पर अपनाए जा सकने वाले समाधान विकसित करेगा। इसके साथ ही, दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह केंद्र डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म, टेलीमेडीसन, ड्रोन-सक्षम स्वास्थ्य सेवा आपूर्ति प्रणाली तथा रिअ़ॅल-टाइम जन स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली का भी समावेश करेगा।

### कल शुरू होगी प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश ने न्यू कंपलेक्स सिस्टम और प्राथमिक शिक्षा व प्राथमिक शिक्षकों से जुड़े अन्य 25 मुद्दों को लेकर 11 जुलाई को प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया है। यह पदयात्रा बनखंडी माता बगलामुखी मंदिर देहरा जिला कांगड़ा से पूजा अर्चना के साथ 11 जुलाई को प्रारंभ होगी और देहरा-ज्वाला जी-नादौन- हमीरपुर-भोटा -उखली- घुमारवीं - कंदरौर -बिलासपुर-दाड़लाघाट होते हुए 25 जुलाई को शिमला पहुंचेगी। 26 जुलाई को चौड़ा मैदान शिमला में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा करेंगे। 11 जुलाई ,2026 से सभी प्राथमिक शिक्षक अपने स्कूलों में आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों तक काले बिल्ले या काली पट्टी लगाकर शिक्षण कार्य करेंगे। संघ के जिला कांगड़ा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया व महासचिव निदेश राणा ने बताया कि 5,000 से अधिक पद प्राथमिक शिक्षकों के खाली और 3,000 से अधिक स्कूल मात्र एक अध्यापक के सहारे हैं। बच्चों का स्कूलों से पलायन व बंद होना स्वाभाविक व निरंतर प्रक्रिया बन चुका है। प्राथमिक स्कूलों की पाठशाला प्रबंधन समिति को भी खत्म किया जा रहा है। प्राथमिक शिक्षा की पहचान मिटाने के लिए प्राथमिक स्कूलों के यूडाइज कोड तक समाप्त किए जा रहे हैं। प्राइमरी के छोटे-छोटे बच्चों की खेलें पिछले 2 साल से बंद कर दी गई हैं।

### स्कूटी सवार बुजुर्ग को टक्कर मार भागे ट्रिपल राइडर

**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट क्षेत्र के शांत ग्रामीण भागों की सुरक्षित सड़कों पर हुड़दंगियों और ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला गगरेट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आते अंबोटा के पास से सामने आया है, जहां एक बाइक पर सवार तीन प्रवासी युवकों न सिर्फ कानून को ठेंगा दिखाया, बल्कि एक इलेक्ट्रिकल स्कूटी सवार बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मारकर मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ही बाइक पर बिना हेलमेट के तीन प्रवासी युवक अंधाधुंध रफ्तार में बाइक दौड़ा रहे थे। अंबोटा बस स्टैंड के पास उन्होंने सड़क पर चल रहे एक स्कूटी चला रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग वहीं गिर पड़े, लेकिन इंसानियत को शर्मसार करते हुए तीनों युवक रुकने के बजाय बाइक भगा ले गए। तड़फ रहे बुजुर्ग को आसपास के दुकानदारों ने गगरेट अस्पताल पहुंचाया, जहां बुजुर्ग का इलाज चल रहा है।

# पात्र परिवारों को जल्द आवंटित करें प्लॉट: परुथी

## कोल बांध विस्थापित समिति की बैठक में लंबित मामलों के समाधान के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य स्तरीय कोल बांध विस्थापित एवं पुनर्वास सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर के बचत भवन में मंडलायुक्त मंडी आरके परुथी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला बिलासपुर के कोल बांध प्रभावित एवं पुनर्वास क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न लंबित मामलों और समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



बैठक की अध्यक्षता करते मंडलायुक्त आरके परुथी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडलायुक्त आरके परुथी ने कहा कि प्रदेश सरकार में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के निर्देशानुसार बिलासपुर में राज्य स्तरीय कोल बांध विस्थापित एवं पुनर्वास सलाहकार समिति की यह दूसरी बैठक आयोजित की गई है, ताकि प्रभावित परिवारों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र बचे हुए परिवारों को प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए इसे जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग को पुनर्वास क्षेत्रों में पेयजल, सड़क तथा सीवरेज से संबंधित सभी लंबित कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीपीएफ जमथल में बसाए गए परिवारों द्वारा स्थाई पता संबंधित पुरानी मांग उठाई गई समस्याओं पर मंडलायुक्त ने तहसीलदार सदर और खंड विकास अधिकारी सदर को एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एनटीपीसी के माध्यम से प्रभावित परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाए गए रोजगार की भी समीक्षा की गई। एनटीपीसी अधिकारियों ने बताया कि अब तक प्रभावित क्षेत्रों के 440 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। इस पर मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि भविष्य में रोजगार उपलब्ध करवाते समय उन परिवारों को प्राथमिकता दी जाए, जिनके किसी भी सदस्य को अभी तक रोजगार नहीं मिला है। बैठक के दौरान हरनोड़ा क्षेत्र में खेल मैदान की उपलब्धता का मुद्दा भी उठाया गया। एनटीपीसी अधिकारियों ने बताया कि परियोजना क्षेत्र में तीन से चार बड़े खेल मैदान पहले से विकसित किए गए हैं तथा हरनोड़ा में भी खेल मैदान उपलब्ध है।

इस पर उपायुक्त राहुल कुमार ने खंड विकास अधिकारी सदर को हरनोड़ा के मौजूदा खेल मैदान का विकास करने तथा आवश्यकता होने पर अन्य उपयुक्त स्थान चिन्हित कर नया खेल मैदान विकसित करने के निर्देश दिए। हरनोड़ा क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मंडलायुक्त ने एनटीपीसी अधिकारियों को क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित 59 हेक्टेयर क्षेत्र में से लगभग 42 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई व्यवस्था का परीक्षण सफलतापूर्वक किया जा चुका है तथा शीघ्र ही इस पूरे क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत: प्रो. सिकंदर



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान' के दूसरे दिन कार्यकर्ताओं में उत्साह और संगठन के प्रति मजबूत संकल्प देखने को मिला। प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र को भाजपा के वरिष्ठ नेता, प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने पार्टी के आगामी रोडमैप, प्रदेश सरकार की कार्यशैली और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

प्रो. सिकंदर कुमार ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल भौगोलिक विस्तार नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ और ग्राम स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने तथा युवाओं, महिलाओं, किसानों और वंचित वर्गों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सरकार पर विकास कार्यों में सुस्ती और चुनावी गारंटियों को पूरा न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों और निर्णयों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को वर्ष 2047 तक साकार करने में भाजपा कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# जिला मुख्यालयों में राम मंदिरों में भजन-कीर्तन करेगी कांग्रेस

अनंत ज्ञान

◆ राम मंदिर में दान व खर्च पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने राम मंदिर के दान पात्र से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं के मुद्दे पर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मामला करोड़ों रुपये के दान से जुड़ा एक गंभीर प्रकरण है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। विनय कुमार ने कहा कि भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा की वास्तविकता अब देश के सामने उजागर हो रही है। उन्होंने कहा कि भगवान के दरबार में देर हो सकती है, लेकिन न्याय अवश्य होता है और यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी हुई है तो दोषियों को इसकी सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले के बाद भाजपा में बेचैनी है और उसके नेता लगातार सफाई देने में जुटे हुए हैं। साथ ही उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए अब तक प्राप्त दान और उस पर हुए खर्च का विस्तृत श्वेत पत्र सार्वजनिक करने की मांग की। विनय कुमार ने घोषणा की कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर 14 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रभु श्रीराम के मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन आयोजित करेगी और लोगों को धर्म के नाम पर कथित लूट के आरोपों से अवगत कराएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और संघ ने लोगों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई है, जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तब तक इस मुद्दे को उठाती रहेगी, जब तक पूरे मामले की सच्चाई सामने नहीं आती, कथित दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती और यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो दान की राशि का पूरा हिसाब सार्वजनिक नहीं किया जाता।

### उपराष्ट्रपति करेंगे अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भारतीय उन्नत अध्ययन संस्थान (आईआईएएस) शिमला में वंदे मातरम् की यात्रा पर स्थायी प्रदर्शनी और 'सरदार पटेल का विजनः अखंडता, एकजुटता और संघवाद' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का वर्चुअल तौर पर उद्घाटन करेंगे और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभा को संबोधित करेंगे। उपराष्ट्रपति मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के शिमला में प्रदर्शनी और संगोष्ठी का उद्घाटन करने वाले थे। हालांकि, मौसम की खराब स्थिति के कारण वे शिमला की यात्रा नहीं कर पाएंगे और इसके बजाय वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाएंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नांडी विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नाड़ी विकास खण्ड गोहर जिला मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2026-27 कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 21-07-2026 अपराह्न 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए 7 निविदाएँ दिनांक 22-05-2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी। **सामग्री का विवरण-**1. रेत खड्ड/नदी-प्रति घन मीटर, 2. रेत क्रशर-प्रति घन मीटर, 3- बजरी खड्ड/नदी 20 एमएम, 40एमएम-प्रति घन मीटर, 4. पत्थर कट स्टोन-प्रति पत्थर, 5. बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर, 6. लकड़ी इमारती-प्रति घन फुट, 7. इंटे-प्रति हजार, 8. टाइलें दिवार तथा फर्श-प्रति पेटी, 9. सरिया 8,10,12,16एमएम इत्यादि- प्रति किलो, 10. शेट्रिंग- प्रति वर्ग फुट, 11. सीमेंट ढलवान चैल-चौक से नांडी- प्रति बैग, 12. मिक्चर-प्रति दिन, 13. जेसीबी मशीन द्वारा कटिंग कार्य- प्रति घंटा, 14. साईन बोर्ड तथा बोर्ड लिखाई का-प्रति बोर्ड/प्रति शब्द/अक्षर, 15. बेल्डर- प्रति किलो, 16. छत की चदरें तथा अन्य हार्ड वेयर का सामान-प्रति किलो, 17.जीआई पाईप 1/2 इंच, पौना इंच, एक इंच, 1.5 इंच 2 इंच, 3 इंच, 4 इंच, 5 इंच तथा 6 इंच इत्यादि-प्रति पाईप, 18. एंगल लोहा 1.5 इंच 2 इंच 4 इंच इत्यादि-प्रति किलो, 19. सीमेंट पाईप 1 फूट 2, फूट 3, फूट इत्यादि-प्रति फूट, 20. बजरी क्रशर 20 एमएम तथा 40 एमएम-प्रति घन मीटर, 21. JCB with जैक हेम्बर- प्रति घंटा, 22. कम्प्रेशर-प्रति दिन, 23. मिक्चर-एक दिन का, 24. प्लास्टिक पाईप 1 इंच, 2 इंच, 3 इंच 4 इंच 5 इंच तथा 6 इंच इत्यादि।- प्रति पाईप। **नियम व शर्तें निम्न प्रकार से होगी:**1. निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय से ही प्राप्त की जाएगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या, GST नंबर होना आवश्यक है। 3. ठेकदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होगें। एम फार्म (M FARM) उपलब्ध हो। 4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहाँ तक गाड़ी जाती है, वहां उपलब्ध करवानी होगी। 5. निविदा दाता को 30,000/- रूपये धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। 6. निविदा दाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता, उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 7. समान दर रहने के स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 8. ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 9. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 10. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 11 निविदाएँ पंचायत पदाधिकारियोंओं के निजी सगे सम्बन्धी न दे।

प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत नांडी विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत लग(कढियार )**
विकास खण्ड वमसन (टौणी देवी), जिला हमीरपुर, (हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वितिय वर्ष 2026-27 (01-08-26 से 31-03-2027 ) के विकास कार्य हेतू निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं रेता क्रेशर, रेत दरिया, धुला रेता, बजरी क्रेशर 10, 20, 40mm, पत्थर (बोल्डर कटपीस) वाल एवं फ्लोर टाइल्स (Per SF), अव्वल दोयम प्रति इन्ट, PVC पाईप, रेलिंग लोहा, सरिया (Per KG प्रोवाइडिंग/ फिक्सिंग) मिक्सर किराए पर प्रति दिन, सीमेंट किराया लोडिंग अनलोडिंग सहित पंजोत लग(कढियार ) से तक प्रति बैग, JCB कार्य खुदाई / कटिंग कच्चा / पक्का (प्रति क्यूबिक मीटर) (लाग बुक बिल के साथ देनी पड़ेगी) सेटरिंग स्टील प्लेट व लकडी ( छत व दिवार) प्रति स्क्वेयर फीट, सेटरिंग लकड़ी डाव (प्रति रनिंग मीटर), पिल्लर डग्गे (प्रति डग्गा), दरवाजे खिड़की आलमारी चौकट व पल्ले (लकड़ी व बोर्ड दर सहित), साईन बोर्ड लिखाई सहित (2.6*3 व 3 * 4), बाल पेंटिंग (प्रति SF) सामग्री ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक ( समस्त बार्डो की ) by head lod/by mule दुरी 100, 200, 300, 500 मीटर व 1 किलोमीटर तक प्लास्टिक लोहे के कूड़ा दान, रिवोलविंग/ प्लास्टिक कुर्सियां, आलमारी स्टील बैंच, सीमेंट बैंच, वाटर कूलर, ड्रिल मशीन से खातरी खुदवाई (Per CUM) आदि निर्माण सामग्री कार्य करने हेतु निविदाएं आंमत्रित की जाती है इच्छुक फर्म का GST No. व अपनी गाड़ी होना अनिवार्य है, (समस्त दस्तावेज साथ सलग्न करे) रेता बजरी पत्थर की अदायगी प्रपत्र X, W व M फार्म विल के साथ देने पर ही होगी अगर पंचायत की ट्राली से रेता बजरी की मांग होगी वह भी पूर्ण करनी होगी सामग्री का मूल्य वर्क साईट तक FOR मान्य होगा पंचायत मांग समय पर पूरा न करने व घटिया सामग्री होने पर निविदा रद्द करने का पूरा अधिकार पंचायत का होगा निविदाएं मोहर वंद लिफ़ाफ़े में दिनांक 22/07/2026 से पहले पंजीकृत डाक द्वारा दी जा सकती हैं। लिफ़ाफ़े के बाहर कुटेशन शब्द लिख दे, ताकि गलती से आपकी कुटेशन खुल न जाए । निविदाएं दिनांक 27/07/2025 को समय 11 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी फर्म उस दिन हाजिर रहे अलग से कोई पत्र नहीं निकाला जाएगा । नियमानुसार TDS काटा जाएगा । निविदा प्रपत्र पंचायत में 1000/- रूपये जमा करने के उपरांत जारी किया जाएगा वही फर्म निविदा दे सकती हैं जिसने निविदा प्रपत्र पंचायत से लिया होगा ।

प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत मसेरन विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मसेरन के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15/07/2026 शाम 5 बजे तक है। इच्छुक फर्म/ व्यक्ति अपनी निविदा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं 23/07/2026 को समिति के समक्ष खोली जाएंगी।

| क्र0 सं0 | सामग्री | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | रेत क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 2 | रेत प्लाट | प्रति घन मीटर |
| 3 | पक्की ईंट (ABC ग्रेड) – | 1000 Nos. |
| 4 | बजरी क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 5 | पत्थर (Cut Stone) | प्रति घन मीटर |
| 6 | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 7 | J.C.B. मशीन द्वारा कटान | प्रति घंटा/प्रति घन मीटर |
| 8 | शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) | प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर |
| 9 | सामग्री दुलाई | |
| 10 | सीमेंट प्रति कि.मी. | |
| 11 | Sign Board (Standard Size per Board) | |
| 12 | Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) with & without fitting | |
| 13 | Segregation Shed | |
| 14 | Cement/Concrete Bench | |
| 15 | Steel Benches | |
| 16 | Painting & Writing of Sign Board | |
| 17 | Mixture Machine | |
| 18 | Dustbins (विभिन्न क्षमता) | |

निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है।2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को 20,000/- सुरक्षा राशि तथा 1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत मसेरन
विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)

## शिक्षा | राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने एचएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को दी सीख, बोले-

# जनता का विश्वास जीतने वाला ही सच्चा अफसर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि प्रशासनिक अधिकारी केवल सरकारी कर्मचारी नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का सबसे मजबूत सेतु होते हैं। प्रत्येक अधिकारी का दायित्व है कि वह ईमानदारी, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ समयबद्ध ढंग से पहुंचाए। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में युवा प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने अधिकारियों से संविधान, कानून के शासन और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निष्पक्ष निर्णय लेने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने प्राकृतिक खेती, ई-गवर्नेंस, डिजिटल तकनीक और नवाचार को प्रशासन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर भी बल दिया। लोक भवन, शिमला में गुरुवार को वर्ष-2025 बैच के हिमाचल प्रशासनिक सेवा एवं संबद्ध सेवाओं के 27 प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। सभी अधिकारी डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) में आयोजित छह सप्ताह के फाउंडेशन कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशिक्षण अवधि उनके प्रशासनिक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता को विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य में दूरस्थ क्षेत्रों तक सरकारी सेवाएं पहुंचाना, प्राकृतिक आपदाओं का प्रभावी प्रबंधन करना तथा नागरिकों को बेहतर प्रशासन उपलब्ध कराना अधिकारियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से आम लोगों के लिए हमेशा सुलभ रहने, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनने को कहा।



एचएएस एवं संबद्ध सेवाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ राज्यपाल कविंद्र गुप्ता।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चौक ब्राडता विकास खंड गोपालपुर, जिला : मंडी (हिमाचल प्रदेश)**

विषयः ग्राम पंचायत चौक ब्राडता में स्वीकृत विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री (सीमेंट और सरिया छोड़कर), JCB मशीनरी, शटरिंग / सेंटरिंग (Centering) सेवाओं, कटकटाई / सीमेंट दुलाई ( Manual / Mechanical Carriage), ईंट आपूर्ति तथा कार्यों के सूचना पट ( Information Boards) के क्रय व हायरिंग हेतु प्रतिष्ठित फर्मों/ ठेकेदारों / आपूर्तिकर्ताओं से कुटेशन (Quotation ) आमंत्रित करने बारे प्रस्ताव ।

ग्राम पंचायत चौक ब्राडता क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यों (जैसे- रास्तों, डंगों, नालियों, पुलियों और अन्य सामुदायिक संपत्तियों के निर्माण व मरम्मत) को समयबद्ध और तकनीकी मापदंडों के अनुसार पूरा किया जाना है।

इन कार्यों की खुदाई, आवश्यक सामग्री की आपूर्ति, सुचारू दुलाई और सरकारी नियमों के अनुसार पारदर्शिता के लिए सूचना पट स्थापित करना अनिवार्य है। अतः वित्तीय पारदर्शिता और उचित दरों (Competitive Rates ) को सुनिश्चित करने के लिए, निम्नलिखित सामग्रियों और सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित डीलरों, फर्मों, मशीन मालिकों और स्थानीय ठेकेदारों / आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद कुटेशन आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है।

सामग्री एवं सेवाओं की विस्तृत सूची (Detailed Material & Services List) :
(नोटः सीमेंट और सरिया का क्रय इस कुटेशन में शामिल नहीं है)

• JCB कार्य (मशीनरी हायरिंग ): विकास कार्यों के लिए खुदाई (Excavation), मलबे की सफाई, और समतलीकरण (Leveling) हेतु प्रति घंटा (Per Hour) की दरें । • सेंटरिंग / शटरिंग ( Centering & Shuttering): कंक्रीट कार्यों (जैसे पुलिया, नाली, डंगे के बीम आदि) के लिए आवश्यक लोहे/लकड़ी की शटरिंग सामग्री और लेबर सहित प्रति वर्ग फुट (Per Sq. Ft.) की दरें । • सीमेंट दुलाई (Carriage ) : मुख्य सड़क या डंपिंग पॉइंट से पंचायत के विभिन्न वार्डों में दुर्गम / भीतरी कार्यस्थलों तक सीमेंट के कट्टों की मैन्युअल (Manual Head Load) या छोटे वाहनों द्वारा प्रति कट्टा (Per Bag) दुलाई की दरें ।
• कार्यों के सूचना पट (Information / Sign Boards ) : मनरेगा (MGNREGA) व अन्य विभागीय दिशानिर्देशों के अनुसार कार्यस्थल पर लगाए जाने वाले लोहे / G. I. शीट के बने पेंटेड सूचना पट (नाम, बजट, तकनीकी विवरण सहित) प्रति नग (Per Board / Sq. Ft.) की दरें । • अन्य निर्माण सामग्रीः • ईंट (Bricks - प्रथम श्रेणी / बढ़िया गुणवत्ता वाली) प्रति हजार की दरें • बजरी (Grit / Crushed Stone 10mm, 20mm) • रेत (धुली हुई बढ़िया क्वालिटी की रेत ) • डंगे के पत्थर / मलबे (Stone Blocks) • हार्डवेयर सामग्री (कीले, बाइंडिंग वायर, पीवीसी ड्रेनेज पाइप आदि) कुटेशन हेतु नियम एवं शर्तें (Terms & Conditions ) : • प्रस्तुतीकरणः इच्छुक वेंडर / ठेकेदार अपनी दरें पूरी तरह से सीलबंद लिफाफे में जमा करेंगे, जिसके ऊपर 'विकास कार्यों हेतु सामग्री (सीमेंट- सरिया छोड़कर), मशीनरी व सेवाओं के लिए कुटेशन ग्राम पंचायत चौक ब्राडता ' साफ अक्षरों में अंकित होना चाहिए।
• कुटेशन शुल्क (Quotation Fee): प्रत्येक आवेदक को कुटेशन फॉर्म/दस्तावेज के साथ 500/- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र ) कुटेशन फीस के रूप में जमा करवाने होंगे, जो कि नॉन-रिफंडेबल (Non-Refundable) होगी (यह राशि किसी भी स्थिति में वापस नहीं की जाएगी) । • धरोहर राशि (Security Deposit): जिस भी फर्म / आपूर्तिकर्ता / ठेकेदार का कुटेशन स्वीकृत (पास) होगा, उसे कार्य / आपूर्ति आदेश जारी होने से पूर्व ग्राम पंचायत के पास 20,000/- रुपए ( बीस हजार रुपए मात्र ) धरोहर राशि (Security Money) के रूप में जमा करवाने होंगे। सफल आपूर्ति/कार्य संपादन के बाद ही यह राशि नियमानुसार वापस की जाएगी। • आवश्यक दस्तावेजः फर्म / आपूर्तिकर्ता /ठेकेदार के पास वैध GST नंबर, पैन कार्ड (PAN Card) और मशीनरी / कार्य से संबंधित वैध दस्तावेज (यदि लागू हो) होना अनिवार्य है। • दरें (Rates ) : कुटेशन में दर्शाई गई दरें सभी करों सहित और ग्राम पंचायत चौक ब्राडता के निर्दिष्ट कार्यस्थलों तक परिवहन व लेबर चार्ज (Loading/Unloading) सहित स्पष्ट होनी चाहिए।
• अंतिम तिथिः सीलबंद कुटेशन दिनांक 24/07/2026 को दोपहर 1:00 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार किए जाएंगे।
• कुटेशन खोलना : प्राप्त कुटेशन दिनांक 25/07/2026 को प्रधान श्री अमका राम जी की अध्यक्षता में, पंचायत कार्यकारिणी और वार्ड सदस्यों की उपस्थिति में खोले जाएंगे। न्यूनतम और उचित दरों (L1) वाले योग्य आवेदनकर्ता को कार्य आदेश जारी किया जाएगा। अधिकारः ग्राम पंचायत बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी कुटेशन को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखती है।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत चौक ब्राडता
विकास खंड गोपालपुर, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)